# दैनिक समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 228 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 28 मई 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया





किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853


## बाउंड्री छोटी थी क्या... ?

### वैभव सूर्यवंशी ने SRH के खिलाफ मचाई तबाही, 29 गेंदों पर 97 रन ठोककर बनाया तूफान

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में



राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से क्रिकेट जगत को हैरान कर दिया है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एलिमिनेटर जैसे अहम मुकाबले में उन्होंने मात्र 29 गेंदों पर 97 रनों की तूफानी पारी खेलकर मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया।

**शुरूआत से ही आक्रामक अंदाज**

मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान रॉयल्स को जिस तेज शुरूआत की जरूरत थी, वह वैभव ने पूरी कर दी। उन्होंने मैदान के हर कोने में शॉट लगाए और गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। उनकी पारी में छक्कों और चौकों की बारिश देखने को मिली।

**मात्र 16 गेंदों में अर्धशतक पूरा करते हुए उन्होंने मैच में पहले ही सनराइजर्स हैदराबाद की गेंदबाजी आक्रमण को दबाव में ला दिया।**

**इतिहास रचने से चूक गए**

वैभव सूर्यवंशी ने जिस अंदाज में बल्लेबाजी की, उससे लग रहा था कि वे क्रिकेट इतिहास के सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड भी तोड़ सकते हैं। लेकिन 97 रन पर आउट होने के कारण वे महज कुछ रन से इस उपलब्धि से चूक गए।

**पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल के नाम 30 गेंदों में शतक का विश्व रिकॉर्ड दर्ज है।**

**आउट होने के बाद क्या कहा?**

पारी के बाद बातचीत में वैभव ने अपने शॉट चयन को लेकर कहा कि अगर गेंदबाज को देखकर और सही टाइमिंग से शॉट नहीं खेला जाता तो और अधिक रन बनाए जा सकते थे। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि छोटी बाउंड्री ने भी उनके आक्रामक खेल को और आसान बना दिया।

**क्रिकेट जगत में चर्चा**

वैभव की इस पारी ने उन्हें टूनामेंट का नया 'पोस्टर बॉय' बना दिया है। उनकी बल्लेबाजी को लेकर सोशल मीडिया पर जमकर चर्चा हो रही है और क्रिकेट विशेषज्ञ इसे भविष्य के बड़े सितारे के रूप में देख रहे हैं।

इस मैच ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वैभव सूर्यवंशी आने वाले समय में भारतीय क्रिकेट के सबसे बड़े नामों में शामिल हो सकते हैं। उनकी यह पारी लंबे समय तक याद रखी जाएगी।

# दिल्ली मौसम ब्रेकिंग: 96 घंटों में बदलेगा पारा, लू से मिलेगी राहत! IMD ने दी बड़ी अपडेट

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली और एनसीआर में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच राहत की बड़ी खबर सामने आई है। मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि अगले 96 घंटों के भीतर मौसम का मिजाज तेजी से बदलेगा और तापमान में बड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है।

गुरुवार को दिल्ली में गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। रिज इलाके में अधिकतम तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि शहर के अधिकांश हिस्सों में तापमान 44 से 46 डिग्री के बीच दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3 से 5 डिग्री अधिक है। तेज धूप और गर्म हवाओं ने जनजीवन को




बुरी तरह प्रभावित किया है।

दिन ही नहीं, रातें भी तपिश से राहत नहीं दे पा रही हैं। सफदरजंग, पालम और रिज क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 26 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। वहीं पिछले 24 घंटों में बारिश न होने से उमस और गर्म हवा ने हालात और कठिन बना दिए हैं।

**सावधानी जरूरी**

हालांकि राहत की खबर है, लेकिन तब तक प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचें, सिर ढककर रखें और पर्याप्त पानी पीते रहें ताकि लू से बचाव हो सके।

नतीजाः अगले कुछ दिन दिल्लीवालों के लिए बेहद अहम रहने वाले हैं–एक तरफ भीषण गर्मी, तो दूसरी तरफ जल्द मिलने वाली बारिश की राहत।

## कब मिलेगी राहत?

(IMD) के ताजा पूवार्नुमान के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा–

28 मईः तापमान में हल्की गिरावट, पारा करीब 40°C तक रह सकता है

29 मईः आंधी-तूफान और बारिश की संभावना, तापमान 34°C तक गिरने का अनुमान

30 मईः बादल छाए रहेंगे, हल्की बारिश से मौसम सुहाना

31 मईः अधिकतम तापमान करीब 33°C तक पहुंचकर राहत देगा

## हीटवेव से मिलेगी बड़ी राहत

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, 29 मई के बाद से दिल्ली में चल रही हीटवेव का असर लगभग खत्म हो जाएगा और तापमान में 10-11 डिग्री तक की गिरावट संभव है।

# ईडी को मिली बड़ी ताकतः मैनपावर बढ़ाकर सरकार ने जांच एजेंसी को किया और मजबूत

नई दिल्ली। देश की प्रमुख आर्थिक जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। सरकार ने एजेंसी में व्यापक स्तर पर कैडर पुनर्गठन को मंजूरी देते हुए इसके मैनपावर को लगभग तीन गुना तक बढ़ा दिया है। इस कदम से ईडी की जांच क्षमता और कार्रवाई की गति और अधिक तेज होने की उम्मीद जताई जा रही है।

सरकारी सूत्रों के अनुसार यह निर्णय बढ़ते आर्थिक अपराधों, मनी लॉन्ड्रिंग और डिजिटल वित्तीय लेनदेन से जुड़े मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए लिया गया है।

## प्रमुख पदों में भारी बढ़ोतरी

नई व्यवस्था के तहत ईडी में कई महत्वपूर्ण पदों पर बड़ी संख्या में वृद्धि की गई है–

अतिरिक्त निदेशकः 10 से बढ़ाकर 24

संयुक्त निदेशकः 28 से बढ़ाकर 49

उप निदेशकः 148 से बढ़ाकर 267

सहायक निदेशकः 255 से बढ़ाकर 531

प्रवर्तन अधिकारीः 355 से बढ़ाकर 606

सहायक प्रवर्तन अधिकारीः 425 से बढ़ाकर 803

इसके अलावा ईडी की विधिक, प्रणाली, सुरक्षा, निर्णय-प्रक्रिया और सहायक स्टाफ संरचना में भी नए पद सृजित किए गए हैं।

**जांच क्षमता होगी और मजबूत**

नए ढांचे के तहत अब ईडी की "ग्राउंड फोर्स" यानी जांच करने वाले अधिकारियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। ये अधिकारी मनी लॉन्ड्रिंग, वित्तीय अनियमितताओं की जांच, छापेमारी और पूछताछ जैसी कार्रवाइयों को अंजाम देते हैं।

सरकार का मानना है कि इस विस्तार से लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी आएगी और जांच प्रणाली अधिक प्रभावी बनेगी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बड़ा निर्णयः सार्वजनिक वितरण प्रणाली होगी और अधिक आधुनिक, 81 करोड़ नागरिकों को मिलेगा लाभ

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को अधिक आधुनिक, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि देश के प्रत्येक पात्र और जरूरतमंद व्यक्ति तक समय पर खाद्यान्न पहुँचे।

प्रधानमंत्री ने सामाजिक मंच 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि "सार्थक-पीडीएस" को और अधिक उन्नत रूप में जारी रखने का निर्णय लिया गया है, जिससे खाद्यान्न वितरण व्यवस्था, परिवहन प्रणाली तथा शिकायत निवारण प्रक्रिया अधिक सुदृढ़ और पारदर्शी बनेगी।

**पाँच वर्षों तक जारी रहेगी 'सार्थक-पीडीएस' योजना**

केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने 'सार्थक-पीडीएस' योजना को आगामी पाँच वर्षों तक जारी रखने की स्वीकृति प्रदान की है। इस योजना पर लगभग 25,530 करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित है।

यह योजना दो प्रमुख योजनाओं के समन्वय से तैयार की गई है–



राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत राज्य परिवहन सहायता एवं उचित मूल्य दुकान विक्रेताओं का पारिश्रमिक

**स्मार्ट पीडीएस योजना**

इन दोनों को एकीकृत कर अब 'सार्थक-पीडीएस' के रूप में लागू किया जाएगा।

**तकनीक आधारित होगा वितरण तंत्र**

सरकार का उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पूर्णतः तकनीक-सक्षम बनाना है। इसके अंतर्गत–

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)

मशीन शिक्षण (एमएल)

प्राकृतिक भाषा संसाधन (एनएलपी)

ब्लॉकचेन तकनीक

का उपयोग किया जाएगा। इससे व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ेगी, वास्तविक समय में निगरानी संभव होगी तथा शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा सकेगा।

**81.35 करोड़ नागरिकों को मिलेगा लाभ**

सरकारी जानकारी के अनुसार यह योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत आने वाले लगभग 81.35 करोड़ नागरिकों तक खाद्यान्न पहुँचाने की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी।

**डिजिटल सुधारों की दिशा में निरंतर प्रगति**

पिछले एक दशक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को डिजिटल बनाने के लिए अनेक सुधार किए गए हैं, जिनमें–

संपूर्ण कंप्यूटरीकरण

आधार से जोड़ना

ई-पीओएस मशीनों का उपयोग


"मेरा राशन" एवं "अन्न मित्र" जैसे डिजिटल माध्यम शामिल हैं।

वर्ष 2023 से लागू "सार्थक-पीडीएस" इस सुधार यात्रा का एक महत्वपूर्ण चरण है।

'सार्थक-पीडीएस' योजना के माध्यम से सरकार का उद्देश्य देश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और तकनीक-आधारित बनाना है, जिससे अंतिम व्यक्ति तक खाद्यान्न की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।









# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ईद-उल-अजहा की पूर्व संध्या पर देशवासियों को दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ईद-उल-अजहा की पूर्व संध्या पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने देश और विदेश में रहने वाले सभी भारतीयों, विशेषकर मुस्लिम समुदाय के लोगों को इस पावन अवसर पर बधाई और मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।

**त्याग और समर्पण का पर्व**

अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि ईद-उल-अजहा त्याग, समर्पण और बलिदान का प्रतीक पर्व है। यह त्योहार मानवता की सेवा और विशेषकर वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों की सहायता करने की प्रेरणा देता है।

**समाज में भाईचारे का संदेश**

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर सभी नागरिकों से अपील की कि वे समाज में प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव को और अधिक मजबूत करें। उन्होंने कहा कि ऐसे पर्व देश की सांस्कृतिक विविधता और एकता को सुदृढ़ करते हैं। ईद-उल-अजहा के अवसर पर



राष्ट्रपति का यह संदेश देश में सामाजिक समरसता, करुणा और एकता को बढ़ावा देने की भावना को और मजबूत करता है।






## दिल्ली में बड़ी सुरक्षा कार्रवाईः प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन KCP का शीर्ष कमांडर गिरफ्तार

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में सुरक्षा एजेंसियों ने एक बड़ी और अहम कार्रवाई करते हुए मणिपुर के प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन KCP (कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी) के एक शीर्ष कमांडर को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी एक गुप्त सूचना के आधार पर किए गए संयुक्त ऑपरेशन के दौरान हुई, जिसे सुरक्षा एजेंसियां लंबे समय से ट्रैक कर रही थीं। सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी पर शक है कि वह दिल्ली में किसी गुप्त बैठक की तैयारी में था, जिसका उद्देश्य देश के विभिन्न हिस्सों में संभावित बड़े हमलों की साजिश को आगे बढ़ाना था। उसकी गतिविधियों को लेकर खुफिया एजेंसियां पहले से सतर्क थीं।

# सीबीएसई का डिजिटल प्रयोग बना छात्रों की सबसे बड़ी परीक्षा

जब सुधार के नाम पर व्यवस्था ही संकट बन जाए, तब शिक्षा तंत्र पर सवाल उठना स्वाभाविक है। सीबीएसई ने 2026 में कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली लागू की, जिसे पारदर्शिता और गति की दिशा में बड़ा कदम माना गया। उद्देश्य था निष्पक्ष और त्रुटिरहित मूल्यांकन, लेकिन वास्तविकता ने लाखों छात्रों का भरोसा तोड़ दिया। धुंधली स्कैनिंग, गलत उत्तर पुस्तिकाओं का अपलोड, कई उत्तरों का बिना जाँच छूटना और पोर्टल की तकनीकी विफलताओं ने वर्षों की मेहनत पर संकट खड़ा कर दिया। नतीजतन पास प्रतिशत गिरकर 85.2% पर आ गया, जो सात वर्षों का सबसे निचला स्तर रहा। कई मेधावी छात्र अचानक कम अंकों से स्तब्ध रह गए। यह केवल तकनीकी गड़बड़ी नहीं, बल्कि सपनों पर पड़ा गहरा आघात बन गया।

जहाँ शिक्षा सपनों को उड़ान देती है, वहीं डिजिटल अव्यवस्था ने हजारों छात्रों के भविष्य पर विराम लगा दिया। जेईई मेन पास करने वाले कई मेधावी छात्र ओएसएम की खामियों के कारण क्लास 12 में अपेक्षित अंक नहीं ला सके। कई मेधावी छात्र अपेक्षित अंकों (विशेषकर 75% कट-ऑफ) से पीछे रह गए, जिससे एनआईटी/ आईआईटी आदि में प्रवेश प्रभावित हुआ। फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स और इंग्लिश में अप्रत्याशित कम अंकों ने वर्षों की मेहनत पर पानी फेर दिया। कोचिंग का खर्च, जागी रातें और सुनहरे सपने एक तकनीकी गड़बड़ी के आगे बिखरते दिखे। यह केवल रिजल्ट की भूल नहीं, बल्कि युवाओं के करियर और आत्मविश्वास पर गहरा आघात है।

जब एक गलती मार्कशीट से निकलकर मन तक पहुँच जाए, तब उसका असर सबसे भयावह हो जाता है। पूरी मेहनत और समर्पण से तैयारी करने वाले हजारों छात्र अचानक चिंता, निराशा और मानसिक दबाव में घिर गए। सोशल मीडिया पर उठते ह्लहमारी मेहनत क्यों बर्बाद?ह्व जैसे सवाल व्यवस्था की संवेदनहीनता उजागर करने लगे। कई विद्यार्थियों की नींद छिन गई, परिवार तनाव में डूब गए और कॉलेज एडमिशन की डेडलाइन ने युवाओं को टूटन के कगार पर पहुँचा दिया। शिक्षा का उद्देश्य आत्मविश्वास जगाना है, न कि युवाओं को असुरक्षा में धकेलना। लेकिन सीबीएसई की लापरवाही ने हजारों घरों की शांति और भरोसा दोनों हिला दिए। डिजिटल गलती का यह प्रभाव अब केवल स्क्रीन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि घर-घर की बेचैनी बन गया।

जब जांच की प्रक्रिया ही भरोसे के संकट में घिर जाए, तब सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि पूरा परिणाम दोबारा मैनुअल तरीके से क्यों न तैयार कराया जाए। जिन स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाओं को छात्र स्वयं स्पष्ट रूप से नहीं पढ़ पा रहे, उसी डिजिटल प्रारूप में निष्पक्ष री-इवैल्यूएशन कैसे संभव माना जाए? यही कारण है कि मैनुअल री-चेकिंग की मांग अब सबसे न्यायपूर्ण विकल्प बनकर उभरी है। शिक्षक जब वास्तविक कॉपी देखकर जाँच करते हैं, तब वे लिखावट, उत्तर की संरचना और सोच की क्रमबद्धता को बेहतर समझ पाते हैं। इसके विपरीत ओएसएम में धुंधली इमेज, सीमित दृश्यता और स्क्रीन थकान के कारण कई सही उत्तर भी अनदेखे रह गए। यही कारण है कि प्रभावित छात्रों के लिए मैनुअल री-चेकिंग या पूर्ण समीक्षा की मांग अब सबसे न्यायपूर्ण विकल्प बनकर उभरी है।

डिजिटल व्यवस्था की चमक उस समय बिखर गई, जब पोर्टल की खामियां छात्रों के लिए नई परेशानी बन गईं। उत्तर पुस्तिका प्राप्त करने और री-इवैल्यूएशन के लिए छात्रों को घंटों पोर्टल पर जूझना पड़ा, लेकिन बार-बार तकनीकी गड़बड़ियों ने पूरी प्रक्रिया को अव्यवस्थित बना दिया। पेमेंट फेल होने के बावजूद राशि कट जाना, कैप्चा गायब होना और आवेदन ह्यपेंडिंगह्ण रहना जैसी समस्याओं ने तनाव कई गुना बढ़ा दिया। कई छात्रों को आर्थिक नुकसान झेलने के बाद भी प्रक्रिया अधूरी और अनिश्चित बनी रही। सीबीएसई द्वारा फीस कम करना और डेडलाइन बढ़ाना राहत जरूर है, पर यह केवल अस्थायी उपाय है। असली संकट कमजोर डिजिटल ढांचे का है। तकनीक तभी वरदान बनती है, जब उसकी नींव मजबूत, सुरक्षित और भरोसेमंद हो; अन्यथा वही सुविधा शिक्षा पर अतिरिक्त बोझ बन जाती है।

एक तकनीकी गलती छात्रों की प्रतिभा तय नहीं कर सकती, लेकिन उसने सीबीएसई की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ओएसएम की खामियों ने साफ कर दिया कि चूक प्रणाली की है, छात्रों की मेहनत की नहीं। जेईई मेन जैसी कठिन परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों की योग्यता किसी पोर्टल त्रुटि से कम नहीं हो जाती। ऐसे समय में छात्रों को अपना आत्मविश्वास और तैयारी बनाए रखनी चाहिए। नए कौशल और वैकल्पिक अवसर आगे की राह मजबूत करेंगे। सफलता केवल अंकों से नहीं, बल्कि संघर्ष और धैर्य से तय होती है। यह संकट छात्रों का नहीं, बल्कि सीबीएसई की डिजिटल व्यवस्था की विफलता का प्रतीक बन गया है।

अब जिम्मेदारी सीबीएसई और नीति-निमार्ताओं की है। शिक्षा व्यवस्था में भरोसा लौटाना है, तो केवल सफाई नहीं, ठोस सुधार जरूरी हैं। आई-आई-टी जैसे संस्थानों की मदद से ओएसएम प्रणाली को मजबूत बनाया जा सकता है। प्रभावित छात्रों के लिए मैनुअल री-चेकिंग तुरंत शुरू होनी चाहिए। जब डिजिटल मूल्यांकन पर इतने सवाल उठ चुके हैं, तो पूरा परिणाम दोबारा मैनुअल तरीके से क्यों न तैयार कराया जाए। शिक्षा मंत्री ने रिपोर्ट मांगी है, लेकिन अब जरूरत निर्णायक कार्रवाई की है। छात्रों की आवाज आज शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता की सबसे बड़ी परीक्षा बन चुकी है।

जब एक तकनीकी व्यवस्था लाखों सपनों को संदेह में डाल दे, तब यह केवल रिजल्ट की गड़बड़ी नहीं रह जाती, बल्कि पूरी डिजिटल शिक्षा प्रणाली पर सवाल बन जाती है। जब लाखों छात्र एक साथ प्रभावित हों, तब चुप्पी समाधान नहीं बन सकती। यदि सीबीएसई छात्र हित को केंद्र में रखकर मैनुअल री-चेकिंग और तकनीकी सुधार लागू करे, तो खोया भरोसा लौट सकता है। अब बोर्ड को स्वनिर्णय लेते हुए पूरे परिणाम की निष्पक्ष मैनुअल समीक्षा करानी चाहिए। छात्रों को भी अपनी मेहनत और संघर्ष पर विश्वास बनाए रखना होगा। यह कठिन दौर बीत जाएगा, प्रणाली सुधरेगी, लेकिन युवाओं की लगन ही देश का असली भविष्य तय करेगी।

**प्रो. आरके जैन अरिजीत**

# वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के दौर में, भारत क्यों बना हुआ है मजबूत?



**महेन्द्र तिवारी**

दुनिया इस समय आर्थिक अनिश्चितता के ऐसे दौर से गुजर रही है जिसमें युद्ध, ऊर्जा संकट, महंगाई, व्यापारिक अस्थिरता और राजनीतिक तनाव एक साथ वैश्विक व्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को चिंता में डाल दिया है। तेल और गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। समुद्री व्यापार मार्गों पर संकट गहराता जा रहा है। उत्पादन लागत बढ़ रही है और इसका प्रभाव गरीब तथा विकासशील देशों पर सबसे अधिक दिखाई दे रहा है। ऐसे समय में विश्व बैंक ने चेतावनी दी है कि यदि यह संकट लंबा चला तो वैश्विक विकास दर में भारी गिरावट आ सकती है। इसके बावजूद भारत को दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल माना जा रहा है।

विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट के अनुसार 2026 में ऊर्जा कीमतों में लगभग 24 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। यह वृद्धि केवल सामान्य बाजार कारणों से नहीं बल्कि युद्ध और आपूर्ति संकट से जुड़ी हुई है। होर्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया के समुद्री कच्चे तेल व्यापार का लगभग 35 प्रतिशत गुजरता है। इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने से तेल आपूर्ति प्रभावित हुई है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें तेजी से ऊपर गई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि संघर्ष और लंबा खिंचता है तो ब्रेंट तेल की औसत कीमत 115 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती है।

ऊर्जा संकट का असर केवल पेट्रोल और डीजल तक सीमित नहीं रहता। इससे परिवहन महंगा होता है, उद्योगों की लागत बढ़ती है और खाद्य पदार्थों की कीमतें भी ऊपर चली जाती हैं। विश्व बैंक के अनुसार उर्वरकों की कीमतों में 31 प्रतिशत तक वृद्धि हो सकती है। यूरिया की कीमतों में लगभग 60 प्रतिशत उछाल का अनुमान व्यक्त किया गया है। इससे कृषि उत्पादन प्रभावित होगा और दुनिया में खाद्य संकट गहरा सकता है। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने चेतावनी दी है कि यदि हालात नहीं सुधरे तो लगभग 45 मिलियन अतिरिक्त लोग खाद्य असुरक्षा की स्थिति में पहुंच सकते हैं।

यूरोप की स्थिति भी चिंता पैदा कर रही है। यूरोपीय आयोग ने अनुमान लगाया है कि 2026 में यूरो क्षेत्र की विकास दर घटकर लगभग 0.9 प्रतिशत रह सकती है। बढ़ती महंगाई के कारण ब्याज दरों में वृद्धि की संभावना है। इससे उद्योगों में निवेश कम होगा और उपभोक्ता खर्च भी प्रभावित होगा। यूरोप पहले ही ऊर्जा आयात पर काफी निर्भर रहा है और पश्चिम एशिया संकट ने उसकी कठिनाइयों को और बढ़ा दिया है।

अफ्रीका के कई देशों में भी हालात चुनौतीपूर्ण होते जा रहे हैं। अफ्रीकी विकास बैंक ने कहा है कि ईंधन और खाद्य कीमतों में वृद्धि के कारण 2026 में अफ्रीका की आर्थिक वृद्धि धीमी पड़ सकती है। कई गरीब देशों पर पहले से भारी कर्ज है और अब बढ़ती महंगाई ने उनकी वित्तीय स्थिति को और कमजोर कर दिया है।

इन वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की स्थिति अपेक्षाकृत मजबूत मानी जा रही है। विश्व बैंक ने भारत की विकास दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। यह दर दुनिया की अधिकांश बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से कहीं अधिक है। भारत की मजबूती का सबसे बड़ा कारण उसकी घरेलू मांग है। देश की बड़ी आबादी, बढ़ता मध्यम वर्ग और सेवा क्षेत्र की तेजी भारतीय अर्थव्यवस्था को सहारा दे रहे हैं।

भारत में पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल भुगतान, आधारभूत संरचना और विनिर्माण क्षेत्र में तेज निवेश हुआ है। सरकार ने सड़क, रेल, बंदरगाह और हवाई अड्डों के विकास पर बड़े स्तर पर खर्च किया है। इससे रोजगार के अवसर बढ़े हैं और आर्थिक गतिविधियों को गति मिली है। दूसरी ओर सेवा क्षेत्र, विशेषकर सूचना प्रौद्योगिकी और वित्तीय सेवाएं, विदेशी मुद्रा कमाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

हालांकि भारत पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। यदि तेल की कीमतें लगातार ऊंची बनी रहती हैं तो इसका सीधा असर भारत के आयात बिल पर पड़ेगा। इससे व्यापार घाटा बढ़ सकता है और रुपये पर दबाव आ सकता है। महंगाई बढ़ने पर आम जनता की क्रय शक्ति प्रभावित होगी। परिवहन महंगा होने से खाद्य पदार्थों और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ेंगी।

भारतीय रिजर्व बैंक के सामने भी कठिन चुनौती होगी। यदि महंगाई बढ़ती है तो ब्याज दरें ऊंची रखनी पड़ सकती हैं। इससे उद्योगों को महंगा कर्ज मिलेगा और निवेश की गति धीमी हो सकती है। दूसरी ओर यदि ब्याज दरें कम रखी जाती हैं तो महंगाई नियंत्रण से बाहर जा सकती है। इसलिए संतुलन बनाए रखना आसान नहीं होगा।

विश्व बैंक ने यह भी कहा है कि दक्षिण एशिया की विकास दर 2026 में घटकर लगभग 6.3 प्रतिशत रह सकती है। इसका कारण यह है कि दक्षिण एशियाई देश ऊर्जा आयात पर बहुत अधिक निर्भर हैं। तेल की कीमतें बढ़ने से इन देशों की आर्थिक स्थिति प्रभावित होगी।

भारत ने इस चुनौती से निपटने के लिए ऊर्जा स्रोतों में विविधता बढ़ाने की दिशा में काम तेज किया है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन परियोजनाओं पर तेजी से निवेश हो रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में आयातित तेल पर निर्भरता कम की जाए। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की नीति भी इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

वैश्विक व्यापार पर भी इस संकट का प्रभाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है। समुद्री मार्गों में व्यवधान के कारण माल ढुलाई महंगी हो गई है। बीमा लागत बढ़ गई है। इससे अंतरराष्ट्रीय व्यापार की रफ्तार धीमी पड़ रही है। कई कंपनियां अब अपने उत्पादन केंद्रों को एक ही क्षेत्र में रखने के बजाय अलग अलग देशों में बांटने की रणनीति अपना रही हैं। भारत इस स्थिति का लाभ उठा सकता है क्योंकि अनेक विदेशी कंपनियां चीन के विकल्प के रूप में भारत की ओर देख रही हैं।

दुनिया के कई देशों में शेयर बाजारों में अस्थिरता बढ़ गई है। निवेशक सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर बढ़ रहे हैं। सोने की कीमतों में वृद्धि इसका संकेत है। अनिश्चितता के दौर में पूंजी बाजारों में उतार चढ़ाव बढ़ना सामान्य माना जाता है। लेकिन लगातार अस्थिरता निवेश और रोजगार दोनों को प्रभावित करती है।

विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष दोनों ने चेतावनी दी है कि यदि पश्चिम एशिया संकट लंबा चला तो वैश्विक विकास दर में भारी गिरावट आ सकती है। इसका असर केवल तेल आयातक देशों पर ही नहीं बल्कि निर्यातक देशों पर भी पड़ेगा। उत्पादन कम होगा, उपभोग घटेगा और वैश्विक मांग कमजोर पड़ जाएगी।

इन परिस्थितियों में भारत के सामने अवसर और चुनौती दोनों मौजूद हैं। एक ओर दुनिया भारत को स्थिर और भरोसेमंद अर्थव्यवस्था के रूप में देख रही है, दूसरी ओर ऊर्जा आयात पर निर्भरता और महंगाई का दबाव चिंता का विषय है। यदि भारत घरेलू उत्पादन बढ़ाने, ऊर्जा आत्मनिर्भरता मजबूत करने और निर्यात क्षमता सुधारने में सफल होता है तो वह इस संकट के बीच भी मजबूत स्थिति बनाए रख सकता है।

यह समय केवल आर्थिक आंकड़ों का नहीं बल्कि नीतिगत दूरदर्शिता का भी है। दुनिया जिस अस्थिरता से गुजर रही है उसमें वे देश आगे निकलेंगे जो ऊर्जा, तकनीक, उत्पादन और मानव संसाधन के क्षेत्र में दीर्घकालिक रणनीति अपनाएंगे। भारत के पास जनसंख्या, बाजार और तकनीकी क्षमता जैसी बड़ी ताकतें हैं। यदि इनका सही उपयोग किया गया तो वैश्विक संकट के बीच भी भारत आर्थिक स्थिरता और विकास का नया उदाहरण बन सकता है।

# बौद्धिक, आर्थिक प्रगति को छिन्न-भिन्न करती रूढ़िवादिता और अंधविश्वास।

धार्मिक रूढ़िवादिता,कट्टरपंथी धर्मांधता हमारी प्रगति के बड़े बाधको में से एक है। यह हमारी राहों के कंटक और रोड़े साबित हुए हैं। उनसे हमें हर हाल में छुटकारा पाना होगा। बुनियादी शिक्षा के प्रचार प्रसार से इसके अवरोधों को जनमानस के माध्यम से दूर किया जाना चाहिए ।जो विषय वस्तु आजाद विचारों मान्यताओं को बर्दाश्त नहीं करती उन्हें समाप्त हो जाना चाहिए, ऐसी अन्य और मानवीय कमजोरियां हैं, जिन पर हमें विजय प्राप्त करनी है। इस कार्य के लिए सभी समुदायों के क्रांतिकारी उत्साही नौजवानों की आवश्यकता है। यह बात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद भगत सिंह ने अपने संगठन नौजवान भारत सभा के लाहौर में प्रकाशित घोषणा पत्र में लिखी थी। शहीद भगत सिंह ने अपने जीवन का बलिदान कर भारत को आजादी दिलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी, पर आजादी के बाद भी भारत का जनमानस उन्हीं अंधविश्वास धर्मांधता तथा रूढ़िवाद पर फंसा हुआ है।और अभी भी इस युग में अंधविश्वास का बोलबाला दिखाई देता है। बिल्ली रास्ता काट दे तो यह समझना कि राह में दुर्घटना होने की संभावना हो सकती है। घर से निकलते समय कोई छींक दे तो यह समझना कि होने वाला काम बिगड़ जाएगा,और घर में कौवे के बोलने से यह अर्थ निकाला जाए कि घर में मेहमान आने वाले हैं। छोटी चिड़िया यदि मिट्टी की धूल से खेल रही हो तो यह समझा जाए की घनघोर बारिश होने वाली है, आदि इत्यादि ऐसी कई धारणाएं हैं, जिनका कोई वैज्ञानिक तथा सामाजिक प्रमाण, तर्क या आधार मौजूद नहीं है। फिर भी बड़ी संख्या में लोग इन बातों पर विश्वास करके अपनी नियति तय करने में जुट जाते हैं, अपने विवेक का प्रयोग किए बिना ही इन बातों पर विश्वास कर लेना ही अंधविश्वास माना जाता है।

कुछ लोग तेरा के अंक को अशुभ मानते हैं, तो कई देश किस अंग को शुभ भी मानते हैं। मृत्यु के बाद भी अनेक तरह के अंधविश्वास जी एवं आडंबर संयुक्त कर्मकांड किए जाते हैं। एवं इन कर्मकांड को नहीं किए जाने पर मनुष्य की आत्मा भूत बनकर इर्द गिर्द मंडराती है। और इस तरह के भूत मनुष्य जाति को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं, ऐसी मान्यताएं अंधविश्वास के साक्षात प्रमाण हैं। अधिकतर भारतीय ग्रामीण अभी भी यह मानते हैं कि पृथ्वी शेषनाग पर टिकी हुई है और भूकंप आने पर वह इस बात का दावा करते हैं कि शेषनाग नाराजगी कारण पृथ्वी हिलने लगी है,और भी पूजा पाठ करने में लग जाते हैं ।चंद्र ग्रहण तथा सूर्य ग्रहण के समय भी ग्रामीण क्षेत्र में लोगों द्वारा ऐसे ही कयास लगाए जाते हैं, और फिर ग्रहों की पूजा की जाती है। पूजा करना बहुत अच्छी बात है,ईश्वर में आस्था होनी चाहिए यह एक तरह की एकाग्रता तथा अदृश्य शक्ति के प्रति आप का समर्पण भाव दिखाती है। ईश्वर से लगाओ तथा ईश्वरीय शक्ति के आगे समर्पण एक स्तुत्य के कार्य है। पर इसके पीछे अंधविश्वास को पुष्पित पल्लवित करना खतरनाक भी हो सकता है। इसके अतिरिक्त ग्रह के चक्कर को दूर करने के लिए किसी विशेष जाति अथवा पत्थर की अंगूठी पहनना विशेष मंत्र वाला ताबीज पहनना जादू टोना तथा टोटका करवाना आदि अंधविश्वास के बड़े उदाहरण हैं ।

और इन सब अंधविश्वास के चक्कर में अनेक लोग धोखाधड़ी तथा शोषण के शिकार होते देखे गए हैं।। अंधविश्वास धर्मांधता एक सामाजिक बुराई की तरह दिखाई देती है, जो निश्चित तौर पर देश के विकास के लिए बड़ी बाधा बन जाती है। संत कबीर दास ने बड़ी बेबाकी से इस अंधविश्वास पर अपनी कविता के माध्यम से गहरा कटाक्ष किया है,

अरिहरन की चोरी करै, करे सुई का दान,
ऊंचा चढ़ी के देखता,केतिक दूर विमान।

दोहे का अर्थ है, मानव कुमार्ग के पथ पर चलकर कमाए गए अनैतिक धन का बहुत छोटा सा भाग दान कर आकाश की ओर देखता है कि उसको स्वर्ग ले जाने वाला विमान कितनी दूर है। अज्ञानी मानव का यह सोचना एक बड़े अंधविश्वास को दशार्ता है। किसी भी गरीब स्त्री की जमीन जायजाद को हड़पने के लिए जमीदारों या मुखिया द्वारा गांव में उसे डायन घोषित कर देना या ईश्वर को खुश करने के लिए मनुष्य की नरबलि दे देना या पशुओं की बलि देना एक बड़ा अंधविश्वास माना जाता है। इन सब अंधविश्वास से समाज में विसंगति फैलती है एवं जो साक्षरता तथा मानवता के लिए बड़े खतरे और विकास के लिए अवरोध पैदा करने के तथ्य हैं। इनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर इनको सजा देकर समाज में अंधविश्वास के खिलाफ सरकार को एक स्वस्थ संदेश देने की आवश्यकता है। समाचार पत्र, टीवी चैनल, इंटरनेट इन सब में राशिफल, वास्तु शास्त्र हाथ में पहनने वाले पत्थरो के बारे में जोर शोर से प्रचार प्रसार किया जाता है, जबकि इन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, क्योंकि इनके चलते बड़े-बड़े जालसाज तथा ठग लोगों से पैसा तथा सोने चांदी की ठगी करने से नहीं चूकते। यह अंधविश्वास यद्यपि सिर्फ भारत में ही नहीं है बल्कि ब्रिटेन ऑस्ट्रेलिया कनाडा अमेरिका तथा साउथ अफ्रीका में भी इसी बड़े पैमाने पर व्याप्त है। यदि अशिक्षित मनुष्य अंधविश्वासों को मानता है तो यह बात समझ में आती है कि वह वास्तविकता से अशिक्षा के कारण अनभिज्ञ है, एवं इनके परिणामों के बारे में नहीं जानता है। किंतु यह विडंबना तथा अफसोस की बात है कि इस वैज्ञानिक युग में उच्च शिक्षित लोग अनेक प्रकार के अंधविश्वासों से घिरे हुए हैं। शिक्षा अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर विवेकपूर्ण सोचने की शक्ति प्रदान करती है, इसके बाद ही मनुष्य विज्ञान तथा तर्क के आधार पर इसको परख कर किसी बात को मान्यता देता है। अतः अंधविश्वास धर्मांधता के खिलाफ शिक्षा जगत तथा शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में इस विषय को शामिल कर अशिक्षित तथा शिक्षित दोनों को अंधविश्वास के प्रति सचेत कर इसके दुष्परिणामों के बारे में अच्छे से समझा देना चाहिए तभी अंधविश्वास समाज से दूर हो पाएगा।

**संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक, स्तंभकार , लेखक रायपुर छत्तीसगढ़**
**9009 415 415,**

# महान क्रांतिदृष्टा क्रांतिकारी वीर सावरकर

भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में कुछ नाम ऐसे हैं, जिनके बिना यह गाथा अधूरी प्रतीत होती है। उन्हीं में एक प्रखर, तेजस्वी और बहुआयामी व्यक्तित्व थे विनायक दामोदर सावरकर, जिन्हें इतिहास वीर सावरकर के नाम से जानता है। वे केवल एक क्रांतिकारी ही नहीं, बल्कि एक चिंतक, इतिहासकार, साहित्यकार, ओजस्वी वक्ता और दूरदर्शी राजनीतिक विचारक भी थे।

28 मई 1883 को भागौर में जन्मे सावरकर ने बाल्यावस्था में ही विपरीत परिस्थितियों का सामना किया। अल्पायु में माता-पिता का साया उठ जाने के बावजूद उन्होंने अदम्य साहस और आत्मबल के साथ अपने व्यक्तित्व का निर्माण किया। उनके बड़े भाई गणेश (बाबाराव) सावरकर ने उनके जीवन में राष्ट्रभक्ति की ज्योति प्रज्वलित की।

युवावस्था में ही सावरकर ने मित्र मेला की स्थापना की, जो आगे चलकर ह्यअभिनव भारत के रूप में विकसित हुआ। यह संगठन ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध सशस्त्र क्रांति का वाहक बना। सावरकर का स्पष्ट मत था कि राजनीतिक स्वतंत्रता भीख में नहीं, संघर्ष से प्राप्त होती है।1906 में वे कानून की पढ़ाई हेतु लंदन गए, जहां उन्होंने भारतीय छात्रों में क्रांतिकारी चेतना का संचार किया। इसी दौरान उन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम को भारत का स्वातंत्र्य समर सिद्ध करते हुए एक ऐतिहासिक ग्रंथ लिखा, जिसे अंग्रेजी शासन ने प्रतिबंधित कर दिया।

1910 में गिरफ्तारी और उसके बाद उन्हें कुख्यात सेल्युलर जेल (काला पानी) की सजा दी गई। यह कालखंड उनके जीवन का सबसे कठोर दौर था। अमानवीय यातनाओं के बीच भी उनका मनोबल अडिग रहा। उन्होंने जेल में न केवल साहित्य सृजन किया, बल्कि अन्य कैदियों को शिक्षित कर उनमें आत्मबल जगाने का कार्य भी किया।

सावरकर का व्यक्तित्व केवल क्रांति तक सीमित नहीं था, वे सामाजिक सुधार के भी प्रबल समर्थक थे। रत्नागिरी प्रवास के दौरान उन्होंने अस्पृश्यता उन्मूलन, मंदिर प्रवेश और सामाजिक समरसता के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उनकी प्रसिद्ध पुस्तक ह्यहिंदुत्वह्ण में उन्होंने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अपनी अवधारणा प्रस्तुत की, जो आज भी व्यापक विमर्श का विषय बनी हुई है।

राजनीतिक जीवन में वे हिन्दू महासभा के प्रमुख नेता रहे और द्वितीय विश्वयुद्ध के समय उन्होंने भारतीयों को सैन्य प्रशिक्षण लेने का आह्वान किया। उनके विचारों से सहमति-असहमति के स्वर भले ही समय-समय पर उठते रहे हों, लेकिन यह सत्य है कि वे एक स्पष्टवादी और निर्भीक चिंतक थे।

1948 में महात्मा गांधी की हत्या के आरोप में उन्हें भी घेरा गया, किंतु न्यायालय ने साक्ष्यों के अभाव में उन्हें दोषमुक्त कर दिया। 26 फरवरी 1966 को उनका निधन हुआ, परंतु उनका जीवन आज भी राष्ट्रभक्ति, साहस और वैचारिक दृढ़ता की प्रेरणा देता है। वीर सावरकर का संपूर्ण जीवन हमें यह संदेश देता है कि राष्ट्रनिर्माण केवल भावनाओं से नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प, त्याग और कर्मठता से होता है। वे उन विरल व्यक्तित्वों में से थे जिन्होंने न केवल स्वतंत्रता का स्वप्न देखा, बल्कि उसे साकार करने के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। आज उनकी जयंती पर यह स्मरण आवश्यक है कि इतिहास के ऐसे तेजस्वी पुरुषों को केवल विवादों के चश्मे से नहीं, बल्कि उनके समग्र योगदान के आलोक में देखा जाना चाहिए। वीर सावरकर का जीवन एक युगदृष्टा का जीवन था–जिसमें क्रांति थी, विचार था और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण था।

**सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"**

# बेटों को बहू व बेटियों को दामाद

जहाँ से शुरू किया था
सफर, वहीं पहुँच गए,
बेटियों को दामाद ले गए,
बेटों को बहू ले गई।
आँगन में यूं गूँजती थी,
किलकारियों की धुन,
अभी दीवारें सुनती रहतीं,
घड़ी की धीमी धुन।

कल तक जिन हाथों में
थे, बच्चों के नन्हें हाथ,
आज वहीं हाथ टटोलें,
यादें और पुरानी बात।
अब बेटी की हँसी सजी,
किसी और के दुवार,
बेटे की दुनिया में भी,
बदलते रह गए व्यवहार।

जिस घर को सींचते हम,
सपनों के उजियारे से,
खालीपन झाँक रहा है, हर
कमरे के किनारे से।
नहीं कोई शिकायत दिल
में, ना कोई गिला रहा,
बस समय अपनी चाल,
चुपके से बदलता रहा।

ये जीवन की इस सांझ में,
हम इतना समझ गए,
जहाँ से हमने शुरू किया
सफर, वहीं पहुँच गए।
यूं जिंदगी की राहों में
संघर्ष की नाव में तर गए।
बेटों को बहू ले गई व
बेटियों को दामाद ले गए।





**संजय एम तराणेकर**
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 27 मई 2026। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कक्ष तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का विस्तार से जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य द्वार पर लगे ताले एवं सील की गहनता से जांच की, जो पूर्ण रूप से सुरक्षित पाई गई। इसके साथ ही वेयरहाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली का भी परीक्षण किया गया, जिसमें सभी कैमरे सुचारु रूप से कार्यरत पाए गए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए कि वे निरंतर सतर्कता बनाए रखें तथा अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें।

निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की समस्त व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित पाई गईं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी वेद प्रकाश पांडेय सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# गर्मी को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग सख्त, 2 प्रतिष्ठानों से आइसक्रीम के नमूने लिए गए

गौतमबुद्धनगर, 27 मई 2026। ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर जनपद में शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य एवं पेय पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने विशेष अभियान चलाया है।

### आइसक्रीम और फ्रोजन डेजर्ट के नमूने संग्रहित

अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने दो प्रतिष्ठानों से कुल दो खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए एकत्र किए।


ग्रेटर नोएडा स्थित एक निर्माण इकाई से फ्रोजन डेजर्ट का नमूना

हाजीपुर सेक्टर-104 स्थित एक खाद्य प्रतिष्ठान से आइसक्रीम का नमूना

### इन सभी नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

### सहायक आयुक्त खाद्य का बयान

सहायक आयुक्त खाद्य (द्वितीय) सर्वेश मिश्रा ने बताया कि जिलाधिकारी एवं आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेशों के क्रम में यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए आइसक्रीम, दूध आधारित उत्पादों और अन्य पेय पदार्थों की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि आम जनता को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।



### चेकिंग अभियान लगातार जारी

विभागीय टीम द्वारा जनपद के विभिन्न स्टोरों पर भी निरीक्षण किया गया। हाल ही में प्राप्त शिकायतों के आधार पर हलाल प्रमाणन युक्त उत्पादों की बिक्री को लेकर भी जांच की गई, हालांकि किसी भी स्टोर पर ऐसी अनियमितता नहीं पाई गई।



### आगे भी जारी रहेगा अभियान

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह जांच अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा, जिससे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा हो सके। गर्मी के मौसम में बढ़ती मांग को देखते हुए प्रशासन ने खाद्य सुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाया है। यह कदम जनपदवासियों को सुरक्षित और मानक अनुरूप खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# सीडीओ कार्यालय सूरजपुर में चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती हेतु साक्षात्कार संपन्न, स्वास्थ्य सेवाओं के आंकड़े भी जारी

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

ग्रेटर नोएडा (सूरजपुर)। सीडीओ कार्यालय, सूरजपुर में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में चिकित्सा अधिकारियों के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु साक्षात्कार प्रक्रिया आयोजित की गई। इस दौरान कुल 23 पदों के लिए चयन प्रक्रिया पूरी की गई।

साक्षात्कार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गौतमबुद्ध नगर, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला संयुक्त चिकित्सालय नोएडा सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने बताया कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न की गई।

जानकारी के अनुसार, चयनित अभ्यर्थियों में से 5 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति जिला चिकित्सालय, नोएडा में की जाएगी, जबकि शेष चयनित अभ्यर्थियों को संबंधित स्वास्थ्य इकाइयों में नियमानुसार तैनात किया जाएगा।




इसी दौरान जिला अस्पताल में ओपीडी एवं अन्य चिकित्सा सेवाओं से संबंधित आंकड़े भी जारी किए गए, जो इस प्रकार हैं–

ओपीडी मरीजः 2904
आभा स्कैन ओपीडीः 2578
श्री अमरनाथ यात्रा श्रद्धालुः 16
आई ऑपरेशनः 09
सिजेरियन ऑपरेशनः 01
हिस्टेरेक्टॉमीः 01
जनरल ओटी (माइनर): 10
जनरल ओटी (मेजर): 08
नए डॉग बाइट मरीजः 59
पुराने डॉग बाइट मरीजः 208
कुल डॉग बाइट मरीजः 267
मेडिकोलीगल (पुलिस): 02
अन्य केसः 36
कुल केसः 305

अधिकारियों ने बताया कि जिला अस्पताल में मरीजों को लगातार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं और सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

# थाना जारचा पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़, एक आरोपी घायल

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा। थाना जारचा पुलिस द्वारा बुलंदशहर बॉर्डर स्थित समाना नहर के पास चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल सवार संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह पुलिस को देखकर भागने लगा।

पुलिस के अनुसार, घिरता देख आरोपी ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी।



जवाब में पुलिस द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्रवाई में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया।

घायल आरोपी की पहचान शहजाद पुत्र अकबर, निवासी ग्राम कलौंदा, थाना जारचा, गौतमबुद्ध नगर (उम्र लगभग 30 वर्ष) के रूप में हुई है।

पुलिस ने उसके कब्जे से 01 तमंचा, 01 जिंदा कारतूस, 01 खोखा कारतूस (.315 बोर) तथा बिना नंबर प्लेट की 01 मोटरसाइकिल बरामद की है।

घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उसके खिलाफ कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है और पूरे नेटवर्क की भी जांच की जा रही है।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने
के लिए संपर्क करें।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र
200 रुपये रोज मे।

# थाना जारचा पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार, अवैध चाकू बरामद

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा। थाना जारचा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी ग्राम ऊंचाअमीरपुर के पास से की गई।पुलिस के अनुसार, अभियुक्तगण द्वारा वादी के साथ मारपीट की गई थी, जिसके संबंध में पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना जारचा में मु0अ0सं0 84/26 धारा 109(1)/115/352 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था।




गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रूपेन्द्र उर्फ काले पुत्र योगेन्द्र उर्फ जोनी, निवासी ग्राम ततारपुर, थाना जारचा, गौतमबुद्ध नगर (उम्र 22 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध चाकू भी बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में पहले ही दो अन्य अभियुक्तों को दिनांक 16.05.2026 को गिरफ्तार किया जा चुका है।

अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है और मामले की आगे जांच जारी है।

# थाना फेस-1 पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार, 104 पव्वे बरामद

नोएडा। थाना फेस-1 पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 104 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त नवीन मण्डल पुत्र निरंजन मण्डल को सेक्टर-08 स्थित नर्सरी के पास थाना क्षेत्र फेस-1 से अवैध शराब के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्त नवीन मण्डल, निवासी जे.जे. कॉलोनी सेक्टर-10, थाना फेस-1, नोएडा (गौतमबुद्ध नगर), उम्र लगभग 20 वर्ष का बताया गया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री और तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।




# फैशन एवं अपैरल सेक्टर में प्रशिक्षित युवाओं की मांग पूरी करेगा एटीडीसी : ललित ठुकराल

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा। अपैरल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेंटर (एटीडीसी), सेक्टर-24, नोएडा में "ग्रेट करियर्स बिगिन हियर" थीम के तहत एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें मीडिया प्रतिनिधियों, शिक्षा एवं उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में गौतमबुद्ध नगर के डिप्टी कमिश्नर (इंडस्ट्री) पंकज निर्वान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं को स्किल आधारित शिक्षा और रोजगारपरक प्रशिक्षण से जुड़ने के लिए प्रेरित किया तथा एटीडीसी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को एईपीसी के नॉर्दर्न रीजनल हेड एवं एटीडीसी-नोएडा के कन्वेनर ललित ठुकराल ने संबोधित किया। उन्होंने फैशन एवं अपैरल इंडस्ट्री में उपलब्ध रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी देते हुए विभिन्न प्रोफेशनल एवं स्किल डेवलपमेंट कोर्सेज के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने बताया कि वर्तमान सत्र के लिए बीवॉक अपैरल मैन्युफैक्चरिंग एंड एंटरप्रेन्योरशिप, बीवॉक फैशन डिजाइन एंड रिटेल, अपैरल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी और फैशन डिजाइन टेक्नोलॉजी जैसे रोजगारपरक कोर्सेज में प्रवेश शुरू हो चुके हैं। ये सभी कोर्स इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किए गए हैं, जिनमें छात्रों को प्रैक्टिकल ट्रेनिंग, लाइव प्रोजेक्ट्स, इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट सहायता दी जाती है।




नोएडा अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर के अध्यक्ष ललित ठुकराल ने कहा कि एटीडीसी का उद्देश्य "स्किल टू एम्प्लॉयमेंट" मॉडल के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में विकसित हो रहे अपैरल क्लस्टर के लिए लगभग 2 लाख प्रशिक्षित युवाओं की आवश्यकता होगी, जिसे पूरा करने में एटीडीसी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जेवर एवं आसपास के क्षेत्रों में जल्द ही नए स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित किए जाएंगे, ताकि स्थानीय युवाओं को अधिक से अधिक रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सके।

इस अवसर पर एटीडीसी के डीजी एवं सीईओ डॉ. रूपक वशिष्ठ ने भी भविष्य में नए स्किल सेंटर स्थापित करने की योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम में डिप्टी कमिश्नर इंडस्ट्री पंकज निर्वान ने बताया कि ओडीओपी कार्यक्रम के तहत टूलकिट वितरण योजना में गौतमबुद्ध नगर सहित 6125 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया गया है, जबकि वीएसएसवाई कार्यक्रम के अंतर्गत 14,000 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया है।

कार्यक्रम के अंत में एटीडीसी की उपलब्धियों, आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं और रोजगार अवसरों की जानकारी मीडिया को दी गई तथा युवाओं व अभिभावकों से स्किल आधारित शिक्षा से जुड़ने की अपील की गई। इस अवसर पर लोकल मैनेजमेंट कमेटी एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने
के लिए संपर्क करें।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र
200 रुपये रोज मे।

# ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पहली बार बिग क्रिकेट लीग (BCL) का आयोजन, 3 से 13 जून तक होंगे मुकाबले

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

ग्रेटर नोएडा। शहर के लिए एक बड़ी खेल उपलब्धि जुड़ने जा रही है। पहली बार बिग क्रिकेट लीग (BCL) का आयोजन ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के क्रिकेट ग्राउंड में किया जाएगा। यह टूनामेंट 3 जून से 13 जून तक चलेगा।

इस लीग में क्रिकेट के कई दिग्गज खिलाड़ी शिरकत करेंगे, जिनमें शिखर धवन, हरभजन सिंह, क्रिस गेल, रॉस टेलर, थिसारा परेरा और तिलकरत्ने दिलशान जैसे अंतरराष्ट्रीय सितारे शामिल हैं। ये खिलाड़ी मैदान पर चौके-छक्कों की बारिश करते नजर आएंगे।

बीसीएल सीजन-2 के तहत आयोजित इस टूनामेंट में 6 फ्रेंचाइजी टीमें टी-20 फॉर्मेट में कुल 18 मुकाबले खेलेंगी। खास बात यह है कि देशभर से चुने गए 60 शौकिया क्रिकेटरों को इन दिग्गज खिलाड़ियों के साथ खेलने का सुनहरा अवसर मिलेगा। साथ ही पूर्व आईपीएल खिलाड़ी भी इस लीग का हिस्सा होंगे। आयोजन के सभी मैचों में दर्शकों के लिए प्रवेश पूरी तरह निशुल्क रखा गया है, साथ ही पार्किंग की भी सुविधा उपलब्ध होगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर एसीईओ प्रेरणा सिंह ने आयोजन की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों के साथ बैठक कर सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण इस आयोजन में सहयोगी भूमिका निभा रहा है। बीसीएल के मुख्य संरक्षक पुनीत सिंह ने बताया कि यह टूनामेंट ऑनलाइन ट्रैवल टेक कंपनी ईजमाईट्रिप के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।




ईजमाईट्रिप के संस्थापक एवं चेयरमैन निशांत पिट्टी ने कहा कि इउछ का उद्देश्य दिग्गज खिलाड़ियों और उभरती प्रतिभाओं को एक मंच पर लाना है, जो बेहद रोमांचक पहल है।

लीग कमिश्नर दिलीप वेंगसरकर ने कहा कि यह टूनामेंट युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ खेलने और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगा।

इस आयोजन का सीधा प्रसारण यूरोस्पोर्ट्स पर और डिजिटल स्ट्रीमिंग फैनकोड पर किया जाएगा, जबकि 25 से अधिक देशों में इसका लाइव प्रसारण होगा।

# जिला संयुक्त चिकित्सालय सेक्टर-39 में डॉक्टरों की टीम ने जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा। जिला संयुक्त चिकित्सालय सेक्टर-39, नोएडा में डॉक्टरों की टीम ने एक जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है, जिससे मरीज को राहत मिली है।

जानकारी के अनुसार, मरीज (X) को पिछले 2-3 महीने में एक बार मासिक धर्म आने और संतान न होने की समस्या के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकीय जांच के दौरान स्पेकुलम परीक्षण में वैजाइनल सेप्टम पाया गया।

डॉक्टरों ने स्थिति को देखते हुए ऑपरेशन की सलाह दी, जिसके बाद टीम ने ट्रांसवर्स वैजाइनल सेप्टम का सफल ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति स्थिर है और वह पूरी तरह स्वस्थ बताया जा रहा है।

यह सफल सर्जरी डॉ. दीपा एवं डॉ. रुचि द्वारा की गई, जिसमें स्टाफ नर्स दीपा ने सहयोग प्रदान किया। पूरी प्रक्रिया का संचालन डॉ. अजय राणा के निर्देशन में किया गया।

अस्पताल प्रशासन ने इस सफलता को टीमवर्क और बेहतर चिकित्सा प्रबंधन का परिणाम बताया है।

# थाना फेस-1 पुलिस ने अवैध गांजा बिक्री करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार,

नोएडा। थाना फेस-1 पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 01 किलो 255 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, दिनांक 27.05.2026 को सेक्टर-10 क्षेत्र से अभियुक्त गौरव गुरू पुत्र बबलू को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त मूल रूप से जे.जे. कॉलोनी, सेक्टर-10, थाना फेस-1, नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) का निवासी है और उसकी उम्र लगभग 19 वर्ष बताई गई है। इस संबंध में थाना फेस-1 में मु0अ0सं0 240/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस जांच में अभियुक्त के आपराधिक इतिहास का भी खुलासा हुआ है। उसके विरुद्ध पूर्व में भी निम्न मामले दर्ज हैं– मु0अ0सं0 87/2026 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस, थाना फेस-1, नोएडा मु0अ0सं0 240/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट, थाना फेस-1, नोएडा\ पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है


# अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने जनगणना कार्य की समीक्षा बैठक ली, पर्यवेक्षकों को दिए सख्त निर्देश

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा। जनगणना-2027 के सुचारु संचालन को लेकर आज अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी द्वारा सभी जनगणना पर्यवेक्षकों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी पर्यवेक्षक प्रत्येक स्थिति में अपने-अपने प्रगणकों के साथ फील्ड में जाकर कार्य प्रारंभ कराएं और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित करें।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी वरिष्ठ प्रबंधक नियमित रूप से फील्ड में उपस्थित रहें तथा जहाँ भी कर्मचारियों की कमी है, उसे प्राथमिकता के आधार पर तत्काल पूरा किया जाए।



अधिकारियों के अनुसार, जनगणना कार्य को समयबद्ध और प्रभावी तरीके से पूरा करने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है और सभी स्तरों पर जवाबदेही तय की गई है।

# नोएडा प्राधिकरण ने जनगणना-2027 की तैयारियों को तेज किया, 2300 प्रगणक और 335 सुपरवाइजरों को दिया प्रशिक्षण

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा। आगामी जनगणना-2027 के सफल क्रियान्वयन को लेकर पूरे प्रदेश में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में Noida Authority द्वारा जनगणना कार्य के लिए 2300 प्रगणकों एवं 335 सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक चरण में यह संख्या आवश्यकताओं के अनुरूप थी, लेकिन जनगणना शुरू होने से ठीक पहले कुछ प्राइवेट स्कूलों द्वारा उच्च न्यायालय में दायर याचिका और उसके आदेशों के चलते स्कूल शिक्षकों ने इस कार्य से स्वयं को अलग कर लिया। इसके कारण लगभग 800 कर्मचारियों की कमी उत्पन्न हो गई।

इस कमी को पूरा करने के लिए प्राधिकरण द्वारा अपने महाप्रबंधक एवं वरिष्ठ प्रबंधकों सहित अन्य अधिकारियों को भी फील्ड में लगाया गया। साथ ही विभिन्न आवासीय सोसायटियों के सहयोग से जनगणना कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है।



अधिकारियों के अनुसार, सोसायटियों द्वारा सकारात्मक सहयोग करते हुए अपने स्तर से भी कर्मचारियों को इस कार्य में लगाया गया, जिससे प्रगणकों की कमी को आंशिक रूप से पूरा किया जा सका।

इसी क्रम में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी ने स्वयं फील्ड में जाकर सेक्टर-120 स्थित Amrapali Zodiac Society सहित सेक्टर-117 एवं 119 की कई सोसायटियों का निरीक्षण किया और जनगणना कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय निवासियों से सहयोग की अपील भी की।

इसी अभियान के तहत विशेष कार्याधिकारी एवं चार्ज अधिकारी इन्दु प्रकाश सिंह को सेक्टर-75 की विभिन्न सोसायटियों में तैनात कर जनगणना कार्य को गति दी गई।

प्राधिकरण का कहना है कि इस सहयोगात्मक प्रयास से जल्द ही जनगणना कार्य में आई कमी को पूरी तरह दूर कर लिया जाएगा और अगले दो दिनों में स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है।

# नोएडा में रेहड़ी-पटरी व्यापारियों से उगाही का आरोप, आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों पर गंभीर सवाल

**समाज जागरण**

नोएडा। रेहड़ी-पटरी संचालकों के संगठन ने नोएडा की कुछ आरडब्ल्यूए (रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन) पदाधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। संगठन का कहना है कि कुछ आरडब्ल्यूए अध्यक्ष पहले प्राधिकरण में अतिक्रमण की शिकायत करते हैं, फिर मीडिया में खबरें प्रकाशित कराकर कार्रवाई करवाते हैं और बाद में फुटपाथ व्यापारियों से कथित रूप से पैसे लेकर दोबारा दुकानें लगवाते हैं।

रेहड़ी पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम किशोर गुप्ता ने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर फुटपाथ व्यापारियों से 1000 से 3000 प्रतिमाह तक वसूले जाते हैं, जबकि कुछ मामलों में एक वर्ष के नाम पर 15000 तक की कथित रसीद काटी जाती है।

संगठन का कहना है कि जब व्यापारी भुगतान बंद कर देते हैं, तब दोबारा शिकायतें कर अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई शुरू करा दी जाती है। आरोप यह भी है कि कुछ मकान मालिक अपने घरों के सामने सड़क किनारे दुकान लगवाकर भारी रकम वसूलते हैं और साथ ही मुफ्त में सामान भी लेते हैं।

व्यापारियों ने मांग की है कि प्रशासन इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए और रेहड़ी-पटरी संचालकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करे। उनका कहना है कि फुटपाथ पर रोजी-रोटी कमाने वाले छोटे व्यापारियों को बार-बार कार्रवाई और कथित उगाही का सामना करना पड़ रहा है।

# दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन, आकांक्षा सोसाइटी ने बांटी खुशियां

**समाज जागरण।**
27 मई 2026 को आकांक्षा सोसाइटी द्वारा निराश्रित दिव्यांगजन एवं दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष सेवा एवं सहयोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था के सदस्यों ने प्रशिक्षण केंद्र पहुंचकर वहां रह रहे दिव्यांग बच्चों एवं जरूरतमंद लोगों के साथ समय बिताया तथा उन्हें विभिन्न उपयोगी सामग्री वितरित की।




कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों के जीवन में खुशी, आत्मविश्वास एवं अपनत्व की भावना को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर बच्चों को समोसे एवं जलेबी खिलाकर उनके साथ खुशी के पल साझा किए गए। साथ ही संस्था की ओर से बच्चों को टी-शर्ट, चप्पल, स्लेट, पुस्तकें एवं पढ़ाई से संबंधित अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। संस्था द्वारा जरूरतमंद बच्चों को दैनिक उपयोग की वस्तुएँ उपलब्ध कराकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का सराहनीय प्रयास किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल-कूद गतिविधियों से बच्चों में नई ऊर्जा एवं आत्मविश्वास का संचार हुआ। संस्था के सदस्यों ने बच्चों के साथ मिलकर पौधारोपण भी किया तथा गमलों में पौधे लगवाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर आकांक्षा सोसाइटी की सदस्या डॉ. वंदना जी की पुत्री आशी का जन्मदिन भी दिव्यांग बच्चों के साथ बड़े ही स्नेह एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। आशी ने बच्चों एवं जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री वितरित की। बच्चों के साथ जन्मदिन मनाने से वातावरण और अधिक आनंदमय एवं भावुक हो गया। सभी बच्चों ने मिलकर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं तथा आशी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

आकांक्षा सोसाइटी की अध्यक्षा श्रीमती संगीता भार्गव ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह जरूरतमंद एवं दिव्यांग बच्चों के जीवन में खुशियां लाने का प्रयास करे। उन्होंने बताया कि संस्था का उद्देश्य केवल सहायता प्रदान करना ही नहीं, बल्कि बच्चों को आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनाना भी है। उन्होंने बच्चों के साथ समय बिताकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा सभी को सेवा भाव एवं मानवता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सदस्यों डॉ. वंदना, काजल, सरिता, शालू, रूपाली, नीरज, सोनल सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा। सभी ने पूरे उत्साह एवं सेवा भाव के साथ कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।

आकांक्षा सोसाइटी द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सेवा, सहयोग एवं मानवता की भावना का प्रेरणादायक उदाहरण बना। संस्था के इस सराहनीय प्रयास की उपस्थित लोगों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं सेवा कार्य निरंतर जारी रखने की बात कही।

# कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई

**समाज जागरण मुस्कान खान**
जनपद *बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन तथा जन-जागरूकता बढ़ाने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) की पहचान कर वहां आवश्यक सुधारात्मक कार्य शीघ्र करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी स्कूली वाहनों की फिटनेस की सघन जांच कराने के सख्त निर्देश दिए तथा कहा कि मानकों के अनुरूप संचालित न पाए जाने वाले



वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ऐसे वाहन चालकों, जिनके विरुद्ध तीन से चार बार बड़े चालान किए जा चुके हैं, उनके लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने जनपद में संचालित अवैध कटों को तत्काल बंद कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पेट्रोल पंपों के सामने बनाए गए अवैध कटों को भी बंद कराने के लिए संबंधित विभागों को कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने बिजनौर नजीबाबाद मार्ग स्थित झालरा के अवैध कट को तत्काल बंद कराने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग को सड़क संकेतक, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर एवं रोड मार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अन्य सड़क से संबंधित अधिकारी दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों, विशेष रूप से मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले टी प्वाइंट्स एवं ब्लाइंड मोड़ों पर मोड़ से कम से कम एक किमी पहले जगह-जगह पर साइनेज, रिफ्लेक्टर एवं स्पीड ब्रेकर्स निर्माण की गंभीरता पूर्वक समुचित व्यवस्था करें ताकि वाहन चालक सचेत होकर ड्राइविंग करे और दुर्घटना की संभावना न रहे। उन्होंने परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि बिना फिटनेस, बिना परमिट एवं ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध नियमित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एम्बुलेंस सेवाओं की तत्परता एवं दुर्घटना के बाद त्वरित उपचार की व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने पुलिस विभाग को ओवरस्पीडिंग, नशे में वाहन चलाने, बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। साथ ही विद्यालयों में सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

इस अवसर पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत हत्या के चार आरोपियों को आजीवन कारावास, 40 हजार रुपये जुमार्ना

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**
जनपद बिजनौर नजीबाबाद पुलिस ने ॄऑपरेशन कन्विक्शनॄ अभियान के तहत हत्या के एक सनसनीखेज मामले में प्रभावी पैरवी करते हुए चार आरोपियों को आजीवन कारावास दिलाने में सफलता प्राप्त की है। न्यायालय ने सभी दोषियों पर कुल 40 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 28 अगस्त 2024 को थाना नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम मथुरापुर में खेत के किनारे पानी की नाली में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मृतक का गला दुपट्टे से बंधा हुआ था, गर्दन कटी हुई थी तथा शरीर पर नुकीले हथियार से किए गए कई वार के निशान पाए गए थे। घटनास्थल से एक पेपर कटर चाकू भी बरामद किया गया था।

पंचायतनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद थाना नजीबाबाद में मुकदमा अपराध संख्या 445/2024 धारा 103(1) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया।

जांच के दौरान मृतक की पहचान रहीश पुत्र अकबर निवासी थाना लक्सर, जनपद हरिद्वार, उत्तराखंड के रूप में हुई। विवेचना में अभियुक्त जावेद अली, आकाश, अब्दुल वाहिद तथा मृतक की पत्नी दिलशाना के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने साक्ष्य संकलित कर चारों आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया।

स्थानीय पुलिस एवं मॉनिटरिंग सेल द्वारा न्यायालय में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी की गई। अभियोजन पक्ष की ठोस दलीलों एवं साक्ष्यों के आधार पर माननीय न्यायालय एडीजे-एफटीसी-द्वितीय, बिजनौर ने दिनांक 27 मई 2026 को चारों अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास तथा कुल 40 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत जघन्य अपराधों में त्वरित न्याय सुनिश्चित कराने के लिए लगातार प्रभावी पैरवी की जा रही है, जिससे अपराधियों में कानून का भय बना रहे और पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके।

# बिना अनुमति अवकाश पर जाने पर कनिष्ठ सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी

**समाज जागरण मुस्कान खान**
जनपद बिजनौर जिला विकास अधिकारी बिजनौर द्वारा शौर्य कुमार कनिष्ठ सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। जारी नोटिस में कहा गया है कि संबंधित कर्मचारी द्वारा आशुलिपिक/ आईजीआरएस/ मुख्यमंत्री डैशबोर्ड योजना से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यों का दायित्व संभाला जा रहा था, इसके बावजूद बिना पूर्व अनुमति के असाधारण अवकाश पर चले जाने से कार्यालयीय कार्य प्रभावित हुए हैं। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि संबंधित कर्मचारी को पूर्व में भी कई पत्रों के माध्यम से निर्देशित किया गया था, लेकिन उनके द्वारा न तो कार्यालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया और न ही संबंधित लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड अन्य कर्मचारी को उपलब्ध कराए गए, जिससे मानव संपदा पोर्टल सहित अन्य कार्य बाधित रहे। जिला विकास अधिकारी ने कहा कि बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद कोई संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है, जिससे यह प्रतीत होता है कि उच्चाधिकारियों के निदेशों की अवहेलना की जा रही है।

कारण बताओ नोटिस के माध्यम से संबंधित कर्मचारी को अंतिम अवसर देते हुए एक सप्ताह के भीतर कार्यालय में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में जवाब प्रस्तुत न करने अथवा उपस्थित न होने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित कर्मचारी की होगी।

# मोदी सरकार के सफलतम 12 साल पूर्ण होने पर में जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

**समाज जागरण**
फिरोजाबाद। भारतीय जनता पार्टी जिला फिरोजाबाद की एक कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यालय मोड़ा कनेटा पर जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिला कार्यशाला में मुख्य वक्ता विनोद चौधरी ब्रज क्षेत्र मंत्री ने सम्बोधित करते हुऐ कहा कि केंद्र में नरेन्द्र मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने के मौके पर पूरे देशभर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसी निमित्त जिले फिरोजाबाद में भी यह अभियान ॄविश्वास, विकास और जनकल्याण के 12 वर्षॄ थीम पर आधारित होगा और यह अभियान 5 जून से 21 जून 2026 तक चलेगा क इस अभियान के तहत जनसंपर्क अभियान, जनकल्याण शिविर, योग दिवस और पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाया जा सके जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने इस अभियान ने विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया कि हम सभी के लिए यह गर्व और हर्ष का विषय है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं।




उनके दूरदर्शी नेतृत्व में एनडीए सरकार के ऐतिहासिक उपलब्धियों से परिपूर्ण 12 वर्ष 7 जून को पूर्ण हो रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने गरीब, वंचित दलित और शोषित वर्गों के कल्याण हेतु उल्लेखनीय कार्य किए हैं। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को लाभ पहुंचाना, नारी सशक्तिकरण तथा देश का समग्र विकास ही हमारी उपलब्धियां रही है। उन्होंने बताया कि अगले महीने 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस से लेकर 21 जून विश्व योग दिवस तक पार्टी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस, मीडिया संवाद, जन कल्याण शिविर ब्लॉक स्तर पर आयोजित किये जायेंगे, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, मोदी सरकार व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां पर प्रदर्शनी, प्राकृतिक खेती कार्यशाला, विशेष जनसंपर्क, वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता अभियान, प्रगति पथ यात्रा, तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आदि विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि संपूर्ण अभियान को सफल बनाने के लिए जिला स्तर पर संयोजक बनाए जाएंगे। इस दौरान प्रमुख रूप से भंवर सिंह ठेकेदार चेयरमैन टूंडला , डॉ . अमित गुप्ता जिला प्रवक्ता / मीडिया प्रभारी , आकाश शर्मा जिला महामंत्री , ठा. राघवेंद्र सिंह , डॉ . सत्य पाल सिंह राजपूत , शिव शंकर शर्मा , शैलेन्द्र सिंह , अजीत राजपूत ,सुरेंद्र सावन झा, महीपाल निषाद , संजय चक , गोपाल कृष्ण सिंह , दिनेश गुप्ता , पवन चक , नीलम दिवाकर , रेनू उपाध्याय , पूरन सिंह लोधी , देश दीपक चौहान ,आजाद जैन , यशपाल सिंह , अजीत जुरैल , अजीत कुशवाह , स्नेहलता कुशवाहा , मानपाल सिंह लोधी , महावीर बघेल , सन्दीप जैन , अरविन्द राघव सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# 24 घंटे से अधिक समय से बिजली गुल, ग्रामीणों में भारी आक्रोश; बिजली घर के काट रहे चक्कर

**समाज जागरण**
फिरोजाबाद। जसराना के पहाड़ ग्राम में विद्युत उपकेंद्र पर ग्रामीण इलाकों में मंगलवार से 24 घंटे से भी अधिक समय से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप होने के कारण स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। भीषण गर्मी और उमस के बीच बिना बिजली के रह रहे ग्रामीणों का धैर्य अब जवाब दे रहा है। आक्रोशित ग्रामीण सुबह से ही स्थानीय बिजली घर (पावर सब-स्टेशन) के चक्कर काट रहे हैं, भीषण गर्मी में क्षेत्र के कई गांवों में हो रही बिजली कटौती से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आपूर्ति बाधित होने से मूंग,मक्का,सब्जी और चरी की फसल की सिंचाई भी समय पर नहीं



हो पा रही, जिससे फसलें प्रभावित हो रही हैं, वहीं रात के समय कटौती से लोगों की नींद पूरी नहीं हो रही है। तकनीकी खामी की वजह से आपूर्ति बाधित होने के बाद उसे ठीक करने में ज्यादा समय लगने की वजह से भी मुश्किलें हो रही हैं। उपकेंद्र के अधिकारी जेई अशोक कुमार ने बताया कि उपकेंद्र पर कार्य चल रहा है। इस कार्य को पूरा होने से भविष्य में ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी एवं जो फीटर एक साथ जुड़े हुए थे उन मशीनों को अलग कर दिया गया है। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कार्य के दौरान होने वाली असुविधा के लिए खेद प्रकट किया और कहा है कुछ घंटों बाद बिजली सुचारू रूप से चालू हो जाएगी।

# हर जरूरतमंद की सहायता करेगा प्रधान संगठन

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**
फिरोजाबाद। हर जरूरतमंद को मिले राशन और सम्मान , चाहे राशनकार्ड हो या ना हो हमारी टीम करेंगी सहयोग '
उक्त विचार अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने ग्राम मोढ़ा में नवनियुक्त राशन विक्रेता रवीन्द्र कुमार पप्पू की दुकान का



फीता काटकर शुभारम्भ करते समय व्यक्त करते हुये कहा कि कोई भी व्यक्ति भूख से नहीं मरना चाहिए ये हमसब की जिम्मेदारी है एक भी कार्डधारक राशन से वंचित नहीं रहना चाहिए भले ही उसके घर ही क्यों ना जाना पड़े उन्होंने कहा कि अपने कर्तव्य और जिम्मेदारी का सफलता पूर्वक निर्वाहन करना ही जीवन की सफलता होती है जो लोग लालच के चलते भ्ष्टाचर्चार में लिप्त हो जाते हैं वे हर तरह से वर्वाद हो जाते हैं '
नवनियुक्त राशन विक्रेता रवीन्द्र कुमार पप्पू द्वारा सभी स्वाफा पहनाकर सम्मान कर आभार व्यक्त किया गया ' इस मौकेपर सरपंच शैलेन्द्र शुक्ला , पूर्व सरपंच दाताराम यादव , डॉ सर्वेश कुमार , संदीप कुमार ओझा , सोजीराम यादव , अनोखेलाल दिवाकर , सियाराम यादव , विनोद कुमार शुक्ला , डॉ. अशोक कुमार , दुवीन सिंह यादव , श्रीमती निर्मलादेवी , रमेश चंद्र , वीरेंद्र कुमार ओझा , पूरनचंद्र , रसूल खान , हुलासीराम , नेमसिंह यादव , धीरीसिंह , सालिकराम , सुभाष चंद्र , विजयबाबू , विशांत , राधाकिशन सहित सेकढ़ो ग्रामीण मौजूद रहें '

# इन्सपायर अवार्ड के चयनित प्रतिभागी अपने प्रमाणपत्र करें डाउनलोड:- अशवनी जैन

**समाज जागरण**
फिरोजाबाद। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पास ऑनलाइन भेजा था। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की नवाचारों को प्रोत्साहित करने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की महत्वपूर्ण योजना इन्सपायर अवार्ड मानक योजना में देश के विद्यार्थियों के सर्वश्रेष्ठ आईडिया का चयन किया जाता है। जिनमें से इस वर्ष जनपद फिरोजाबाद में इस योजना के प्रारम्भ से अभी तक रिकॉर्ड 96 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इस योजना में जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 4200 विद्यार्थियों ने अपने आईडिया ऑनलाइन माध्यम से भारत सरकार को भेजे थे। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि सभी 96 चयनित प्रतिभागियों के ऑनलाइन प्रमाण पत्र इन्सपायर अवार्ड की वेबसाइट पर अपलोड हो चुके हैं। प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए सर्वप्रथम इन्सपायर अवार्ड की वेबसाइट पर जाकर उसमें स्कूल ऑथोरिटी पर क्लिक करके यूजर आईडी एवं पासवर्ड डालकर कैप्चा भरकर डैशबोर्ड पर अवार्ड के आइकॉन पर क्लिक करेंगे। जिससे वेबसाइट पर लिस्ट ऑफ अवाड्र्स सैंसशन पर लिस्ट ऑफ अवार्डी पर क्लिक करके चयनित विद्यार्थी पर प्रिंट पर क्लिक करके प्रमाण पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। सभी चयनित विद्यार्थियों के नवाचारी मॉडल बनाने के लिए भारत सरकार इनके बैंक खाते में दस हजार रुपये की धनराशि भेजी गई है, जिनसे विद्यार्थी अपने आईडिया को मॉडल का मूर्त रूप प्रदान करेंगे। तदुपरांत इनकी मॉडल प्रदर्शनी जनपदों की सामूहिक कराके उनमे से चयनित मॉडलों को राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होता है। राज्य स्तर से चयनित होने पर प्रतिभागी को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त होता है।

# यात्रा करते समय युवक की हालत बिगड़ी

## चिकित्सक ने परीक्षण के बाद किया मृत घोषित लापरवाही के चलते 20 घंटेबाद हुआ युवक का पोस्टमार्टम

**समाज जागरण**
फिरोजाबाद। टूंडला रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में एक यात्री की तबीयत खराब हो गई जिसे आर पीएफ कांस्टेबल हाकिम सिंह उपचार केलिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आया जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया और सबको पोस्टमार्टमके लिए विच्छेदन गृहमें रखवा दिया है देवरिया जिले के बैकुंठपुर निवासी 27 वर्षीय हिमांशु कशवाहा पुत्र उत्तीम कुशवाहा अपनी मां उषा देवी और 7 वर्षीय बहन तृषा के साथ महाराष्ट्र के



बोरीवली से ट्रेन में सवार होकर अपने घर देवरिया लौट रहा था तभी रास्ते में टूंडला रेलवे स्टेशन के समीप उसकी हालत बिगड़ गई जिसकी सूचना आरपीएफ को दी आरपीएफ कांस्टेबिल हाकिम सिंह उसे उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया हाकिम सिंह ने शव को विच्छेदन गृह में रखवा दिया इसकी सूचना उसने जीआरपी को नहीं दी और नाही स्वास्थ्य कर्मियों ने पुलिस इनफॉरमेशन रिपोर्ट थाने भेजी जिसके चलते दोनों विभाग घटना से अनभिज्ञ रहे और मृतक की मां और बहन रात भर बैठे रहे थक हार कर उषा देवी ने लखनऊ में स्वामी प्रसाद मौर्य से बात की तब उन्होंने समाजसेवियों को सूचना दी समाजसेवियों की भागदौड़ केबाद 18 घंटे बाद पंचनामा भर पाया समाजसेवी डॉक्टर राधेश्याम कुशवाहा और बंटू कुशवाहा को लखनऊ से स्वामी प्रसाद मौर्य मैं फोन द्वारा सूचना दी तब दोनों समाजसेवियों को साथ लेकर भाग दौड़ की तब जाकर उसका 18 घंटे बाद पंचनामा हुआ
अब सवाल यह उठता है कि शव रखवाने के आरपीएफ कांस्टेबिल जीआरपी को कुछ नहीं बताया इधर रात्रि लगभग 10:30 बजे सबको बिछेदन ग्रह में रखवा दिया तो स्वास्थ्य कर्मियों ने इसकी सूचना पुलिस को क्यों नहीं दी यदि सूचना समय से दी जाती तो पोस्टमार्टम समय से हो जाता और उसकी मां सबको लेकर अपने घर रवाना हो गई होती इससे सिद्ध होता है कि लोगों में मानवता नाम की कोई चीज नहीं रह गई है।

# महंगाई व नीट पेपर लीक के विरोध में सपाइयों का हंगामा, डीएम कार्यालय पर पुलिस से तीखी नोकझोंक।

**समाज जागरण**
बहजोई ।बढ़ती महंगाई, दैनिक उपभोग की वस्तुओं के बढ़ते दाम और नीट परीक्षा में धांधली के विरोध में मंगलवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पहुंचे सपाइयों ने कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस दौरान सपाइयों की पुलिस के साथ जमकर धक्का-मुक्की हुई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। प्रदर्शनकारियों ने मीडिया के खिलाफ भी नारेबाजी की।सरकार पर बोला हमला, मांगी राहत सपा जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य तेल और दालों के दाम बेलगाम हो चुके हैं, जिससे किसान, मजदूर और गरीब परिवार भुखमरी के कगार पर हैं। राज्यसभा सांसद जावेद अली खान ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल पर भारी टैक्स वसूला जा रहा है, जिससे परिवहन महंगा हो गया है और इसका सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ रहा है। संसद से सड़क तक आंदोलन की चेतावनी सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि समाजवादी पार्टी जनहित के इन मुद्दों पर संसद से लेकर सड़क तक संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने मांग की कि सरकार अविलंब एक्साइज ड्यूटी घटाकर जनता को राहत दे। गुन्नौर विधायक रामखिलाड़ी यादव ने कहा कि महंगाई के मुद्दे को विधानसभा में भी पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा। सपा नेताओं ने केंद्र





व प्रदेश सरकार से मूल्य नियंत्रण बोर्ड के गठन और जरूरी वस्तुओं पर सब्सिडी बढ़ाने की मांग की है। पुलिस से नोकझोंक व मीडिया से नाराजगी। प्रदर्शन के दौरान उस समय स्थिति बिगड़ गई जब सपाइयों को डीएम कार्यालय के बाहर पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। बैरिकेडिंग पर पुलिस व कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक और धक्का-मुक्की हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने पत्रकारों के सवालों पर नाराजगी जताते हुए मीडिया के खिलाफ भी नारेबाजी की, जो चर्चा का विषय बनी रही।ये रहे मौजूद
प्रदर्शन में पूर्व मंत्री अकील उर रहमान, पूर्व विधायक राजेश यादव, जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधर, सोहेल इकबाल, फिरोज खान, विमलेश कुमारी, उमेश दिवाकर, इरफान प्रधान, अखिलेश यादव, ओमप्रकाश प्रजापति, बिट्टू कश्यप, सुरेंद्र यादव, शोभित कुमार, पप्पू यादव, फैजान शाही, सद्दाम कुरैशी, केपी सिंह, रजत यादव, सुमित यादव, राम खिलाड़ी सिंह , अमित यादव राजीव रस्तोगी, रविंद्र सिंह, मनीष यादव, मुजफ्फर प्रधान, जीशान, सूरज यादव, राजेश यादव, रामौतार, आरिफ प्रधान, शाकिल अंसारी, मुरशीद खान, तसलीम, रहीस अहमद, कपिल देव, वीरन यादव, विवेक आजाद, अनिकेत जाटव, राजू सागर, गुड्डू ठाकुर, टीटू ठाकुर, अरुण जाटव, मुनीष जाटव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# बसपा की समीक्षा बैठक में बूथ गठन और सक्रियता पर चर्चा, आशीष कश्यप के नेतृत्व में दर्जनों बने सदस्य

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**
कानपुर। आगामी विधानसभा चुनाव में बहुजन समाजवादी पार्टी अपने विरोधी दलों को बहुत बड़ी टक्कर देने की तैयारी में जुटी हुई है। कानपुर मंडल की समीक्षा बैठक में भी इसी कथन की पुष्टि होती दिखाई पड़ी। इस समीक्षा बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने बूथ गठन, संगठन विस्तार और कार्यकर्ताओं की सक्रियता को लेकर चर्चा की। बैठक में बड़ी संख्या में युवाओं के पार्टी में शामिल होने से बसपा ने शक्ति प्रदर्शन भी किया।



अगर बहुजन समाज पार्टी में युवाओं की भूमिका की बात करें तो उसकी मजबूती में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका आशीष कश्यप जैसे तेजतर्रार और व्यवहार कुशल युवा नेताओं की नजर आ रही है।

खास बात यह भी कि हर किसी के सुख दुख में सदैव खड़े होने वाले और अपनी व्यवहार कुशलता के बल पर हर जाति, हर धर्म और हर वर्ग के मतदाताओं में चुनाव जीतने की हद तक मजबूत पकड़ रखने वाले युवा नेताओं में सुमार आशीष कश्यप बसपा के प्रति समर्पित तो शुरू से ही हैं। उसके लिए काम भी जमकर करते रहे हैं। लेकिन उन्होंने सदस्यता पार्टी प्रमुख बहन मायावती का आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद ही ली है। वह समाजवादी पार्टी और भीम आर्मी के लगभग 200 कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक के दौरान बसपा में शामिल हुए। इस बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी एवं मुख्य मंडल. प्रभारी डा. विजय प्रताप ने कार्यकर्ताओं से हर बूथ पर मजबूत टीम तैयार करने का आह्वान किया। मुख्य मंडल प्रभारी सूरज सिंह जाटव ने भी पार्टी सुप्रीमो मायावती के निदेशों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। बैठक में मुख्य मंडल प्रभारी संजय गौतम, अनिल पाल, बौद्ध प्रिय गौतम, नरेंद्र कुशवाहा, जितेंद्र संखवार और जिला अध्यक्ष सुशील कुमार गौतम व विभिन्न जिलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जवाहरपुर मेवला में भाजपा बूथ अध्यक्षों की बैठक, 2027 में फिर सरकार बनाने का आह्वान

जिला महामंत्री शेर सिंह गुर्जर बोले- भाजपा की करनी-कथनी में अंतर नहीं, सबका साथ-सबका विकास पर काम

**समाज जागरण बागपत।**



भारतीय जनता पार्टी द्वारा ग्राम जवाहरपुर मेवला में शक्ति केंद्र बली मेवला स्थित सुनील कुमार मेवला के आवास पर बूथ अध्यक्षों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन हर्ष दीक्षित तथा अध्यक्षता नामित सभासद मनोज पहलवान ने की। बैठक में मुख्य अतिथि जिला महामंत्री शेर सिंह गुर्जर ने कहा कि भाजपा की करनी और कथनी में कोई अंतर नहीं है। भाजपा सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में बहन-बेटियां सुरक्षित हैं और किसान-मजदूर खुशहाल हैं। शेर सिंह गुर्जर ने कार्यकताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव में पुनः भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष ओमवीर धामा, राकेश आर्य, सुनील मेवला, प्रवेश मेवला, मनोज कुमार, प्रशांत धामा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## माधव सरस्वती विद्या मंदिर में चल रहे समर कैंप का हुआ समापन

**समाज जागरण बागपत।**




माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर में आयोजित समर कैंप के समापन अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा फूड विदाउट फायर गतिविधि का आकर्षक आयोजन किया गया। इस गतिविधि में बच्चों ने बिना आग का उपयोग किए विभिन्न स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजन तैयार कर अपनी रचनात्मकता, स्वच्छता एवं पाक-कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सलाद, सैंडविच, भेल, फ्रूट चाट एवं अन्य स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन तैयार किए। बच्चों के उत्साह एवं प्रतिभा को देखकर उपस्थित शिक्षकगण एवं अभिभावक अत्यंत प्रसन्न हुए। विद्यालय परिवार ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में आत्मविश्वास, सहयोग भावना एवं व्यवहारिक शिक्षा का विकास करती हैं। समर कैंप के समापन अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रवीश कुमार ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के आचार्यों ने कहा कि समर कैंप के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, कौशल एवं सृजनात्मक गतिविधियों का भी अनुभव प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

# सिलाना के उदय मलिक का IIT मद्रास में टरू फिजिक्स के लिए चयन, परिवार में खुशी

ऑल इंडिया २५६वीं रैंक, ३६.३३ स्कोर के साथ बढ़ाया गांव-जनपद का मान, साधारण किसान के बेटे ने किया कमाल

**समाज जागरण छपरौली।**



गांव सिलाना निवासी रामकुमार मलिक के पुत्र उदय मलिक का एम एससी फिजिक्स के लिए आईआईटी मद्रास में चयन हुआ है। सफलता से परिवार व गांव में खुशी की लहर है। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, दिल्ली यूनिवर्सिटी से बीएससी फिजिक्स ऑनर्स के छात्र उदय मलिक ने 36.33 मार्क स्कोर के साथ ऑल इंडिया में 256वां रैंक हासिल किया है। उदय के पिता रामकुमार साधारण किसान हैं। बहन अंशु मलिक लखनऊ जेल में डिप्टी जेलर हैं। दिल्ली पुलिस में कार्यरत चाचा संजय मलिक ने बताया कि आईआईटी मद्रास का सपना पूरा करने के लिए उदय ने कठिन परिश्रम किया। उदय की सफलता पर सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, डॉ. कुलदीप उज्जवल, समाजसेवी आरआरडी उपाध्याय, शिक्षक नेता कुलदीप मलिक, सुभाष पहलवान, ठेकेदार धूम सिंह, व्यवसायी केटी भैया, डॉ. जयकुमार सरोहा आदि ने परिवार को बधाई दी।

## राष्ट्रीय विप्र विद्वत परिषद् के जिलाध्यक्ष बने पंडित अम्बे प्रसाद कौत्स

**समाज जागरण बागपत।**



राष्ट्रीय विप्र विद्वत परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजकुमार शास्त्री ज्योतिषाचार्य की संस्तुति पर आज खेकड़ा नगर निवासी पंडित अंबे प्रसाद कौत्स को राष्ट्रीय विप्र विद्वत परिषद् का जिला अध्यक्ष बागपत नियुक्त किया गया। जिला अध्यक्ष अंबे प्रसाद ने कहा कि मैं संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करूंगा और सभी को साथ लेकर चलूंगा। अंबे प्रसाद के जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर उन्हें पंडित नरेश शर्मा चौधरी 360 पंडित अनुज कौशिक पंडित अनुज शर्मा पंडित पुनीत शर्मा पंडित उमेश शर्मा पंडित महेश शर्मा पंडित राजीव शर्मा पंडित विपिन शर्मा व पंडित मोहित शर्मा ने बधाई दी और कहा कि हम आचार्य जी का पूर्ण सहयोग करेंगे।

# सरफाबाद गांव के पास तीन युवकों पर चाकू-बेल्ट से हमला, गंभीर घायल

एक घंटे तक बेहोश पड़े रहे घायल; विकास समेत 6 आरोपियों पर मुकदमा दर्ज, पुलिस तलाश में जुटी

**समाज जागरण चांदीनगर।**

थाना क्षेत्र के सरफाबाद गांव के पास बुधवार रात तीन युवकों पर चाकू, बेल्ट और अन्य हथियारों से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। हमले के बाद तीनों युवक करीब एक घंटे तक मौके पर बेहोशी की हालत में पड़े रहे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार घायल युवकों की पहचान आरिफ पुत्र बाखिर, मोनू पुत्र धर्मवीर और बलवीर पुत्र राममेहर के रूप में हुई है। बताया गया कि तीनों युवक रात करीब 9 बजे फुलैरा मार्ग से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान गोना गांव के विकास और उसके पांच-छह साथियों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि कहासुनी के बाद विकास और उसके साथियों ने तीनों युवकों पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने चाकू, बेल्ट और अन्य हथियारों से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। बताया गया कि हमले के बाद तीनों युवक करीब एक घंटे तक सड़क किनारे बेहोशी की हालत में पड़े रहे। बाद में वहां से गुजर रहे राहगीरों की नजर उन पर पड़ी, जिन्होंने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों की मदद से घायलों को उपचार के लिए पिलाना अस्पताल भिजवाया गया। घटना के संबंध में घायल आरिफ के भाई साबिर पुत्र बाखिर ने चांदीनगर थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# एमएलसी श्रीचंद शर्मा ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**समाज जागरण बागपत।**

एमएलसी श्रीचंद शर्मा ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से साथी विधायकगणों उमेश द्विवेदी, मानवेंद्र प्रताप सिंह, अवनीश कुमार सिंह, हरि सिंह ढिल्लों के साथ भेंट कर पार्टी द्वारा शिक्षकों एवं शिक्षा क्षेत्र की सेवा करने हेतु पुनः प्रत्याशी बनाए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार प्रकट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। साथ ही अपने गृह जनपद गौतमबुद्धनगर, जेवर, ग्राम बनवारीवास



में विगत दिन पहले घटी अपराधिक घटना 14 वर्षीय गोपाल की जघन्य हत्या के विषय में अवगत कराकर उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने की मांग की। इसके अलावा जनपद सहारनपुर में मंदिर के पुजारी के साथ हुए अपमानजनक कृत्य के विषय में भी अवगत कराकर निष्पक्ष जांच कराते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की।

## लहचौड़ा में फूड प्वाइजनिंग से एक ही परिवार के चार लोग बीमार, जिला अस्पताल में भर्ती

आलू-गोभी की सब्जी खाने के बाद बिगड़ी तबीयत; पेट दर्द और उल्टी के बाद परिजनों ने पहुंचाया अस्पताल, अब हालत में सुधार

**समाज जागरण बागपत।**

लहचौड़ा गांव में फूड प्वाइजनिंग से एक ही परिवार के चार सदस्यों की तबीयत बिगड़ गई। रात में खाना खाने के बाद परिवार के लोगों को पेट दर्द और उल्टी होने लगी। परिजनों ने सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां अब उनकी हालत में सुधार है। लहचौड़ा गांव निवासी यासीन ने बताया कि मंगलवार को घर में आलू-गोभी की सब्जी बनाई गई थी। परिवार के सभी सदस्यों ने सब्जी-रोटी खाई थी। रात में खाना खाने के बाद सभी सो गए। रात में अचानक उसकी बेटी नगमा, तासिना, पुत्र सोनू और पत्नी समीना की तबीयत बिगड़ने लगी। उन्हें चक्कर आने लगे और पेट दर्द के साथ उल्टी होने लगी। हालत बिगड़ती देख परिजनों ने चारों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यासीन ने बताया कि अब सभी की तबीयत में सुधार है। चिकित्सकों का कहना है कि गर्मी में बासी खाना खाने या फिर कटी-फटी सब्जी और फलों का सेवन करने से फूड प्वाइजनिंग का खतरा रहता है। गर्मी में खाने-पीने का विशेष ध्यान रखने की जरूरत होती है।

## मड़ियादो में पुलिस की सघन वाहन चेकिंग, नशे में वाहन चलाने वालों पर कड़ी नजर

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

हटा/मड़ियादो। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित एवं सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से मड़ियादो पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी प्रीति पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्र में वाहनों की जांच कर चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी। अभियान के दौरान वाहन चालकों के दस्तावेज, हेलमेट, सीट बेल्ट, नंबर प्लेट तथा नशे की हालत में वाहन चलाने वालों की विशेष रूप से जांच की गई। वाहन चेकिंग अभियान में एसआई प्रेम सिंह, आरक्षक निशांत वैष्णव, धर्मेंद्र सिंह एवं नरेंद्र प्रजापति सहित पुलिस बल सक्रिय रूप से मौजूद रहा। पुलिस टीम ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर उनके आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। जिन वाहन चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी, बीमा एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र नहीं पाए गए, उन्हें नियमों का पालन करने की चेतावनी दी गई। वहीं कुछ वाहन चालकों के विरुद्ध यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालानी कार्रवाई भी की गई। थाना प्रभारी प्रीति पांडे ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण नशे की हालत में वाहन चलाना और यातायात नियमों की अनदेखी करना है। इसे ध्यान में रखते हुए पुलिस लगातार अभियान चला रही है ताकि आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाना, तेज गति से वाहन दौड़ाना और शराब पीकर ड्राइविंग करना न केवल कानूनन अपराध है बल्कि इससे अन्य लोगों की जान भी खतरे में पड़ जाती है। अभियान के दौरान पुलिस ने कई वाहन चालकों को रोककर ब्रेथ एनालाइजर से जांच भी की। संदिग्ध स्थिति में पाए गए चालकों से पूछताछ कर उन्हें भविष्य में सावधानी बरतने की हिदायत दी गई। पुलिस ने युवाओं से विशेष अपील करते हुए कहा कि वे स्टंटबाजी और लापरवाही से वाहन न चलाएं। छोटी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। मड़ियादो क्षेत्र में लगातार बढ़ते यातायात दबाव और सड़क दुर्घटनाओं की




घटनाओं को देखते हुए स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की। नागरिकों का कहना है कि ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाने चाहिए ताकि वाहन चालक नियमों के प्रति जागरूक रहें और दुर्घटनाओं में कमी आए। कई लोगों ने माना कि पुलिस की सक्रियता से क्षेत्र में अनुशासन बढ़ा है और असामाजिक गतिविधियों पर भी नियंत्रण लगाने में मदद मिल रही है। पुलिस टीम ने वाहन चालकों को समझाइश देते हुए कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें, ओवरलोडिंग से बचें तथा सभी आवश्यक दस्तावेज हमेशा साथ रखें। साथ ही नाबालिग बच्चों को वाहन न देने की भी अपील की गई। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। थाना प्रभारी प्रीति पांडे ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल चालान बनाना नहीं बल्कि लोगों की जान बचाना है। यदि सभी लोग जिम्मेदारी के साथ यातायात नियमों का पालन करें तो सड़क हादसों में काफी हद तक कमी लाई जा सकती है। अभियान के दौरान पुलिस की मौजूदगी से बाजार और मुख्य मार्गों पर काफी देर तक हलचल का माहौल बना रहा तथा वाहन चालकों में नियमों के पालन को लेकर सतर्कता देखने को मिली।

# 5 दिन के विराम बाद 29 मई से फिर शुरू होगी जन सम्मान पदयात्रा, चौधरी रामवीर सिंह ने किया आह्वान

ग्रामीणों के सुख-दुख साझा करने व समस्याएं सुनने के लिए गांव-गांव पहुंचेगा कारवां, भाईचारा मजबूत करना मकसद

**समाज जागरण बड़ौत।**



आपसी भाईचारा मजबूत करने और जमीनी समस्याएं समझने के लिए निकाली जा रही जन सम्मान पदयात्रा का अगला चरण 29 मई से फिर शुरू होगा। 5 दिन के संक्षिप्त विराम के बाद यात्रा और आत्मीयता व व्यापक जन-संवाद के साथ गांवों में पहुंचेगी। यात्रा का स्वरूप पूरी तरह सामाजिक और सेवा भाव से प्रेरित है। मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य ग्रामीण समस्याओं को सुनना, समझना और हर परिवार के सुख-दुख में साझीदार बनना है। प्रथम चरण में गांवों की चौपालों पर प्रबुद्ध नागरिकों, किसानों व युवाओं से सार्थक चर्चा हुई थी। विराम के दौरान मिले व्यावहारिक सुझावों व स्थानीय समस्याओं की समीक्षा की गई, ताकि प्राथमिकता से समाधान के प्रयास हों। बताया गया कि यह यात्रा चुनावी तामझाम या दिखावे के लिए नहीं, बल्कि पगडंडियों पर चलकर जनता के साथ मजबूत सामाजिक परिवार बनाने का निस्वार्थ प्रयास है। 29 मई से कारवां फिर आगे बढ़ेगा ताकि कोई गांव व परिवार अपनी बात रखने से वंचित न रहे। चौधरी रामवीर सिंह ने क्षेत्र की जनता, युवाओं व प्रबुद्ध जनों से 29 मई से शुरू हो रहे अगले चरण में स्नेह व मार्गदर्शन की अपील की, ताकि मिलकर बड़ौत क्षेत्र की तरक्की व सामाजिक समरसता को नई दिशा दी जा सके।

# यूरिया खाद के लिए किसानों की लंबी कतारें, वीडियो वायरल

--जसाला केंद्र पर उमड़ी भीड़ का वीडियो वायरल, किसानों ने लगाए लापरवाही के आरोप

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**



नगर एवं क्षेत्र के खाद केंद्रों पर यूरिया खाद लेने के लिए किसानों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। घंटों लाइन में लगने के बावजूद कई किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है, जिससे उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। बुधवार को गांव जसाला केंद्र पर किसानों की भारी भीड़ का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसने खाद वितरण व्यवस्था की पोल खोल दी।इन दिनों किसान धान की फसल की तैयारी में जुटे हुए हैं। खेतों की सिंचाई के साथ-साथ फसलों में यूरिया की जरूरत बढ़ गई है। आगामी दिनों में धान की बुवाई शुरू होनी है, जिसके चलते किसानों की खाद की मांग लगातार बढ़ रही है। इसी कारण किसान सुबह से ही नगर और क्षेत्र के खाद केंद्रों पर पहुंच रहे हैं।भीड़ अधिक होने से किसानों को घंटों तक लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है। कई बार धक्का-मुक्की जैसी स्थिति भी बन जाती है। किसानों का आरोप है कि शासन के निदेर्शों के बावजूद केंद्रों पर तैनात कर्मचारी मनमाने तरीके से खाद वितरण कर रहे हैं। आरोप है कि कर्मचारी समय से पहले खिड़की बंद कर केंद्र से चले जाते हैं, जिससे कई किसानों को बिना खाद लिए लौटना पड़ता है।बुधवार को वायरल वीडियो में जसाला इफको केंद्र के बाहर सैकड़ों किसान लंबी कतार में खड़े दिखाई दिए। किसानों ने प्रशासन से खाद वितरण व्यवस्था में सुधार कराने और पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराने की

# हटा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: तीन अलग-अलग मामलों में 3 आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय में पेश

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह/हटा- जिला पुलिस अधीक्षक श्री आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुजीत सिंह भदौरिया एवं एसडीओपी श्री सौरभ त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में थाना हटा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक लोन लेने वाले गिरोह, फर्जीवाड़ा कर ट्रक हड़पने वाले गिरोह के एक-एक आरोपी सहित हत्या के प्रयास मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कुल 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया है।

फर्जी दस्तावेजों से 5.30 लाख का केसीसी लोन हड़पने वाला जालसाज गिरफ्तार पहला मामला कुम्हारी थाना क्षेत्र के ग्राम रसुईया का है, जहाँ प्रार्थी गनेश पिता बानसींग यादव के नाम और जमीन का गलत इस्तेमाल कर धोखाधड़ी की गई थी। अज्ञात आरोपियों ने गनेश के दस्तावेजों पर किसी अन्य व्यक्ति की फोटो लगाकर फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी तैयार किए। इसके बाद यूनियन बैंक शाखा हटा से कृषि भूमि पर ₹5,30,000 का किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) लोन दिनांक 09/09/2019 को पास कराकर राशि निकाल ली। शिकायत की जांच के बाद 10/10/2023 को थाना हटा में अपराध क्रमांक 440/2023, धारा 419, 420, 468, 467 ता.हि. (IPC) के तहत मामला दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान फर्जी दस्तावेजों पर लगी फोटो के आधार पर मुख्य आरोपी अमर सींग पिता गुलाब सींग लोधी (उम्र 33 वर्ष), निवासी ग्राम बिछुआ, थाना पटेरा (दमोह) को पीथमपुर (जिला धार) से हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर इस धोखाधड़ी को अंजाम देना स्वीकार किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है, वहीं शेष आरोपियों की तलाश जारी है। फर्जी आईडी के दम पर 14



चक्का ट्रक उड़ाने वाले गिरोह का पदार्फाश दूसरा मामला ट्रक खरीद-बिक्री में लाखों की धोखाधड़ी से जुड़ा है। प्रार्थी संतोष पिता प्रेमनारायण पटैरया (निवासी खिमलासा, जिला सागर) ने अपना 14 चक्का ट्रक हटा के यादव पेट्रोल पंप के पास बाबू खान (हटा), मोन्टी उर्फ शाहबाज खान (सागर) और गुड्डू उर्फ फिरोज खान (जबलपुर)
को ₹13,78,000 में बेचा था। आरोपियों ने ₹2,35,000 नगद दिए और शेष राशि बाद में देने का वादा कर ट्रक का विक्रयनामा तैयार करवाया और ट्रक लेकर चंपत हो गए। जब तय समय पर पैसे नहीं मिले तो आवेदक ने शिकायत दर्ज कराई। जांच में पता चला कि आरोपियों ने जो आधार कार्ड और पते दिए थे, वे पूरी तरह फर्जी थे। थाना हटा में दिनांक 11/03/2025 को अपराध क्रमांक 90/2025, धारा 419, 420, 468, 471, 34, 467 ता.हि. के तहत मामला दर्ज हुआ। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मोन्टी उर्फ शाहबाज खान पिता रईश खान (उम्र 29 वर्ष), निवासी जहांगीराबाद (भोपाल)को भोपाल से दबोच लिया। आरोपी ने कबूला कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज के सहारे ट्रक खरीदा और उसे आगे शाहिद अली नामक व्यक्ति को बेच दिया। पुलिस बाकी फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। कांटी बस स्टैंड पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी चढ़ा हत्थे तीसरा मामला मड़ियादौ क्षेत्र का है, जहाँ बस स्टैंड पर विवाद के बाद एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया था। दिनांक 20/01/2026 को संजल अग्रवाल ने हटा सिविल अस्पताल में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कांटी बस स्टैंड पर सीताराम बस सर्विस के ड्राइवर, कंडक्टर रामस्वरूप, छोटू गोस्वामी, अवधेश गोस्वामी और पडू महराज ने उनके पड़ोसी शिवम नोगरईया के साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने लोहे के लीवर, व्हील पाना, बांस के डंडे और लात-घूंसों से शिवम पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसके सिर, पीठ और दोनों जांघों में गंभीर चोटें आईं।

पुलिस ने शुरूआत में अपराध क्र. 33/2026 के तहत बीएनएस (BNS) की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया था, जिसे बाद में मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धारा 109 और 117(2) बीएनएस (हत्या का प्रयास) में तब्दील किया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए हटा पुलिस ने आरोपी अवधेश गोस्वामी पिता बलदाऊ गोस्वामी, निवासी गर्दा (थाना किशनगढ़, जिला छतरपुर)को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर दिया है। अन्य सह-आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका**

इस पूरी सफल और त्वरित कार्रवाई में हटा थाने के निम्नलिखित अधिकारी व कर्मचारियों की विशेष और सराहनीय भूमिका रही निरीक्षकसुधीर कुमार बेगी (थाना प्रभारी),सहायक
उपनिरीक्षक अरविन्द राय ,प्रधान आरक्षक महेन्द्र कुमार रैकवार,प्रधान आरक्षक अनिल गौतम,आरक्षक पवन पटैल,आरक्षक अभिषेक बारोलिया,आरक्षक मोहन साहू (थाना हटा, जिला दमोह)

# विशेष रिपोर्ट : कागजों पर 'नल', हकीकत में 'जल' का इंतजार; करोड़ों के प्रोजेक्ट के बाद भी बूंद-बूंद को तरसते ग्रामीण

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह/हटा- पटेरा जनपद की ग्राम पंचायत भटिया में पानी की किल्लत से जूझ रहे ग्रामीण सरकार की इस योजना के तहत प्रत्येक गांव में पानी की टंकियां बनाने, पाइपलाइन बिछाने और हर घर में नल कनेक्शन देने के लिए करोड़ों रुपये का बजट पानी की तरह बहाया गया। लेकिन आज स्थिति यह है कि कई गांवों में टंकियां तो खड़ी कर दी गई हैं, लेकिन उनमें भरने के लिए पानी का कोई स्रोत ही नहीं है। कहीं पाइपलाइनें बिछाने के बाद उन्हें मुख्य स्रोत से जोड़ा ही नहीं गया, तो कहीं घटिया निर्माण कार्य के कारण पहली ही टेस्टिंग में पाइपलाइनें फट गईं। कागजों पर शत-प्रतिशत सफलता, जमीन पर सूखा सरकार द्वारा हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई 'नल-जल योजना' (जल जीवन मिशन) ग्रामीण इलाकों में दम तोड़ती नजर आ रही है। सरकारी फाइलों और समीक्षा बैठकों में जहां इस योजना को 'शत-प्रतिशत सफल' दिखाकर अधिकारी अपनी पीठ थपथपा रहे हैं, वहीं जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। भीषण गर्मी की शुरूआत के साथ ही गांवों में पानी के लिए त्राहि-त्राहि मची हुई है, और ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं। अधिकारियों और ठेकेदारों की जुगलबंदी का शिकार हुई योजना स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस पूरी योजना में भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा है। ठेकेदारों ने अधिकारियों से साठगांठ कर आनन-फानन में कागजी औपचारिकताएं पूरी कीं और बिना पूरी तरह चालू किए ही प्रोजेक्ट को 'हैंडओवर' दिखा दिया। मीलों दूर से पानी ढोने को मजबूर महिलाएं इस असफलता की सबसे बड़ी गाज ग्रामीण महिलाओं और बच्चों पर गिरी है। सुबह की पहली किरण के साथ ही महिलाएं सिर पर बर्तन रखकर पानी की तलाश में निकल पड़ती हैं। कई गांवों में ग्रामीणों को निजी नलकूपों (ट्यूबवेल) के मालिकों की मिन्नतें करनी पड़ती हैं या फिर दूषित कुओं और पोखरों के पानी पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे जलजनित बीमारियों का खतरा भी तेजी से बढ़ रहा है।

जहां योजना शुरू भी हुई, वहां मामूली खराबी आने के बाद उसे ठीक करने वाला कोई नहीं है। पंचायत और पीएचई (PHE) विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी टाल रहे हैं। बिना वाटर लेवल (जलस्तर) की जांच किए कई जगहों पर बोरिंग कर दी गई, जो कुछ ही दिनों में सूख गई। कई गांवों में बुनियादी ढांचा तैयार है, लेकिन मोटर चलाने के लिए महीनों से बिजली का कनेक्शन ही नहीं लिया गया है। सरकार की नीयत हर घर तक पानी पहुंचाने की बेशक सही हो सकती है, लेकिन जब तक जवाबदेही तय नहीं होगी और 'कागजी विकास' के इस खेल को बंद नहीं किया जाएगा, तब तक करोड़ों रुपये के ये प्रोजेक्ट सिर्फ सरकारी खजाने को चूना लगाते रहेंगे। ग्रामीणों को आज खोखले दावों की नहीं, बल्कि अपने घर के नल में 'जल' की जरूरत है।

**जिम्मेदारों का क्या है कहना?**

जब इस संबंध में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से बात की गई, तो उनका हमेशा की तरह एक ही रटा-रटाया जवाब था। "मामला संज्ञान में आया है। कुछ तकनीकी दिक्कतों और बिजली सप्लाई न होने के कारण कुछ गांवों में समस्या हो सकती है। इसकी जांच के लिए एक टीम गठित की जाएगी और दोषी ठेकेदारों पर कार्रवाई होगी।"

**भटिया के ग्रामीणों का कहना-**

हमारे घर के बाहर नल तो लगा दिया गया है, लेकिन पिछले छह महीनों में उसमें से एक बूंद पानी भी नहीं टपका। शोपीस बने इस नल को देखकर अब हमें चिढ़ होने लगी है।"गांब में दर्जनों सरकारी बोरबेल, दर्जनों सरकारी पानी की मोटर, पर जमीनी स्तर पर गायब पूरा गांब पानी के लिये परेशान हो रहा है

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**समाज जागरण**

**कांधला। (फुरकान जंग)** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक स्वर्गीय बालेश्वर लाल अग्रवाल की 39वीं पुण्यतिथि के अवसर पर नगर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों ने स्वर्गीय अग्रवाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं फूलमाला पहनाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन नगर के मोहल्ला रायजादगान निवासी राजेश चौहान के आवास पर किया गया, जिसमें क्षेत्र के अनेक पत्रकार



साथी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पत्रकार हितों, संगठन की मजबूती तथा निष्पक्ष पत्रकारिता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।इस अवसर पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष इंद्र पांचाल ने कहा कि संगठन हमेशा पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए तत्पर रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन हर परिस्थिति में पत्रकारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा है और भविष्य में भी किसी भी पत्रकार का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तहसील अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन से जुड़ा प्रत्येक पत्रकार अपने आप में एक मजबूत कड़ी है। उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और सभी पत्रकार निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता कर समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहे हैं तथा आगे भी करते रहेंगे।सभा के अंत में सभी पत्रकारों ने स्वर्गीय बालेश्वर लाल अग्रवाल के बताए मार्ग पर चलने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष फुरकान जंग, इस्तखार भाटी, आरिफ जंग, काला , राजीव चौहान, सोनू ठाकुर, मुनव्वर हसन, इरफान जंग, रोमी मलिक, आदिल राणा, सोनू, पुष्पेंद्र चौहान सहित दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे।

# मनुष्य के जीवन में परिवार, संस्कार एवं कर्म का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान, जैन मुनि

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) दिगम्बर जैन धर्मशाला में विराजमान वाक्केसरी आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर मुनिराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन में परिवार, संस्कार और कर्म का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। परिवार केवल संबंधों का समूह नहीं, बल्कि जीवन की पहली पाठशाला है, जहां व्यक्ति प्रेम, सहयोग, अनुशासन और सदाचार की शिक्षा प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि परिवार से मिलने वाले संस्कार ही व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं और उसे सही दिशा प्रदान करते हैं। अच्छे संबंध और सकारात्मक सोच जीवन को सुखद एवं सार्थक बनाते हैं। जैन



दर्शन में कर्म सिद्धांत को विशेष महत्व दिया गया है। मनुष्य जो भी कर्म करता है, उसका फल उसे स्वयं ही भोगना पड़ता है। माता-पिता, परिवार और मित्र सुख-दुख में साथ दे सकते हैं, लेकिन कर्मों के फल के भागीदार नहीं बन सकते। कहा कि अच्छे कर्म व्यक्ति को सुख, शांति और सम्मान प्रदान करते हैं, जबकि गलत कर्म दुख और कष्ट का कारण बनते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने विचारों और आचरण को शुद्ध रखने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई बार मनुष्य अज्ञान और आकर्षण के कारण गलत बातों को भी उचित समझने लगता है, लेकिन जब ज्ञान और समझ का प्रकाश मिलता है तो सही और गलत का अंतर स्पष्ट हो जाता है। आगामी 31 मई रविवार को जैन धर्मशाला में प्रातः 6 बजे से एक दिवसीय सिद्धचक्र महा मंडल विधान की स्थापना होगी, जिसमें 108 जोड़ों के बैठने का निर्णय लिया गया है।

## बरनावी के ग्राम प्रधान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। फोन पर गाली-गलौज करने और धमकी देने के मामले में पुलिस ने गांव बरनावी के ग्राम प्रधान के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव बरनावी निवासी जीशान ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका अपने भाई मारूफ के साथ पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। बाद में जिम्मेदार लोगों ने दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया था। आरोप है कि उसका भाई मारूफ ग्राम प्रधान इरफान के कहने में रहता है। गांव में पार्टीबाजी के चलते ग्राम प्रधान इरफान उससे रंजिश रखता है।पीड़ित का आरोप है कि रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे ग्राम प्रधान इरफान ने उसे फोन कर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। उसने बताया कि बातचीत की रिकॉर्डिंग उसके मोबाइल फोन में सुरक्षित है। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कांग्रेस कार्यकताओं एवं क्षेत्रीय किसानों ने की गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) कांग्रेस कार्यकताओं एवं क्षेत्रीय किसानों ने बुधवार को राष्ट्रपति के नाम एस डीएम न्यायिक हामिद हुसैन को ज्ञापन सौंपकर गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने, पेट्रोल-डीजल के दाम कम करने तथा एनटीए एवं शिक्षा मंत्री को बर्खास्त किए जाने की मांग उठाई। साथ ही ऊदपुर सहकारी समिति के सचिव आशीष चौधरी को बहाल किए जाने की मांग भी की गई। कलेक्ट्रेट पहुंचे कांग्रेस कार्य कताओं और किसानों ने आरोप लगाया कि ऊदपुर सहकारी समिति के सचिव आशीष चौधरी को झूठी शिकायत के आधार पर निलंबित कराया गया है। किसानों का कहना था कि सचिव ने समिति के चेयरमैन के करीबी लोगों को खाद देने से मना कर दिया था। आरोप है कि चेयरमैन के कुछ करीबी खाद व दवाई की



दुकान संचालित करते हैं और समिति से खाद खरीदकर किसानों को महंगे दामों पर बेचते हैं। इसका विरोध करने पर सचिव को साजिश के तहत फर्जी मामले में फंसाया गया। कांग्रेस के युवा प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार में किसानों का हक मारकर पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने सरकार से गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग की। योगेश भारद्वाज ने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में अंतर है तथा बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। जिला महासचिव पुनीत शर्मा ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों पर चिंता जताई, जबकि पूर्व शहर अध्यक्ष लोकेश कटारिया ने एनटीए और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त किए जाने की मांग उठाई। इस दौरान अशवनी शर्मा, पुनीत शर्मा, लोकेश कटारिया, नासिर चौधरी, रवि शर्मा, विनीत चौधरी, प्रवेंद्र चौधरी, अमरपाल, सुनील, अर्जुन सरपंच, अमन शर्मा, अनिल पासवान, अरुण वर्मा, सोनू सैनी, राहुल चौधरी, वेदपाल सिंह मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने पंडित जवाहरलाल नेहरु की पुण्यतिथि पर की श्रद्धांजलि अर्पित

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने बुधवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन चरित्र एवं देश निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया गया।
उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य ओमप्रकाश शर्मा के कैम्प कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकताओं ने महान स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। साथ ही उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि देश में नवरत्न कंपनियों की स्थापना से लेकर



भाखड़ा बांध जैसे बड़े परियोजनाओं के निर्माण में पंडित जवाहरलाल नेहरू का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने आधुनिक भारत की नींव रखी तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। वैभव गर्ग ने कहा कि देश के अधिकांश उच्च शिक्षण संस्थानों की स्थापना भी नेहरू के कार्यकाल में हुई, जिसने देश को नई दिशा देने का कार्य किया। आज भी लोग उनके द्वारा किए गए कार्यो की सराहना करते है, लेकिन देश की केन्द्र सरकार अपनी नामामियों को छिपाने के लिए सिर्फ उनको बदनाम करने का प्रयास कर रही है। कार्यक्रम में वैभव गर्ग, बाबूखान, प्रवीण तरार, ओमवीर उपाध्याय, विनोद अत्री, शेखरपाल, बिजेंद्रपाल वर्मा, सोहिल धीमान, चौधरी सोमदेव तोमर, डॉ. श्रीपाल सिंह, मास्टर नरेंद्र सिंह, सागर खंडेलवाल, रविंद्र आर्य, पंडित ज्योति प्रसाद सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लापरवाही से बाइक चलाने पर रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। सड़क हादसे में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने बाइक चालक के विरुद्ध लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की। जनपद सहारनपुर के थाना गंगोह क्षेत्र के गांव खानपुर गुर्जर निवासी इमरान ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई मुजम्मिल पानीपत में हैंडलूम पर काम करता था। बीते शनिवार दोपहर करीब 12 बजे वह बाइक से अपने गांव से कैराना आ रहा था। जब वह नाहिद कॉलोनी के निकट पहुंचा, तभी विपरीत दिशा से तेज गति और लापरवाही से आ रही एक बाइक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मुजम्मिल गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जिले भर में पड़ रही भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) जिले में भीषण गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। हालात यह रहे कि सुबह 10 बजे ही तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि दिन का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।
बुधवार सुबह से ही आसमान से आग बरसती महसूस हुई। तेज धूप के कारण दोपहर के समय बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोग सिर और चेहरे को कपड़े से ढंककर निकलते दिखाई दिए। गर्म



हवाओं और उमस ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी। भीषण गर्मी के चलते सबसे अधिक दिक्कत बच्चों, बुजुर्गों और मजदूर वर्ग को उठानी पड़ रही है। दोपहर के समय सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया। शहर के बडा बाजार, नया बाजार, गांधी चौक, कबाडी बाजार, माजरा रोड, नेहरू मार्किट आदि स्थानों पर बाजार दोपहर के समय खाली नजर आये। राहगीर छांव और ठंडे पानी की तलाश करते नजर आए। वहीं अस्पतालों में भी गर्मी से संबंधित बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है।चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर न निकलने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और धूप से बचाव करने की सलाह दी है। विशेषज्ञों के अनुसार नौतपा के दौरान अगले कुछ दिनों तक तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे गर्मी का प्रकोप और बढ़ने की संभावना है।गर्मी बढ़ने से बिजली और पानी की मांग भी बढ़ गई है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोग दिनभर कूलर, पंखे और एसी का सहारा लेते दिखाई दिए। वहीं कई स्थानों पर बिजली कटौती ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

# श्री कृष्ण की अद्भुत लीलाओं एवं दिव्य चरित्रों का भावपूर्ण वर्णन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) श्री नारायण कुटुम्ब ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत
कथा महोत्सव के छठे दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण की अद्भुत लीलाओं एवं दिव्य चरित्रों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया।
शहर के हनुमान धाम पर आचार्य चंचल शर्मा ने कहा कि भगवान की प्रत्येक लीला केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को धर्म, प्रेम और मयार्दा का संदेश देने वाली है। उन्होंने कहा कि जब जीव अपने अहंकार का त्याग कर प्रभु के चरणों में समर्पित हो जाता है, तभी उसके जीवन में वास्तविक आनंद और कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। छठे दिन की कथा में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा कंस वध का ओजस्वी प्रसंग सुनाया गया। आचार्य ने बताया कि भगवान ने अत्याचार, अहंकार और अधर्म का अंत कर धर्म की



पुनः स्थापना की। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्रीकृष्ण के उद्घोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न मधुर लीलाओं का वर्णन किया गया। बाल स्वरूप से लेकर योगेश्वर रूप तक भगवान की करुणा, सरलता और भक्तवत्सलता ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा का मुख्य आकर्षण श्री रुक्मणी विवाह प्रसंग रहा। आचार्य चंचल शर्मा ने मार्मिक शैली में बताया कि सच्चा प्रेम वही है जिसमें पूर्ण समर्पण और अटूट विश्वास हो। रुक्मणी का भगवान श्रीकृष्ण के प्रति निष्कलंक प्रेम एवं प्रभु द्वारा उनका हरण कर दिव्य विवाह संपन्न करना भक्तों को भक्ति और समर्पण का संदेश देता है। श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिवस का शुभारंभ पूर्व आईजी विजय गर्ग द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डॉ. अर्जुन वर्मा, अनुज जैन, अनिल बंसल, डॉ. राजीव बंसल, मनीष भटनागर, अनुराग जैन, अमित गुप्ता, देवांश बंसल रोबिन गर्ग मौजूद रहे।

# छुरी के साथ एक गिरफ्तार

**समाज जागरण**

कैराना। पुलिस ने एक युवक को अवैध छूरी के साथ गिरफ्तार किया है। मंगलवार रात पुलिस शामली बाईपास के निकट से रजवाहा पटरी मार्ग पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक युवक को रोककर तलाशी ली, जिसके कब्जे से एक अवैध छुरी बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम परवेज निवासी गांव भूरा बताया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया है।

## छात्रों ने कर्ण झील में उठाया बोटिंग का आनंद

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज के कक्षा नौ एवं दस के छात्रों को करनाल स्थित कर्ण झील एवं ग्रीन लैण्ड वाटर पार्क में वन विहार के लिए ले जाया गया। इस दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग



करते हुए भरपूर मनोरंजन किया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा ज्येष्ठ मास की भीषण गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से मंगलवार को तीन बसों के माध्यम से 149 छात्र एवं आचार्यों को करनाल भ्रमण पर भेजा गया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने कर्ण झील पर बोटिंग का आनंद लिया। इसके बाद ग्रीन लैण्ड वाटर पार्क में छात्रों ने स्लाइडिंग, आकर्षक झूलों, वाटर बोट, राफ्टिंग तथा म्यूजिकल फाउंटेन का जमकर लुत्फ उठाया। इस अवसर पर संस्था के उप प्रधानाचार्य मलूक चन्द, सुभाषचन्द, अमन कुमार, प्रमोद कुमार, सचिन कुमार, शुभम कुमार, सीताराम, रवि कुमार, धीरज कुमार, मुदित, रजत कुमार मौजूद रहे।

## आधा दर्जन युवकों ने एक युवक के साथ की मारपीट, हालत गंभीर

**समाज जागरण शामली।**

पुरानी रंजिश को लेकर गत देर रात करीब आधा दर्जन युवकों के एक गुट ने अपनी मौसी के साथ बाजार गए युवक पर जानलेवा हमला बोल दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसको शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। क्षेत्र के मोहल्ला रेलपार गली नंबर 5 निवासी लवी शर्मा पुत्र जितेन्द्र शर्मा अपनी मौसी रीतु के साथ गत मंगलवार देर रात किसी कार्य से बाजार गया था। बताया जाता है कि जब वह शहर के हनुमान रोड पर पहुंचे तो इसी दौरान करीब आधा दर्जन युवकों ने अचानक लाठी डंडों से लवी शर्मा पर हमला बोल दिया। हमले के बाद युवक मौके से जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। जिसके बाद घायल लवी को परिजनों को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने अपना मेडिकल कराकर पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। लवी ने बताया कि करीब चार माह पूर्व उसका छोटा भाई वरूण टयूशन जा रहा था, जहां उक्त लोगों ने उस पर भी हमला किया था।

जिसके बाद उनकी आपस में मारपीट भी हुई थी। मारपीट को लेकर उक्त लोगों द्वारा उसके खिलाफ शिकायत भी की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बाइक सवार ने दो चचेरे भाईयों को मारी टक्कर, तीनों की हालत गंभीर

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

कैराना क्षेत्र के गांव मंडावर निवासी दो चचेरे भाईयों को बाइक सवार युवक द्वारा टक्कर मार दिए जाने से तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक युवक की दशा गंभीर होने के कारण पानीपत के लिए रेफर कर दिया गया।
बुधवार सवेरे कैराना क्षेत्र के गांव मंडावर निवासी नदीम पुत्र दिलशाद व उसका चचेरा भाई अब्दुल कादिर पुत्र जुल्फान अपनी बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी में थाना छपरौली क्षेत्र के गांव टांडा जा रहे थे। बताया जाता है कि जब वह दोनों क्षेत्र के गांव रामडा के निकट पहुंचे तो इसी दौरान तेज रफ्तार आ रहे एक दूसरे बाइक सवार युवक से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंची और उनको शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गांव बरनावा निवासी दूसरे बाइक सवार आशू की हालत नाजुक होने के कारण पानीपत के लिए रेफर कर दिया गया। जबकि नदीम व अब्दुल कादिर को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# शिविर में बच्चों को सिखाया ध्वज शिष्टाचार, गांठें एवं बंधन

**समाज जागरण**

शामली। भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में श्री सत्यनारायण इंटर कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय स्काउट-गाइड तृतीय सोपान जांच शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ किया गया। कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त (गाइड) गीता रानी ने स्काउट एवं गाइड बच्चों को तृतीय सोपान के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया। शिविर के दूसरे दिन बच्चों को बीपी सिक्स, ध्वज शिष्टाचार, गांठें एवं बंधन, प्राथमिक उपचार, अनुमान लगाना, मानचित्र अध्ययन, संकेत चिन्ह, टोली व्यवस्था तथा सेवा कार्य जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों का अभ्यास



कराया गया। शिविर में बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्काउटिंग के मूल सिद्धांतों को व्यवहारिक रूप से सीखा। प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन, सेवा भावना और टीम वर्क पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर स्काउट मास्टर अनिल कुमार का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## ईद उल अजहा पर्व पर बाजार हुए गुलजार, ग्राहकों की बढ़ी भीड़

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) ईद-उल-अजहा पर्व को लेकर जिले के बाजारों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। पर्व नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। किरयाना, रेडीमेड गारमेंट, जूते-चप्पल, सेवईं, ड्राई फ्रूट और सजावटी सामान की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। ग्राहकों की संख्या बढ़ने से बाजार देर रात तक गुलजार दिखाई दे रहे हैं। मंगलवार को जिलेभर में ईद उल अजहा का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। जिसको लेकर बुधवार को शहर के प्रमुख बाजारों बडा बाजार, गांधी चौक, आजाद चौक, जामा मस्जिद में सुबह से ही



खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। लोग पर्व की तैयारियों के तहत कपड़े, खाद्य सामग्री और घरेलू सामान की खरीदारी करते नजर आए। खासतौर पर रेडीमेड गारमेंट की दुकानों पर बच्चों और युवाओं के लिए नए कपड़ों की खरीदारी को लेकर अधिक उत्साह दिखाई दिया। वहीं किरयाना बाजार में सेवईं, मेवे, मसाले और अन्य खाद्य सामग्री की मांग बढ़ गई है। दुकानदारों का कहना है कि ईद को लेकर बाजार में ग्राहकों की संख्या में इजाफा हुआ है। जिससे कारोबार में भी तेजी आई है। शाम के समय बाजारों में सबसे अधिक भीड़ देखने को मिल रही है।

## मोबाइल छीनकर भागने का दावा, बाइक सवार युवकों की फोटो वायरल

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे में बुधवार को सोशल मीडिया पर बाइक सवार दो युवकों की फोटो तेजी से वायरल होती रही। वायरल फोटो के साथ दावा किया जा रहा है कि दोनों युवक किसी व्यक्ति का मोबाइल छीनकर फरार हुए हैं। हालांकि इसमें पुलिस पुष्टि और किस पीड़ित का कोई पता नहीं चल पाया।बताया जा रहा है कि बुधवार शाम करीब साढ़े चार बजे पंजाब नेशनल बैंक के बाहर खड़े एक व्यक्ति का मोबाइल छीनकर दोनों युवक बाइक से भाग निकले। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक कार चालक ने दोनों युवकों की तस्वीर अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर ली। बाद में उक्त फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। आसपास जानकारी जुटाना पर किसी भी पीड़ित व्यक्ति की कोई भी जानकारी नहीं मिली। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि ऐसी किसी घटना की जानकारी पुलिस के संज्ञान में नहीं आई है। मामले की जानकारी कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सडक पर नमाज अदा न करने की अपील

**समाज जागरण शामली**

जमीअत उलेमा-ए हिन्द के जिला सदर मौलाना साजिद कासमी ने ईद उल अजहा पर्व को लेकर मुस्लिमों से सडकों पर नमाज अदा न करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ईद के दिन कोई भी कार्य ऐसा न करे, जिससे दूसरे समाज या समुदाय के लोगों को परेशानी हो। उन्होने कहा कि ईद उल अजहा पर प्रतिबंधित पशु की कुबार्नी न करे। खुले में कुबार्नी न करे। पर्दे में कुबार्नी करे। जानवर जिबाह करते वक्त उसकी वीडियों और फोटो न ले और न ही सोशल मीडिया पर वायरल करे। शासन और प्रशासन की मंशा के अनुसार ही गाईडलाईन का पालन किया जाये। साथ ही उन्होने साफ सफाई को का ख्याल रखने और बचे अवशेषों को खुले में न डालने की भी अपील की है।


**नमाज की नमाज का समय**

कैराना रोड स्थित ईदगाह में 6:00 बजे सलेक विहार स्थित मुहम्मदी मस्जिद 6:15 आजाद चौक स्थित मस्जिद कुरैशियान 6:45 बजे पंसारियान स्थित फतेहपुरी मस्जिद 6:30 बजे

# नेशनल पायलट डे पर एंबुलेंस कर्मियों का सम्मान

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

नगर के सरकारी अस्पताल में तैनात 108 व 102 एंबुलेंस कर्मचारियों द्वारा ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के तत्वावधान में नेशनल पायलट डे मनाया गया। इस अवसर पर जनपद के 108-102 सेवा जिला प्रभारी ललित मोहन जोशी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पायलटों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा मिष्ठान वितरण किया गया।कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र ने सभी कर्मचारियों को पायलट डे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपातकालीन चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में एंबुलेंस पायलटों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। दिन हो या रात, मेडिकल इमरजेंसी के समय सबसे पहले एंबुलेंस कर्मी ही लोगों तक पहुंचकर जीवन बचाने का कार्य करते हैं।उन्होंने कहा कि जनपद में 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं के माध्यम से कर्मचारी मानव सेवा का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। धैर्य, साहस और सेवाभाव के साथ



मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर अनगिनत परिवारों के चेहरों पर मुस्कान लाने में एंबुलेंस कर्मियों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि जीवन रक्षा के कार्य में 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवाओं का योगदान अमूल्य है।इस दौरान ईएमटी मोहित, साहिब, रिहान, संजू, कमलेश, रोहित, राजेश तथा पायलट रवि, शोकीन्द्र, यशवीर, पुष्पेंद्र, विपिन कुमार, मोहन लाल, सतीश, जितेंद्र, राज दुलारा, अनुज, मोहन समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# सभासद का अपने भाई के बीच विवाद, थाने में घंटों चला हाईवोल्टेज ड्रामा

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे की नगर पालिका सभासद का अपने भाई के साथ घरेलू विवाद हो गया। मामले की सूचना 112 पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों भाइयों को थाने ले आई। थाने में भी दोनों भाइयों के बीच घंटों तक हाईवोल्टेज ड्रामा चलता रहा। बाद में पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया।बुधवार को 112 पुलिस को सूचना मिली कि कस्बे की नगर पालिका सभासद का अपने भाई के साथ घरेलू विवाद चल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के सामने भी दोनों भाई आपस में झगड़ने लगे। इस पर 112 पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर थाने पहुंची। मामले
की जानकारी मिलने पर पालिका अध्यक्ष, एक अन्य सभासद और एक व्यापारी भी थाने पहुंच गए। सभी ने दोनों भाइयों के बीच समझौता कराने का प्रयास किया, लेकिन दोनों के बीच विवाद बढ़ता गया। थाने में करीब घंटो हाईवोल्टेज ड्रामा चलता रहा।बताया गया कि दोनों भाई पुलिस के सामने भी झगड़ने पर उतारू हो गए और एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने लगे। समझौता नहीं होने पर पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# पंजाब स्वर्णकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष करतार सिंह जौड़ा ने पदाधिकारियों की पहली सूची जारी की

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो ,27 मई : पंजाब स्वर्णकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष करतार सिंह जौड़ा की ओर से प्रदेश जनरल सैक्रेटरी मुखतियार सिंह सोनी व प्रदेश कोषाध्यक्ष बलविंदर कुमार सराफ के साथ विचार - विमर्स करने के बाद आज पंजाब स्वर्णकार संघ (रजि)के पदाधिकारीयों की पहली नई कार्यकारणी की पहली लिस्ट जारी की । जिस अनुसार हरजिंदर सिंह चंचल अम्रितसर चीफ पैटरन, चरनजीत सिंह पूजी अम्रितसर चीफ एडवाइजर, बलबीर सिंह रामूवालिया मोगा, वरिंदर कुमार सोनी अबोहर, रकेश कुमार सदियोड़ा बरनाला, भीम सैन वर्मा पटियाला, परमजीत सिंह जौहर (पम्मा)मलोट, गुरचरन सिंह (पप्पू)कोटकपूरा, अमरजीत सिंह कटोदीया मानसा, अश्वनी कुमार वर्मा जलालाबाद, केवल कृष्ण लुथरा जालंधर, रवी कमल सराफ सुनाम, गुलशन वर्मा संगरूर को प्रदेश उपाध्यक्ष,रजिंदर सिंह खुरमी बठिंडा, दलजीत सिंह कंडा मुक्तसर, मनमोहन सिंह कुक्कू बठिंडा, परवीन कुमार डाबर अबोहर, सुखचैन सिंह रामूवालिया मोगा, गुरप्रीत सिंह कंडा मुक्तसर, राम सिंह मसौण तलवंडी, रजिंदर सिंह राणा कोटकपूरा, भूपिंदर सिंह जौहर मुक्तसर, जसविंदर सिंह जौड़ा कोटकपूरा, परवीन कुमार लक्की पटियाला को प्रदेश सैकटरी, विनोद कुमार लाली अबोहर को प्रदेश प्रैस सैकटरी, रघवीर सिंह ढल्ला भगता भाई का, कालू राम सोनी अबोहर, सुरेश कुमार सोनी मलोट, जगिंदर सिंह जौड़ा भुच्चो मंडी को स्टेट पैटर्न ,कुलतार सिंह सदियोड़ा बठिंडा को स्टेट आडीटर, वेद प्रकाश सिंह खुरमी एडवोकेट बठिंडा को स्टेट लीगल एडवाइजर नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष करतार सिंह जौड़ा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों को शुभ कामनाऐ तथा बधाई देते हुऐ कहा कि स्वर्णकार संघ के सभी दुकानदार भाईयों के साथ एकता बना कर, तन-मन तथा ईमानदारी से जिम्मेदारी निभाई जाए।

# 14 हजार रुपये की रिश्वत लेते सहायक उपनिरीक्षक को विजिलेंस ब्यूरो ने रंगे हाथ काबू किया

**(पंजाब चंडीगढ़ रघुनंदन पराशर जैतो/समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



चंडीगढ़,27 मई :पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस थाना डिवीजन संख्या-8, लुधियाना में तैनात सहायक उपनिरीक्षक हरदीप सिंह को 14 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ काबू किया है।

आज इस संबंध में जानकारी देते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को गोपाल नगर, हैबोवाल कलां, लुधियाना निवासी एक व्यक्ति द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी लगभग 22 वर्षीय पुत्री, जिसने सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) लुधियाना से सिलाई का पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया था, अपना परिणाम लेने के लिए सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान घुमार मंडी गई थी, लेकिन वह शाम तक घर वापस नहीं लौटी। शिकायतकर्ता ने अपने स्तर पर उसकी तलाश की, परंतु उसकी पुत्री नहीं मिली। इसके बाद शिकायतकर्ता ने अपनी पुत्री के लापता होने संबंधी रिपोर्ट पुलिस थाना डिवीजन संख्या-8, लुधियाना में ड्यूटी अधिकारी सहायक उपनिरीक्षक हरदीप सिंह के पास दर्ज कराई।

आरोप है कि आरोपी सहायक उपनिरीक्षक ने शिकायतकर्ता को थाने बुलाया और उसकी शिकायत पर कार्रवाई करने के लिए 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी तथा मौके पर ही उससे 6 हजार रुपये भी ले लिए।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के बाद पुलिस थाना डिवीजन संख्या-08, लुधियाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके बाद आरोपी

सहायक उपनिरीक्षक हरदीप सिंह ने शिकायतकर्ता से प्राथमिकी की प्रति देने तथा मामले में आगे कार्रवाई करने के लिए शेष 14 हजार रुपये देने को कहा।

रिश्वत देने के लिए तैयार न होने पर शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो रेंज लुधियाना से संपर्क किया। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाया, जिसके दौरान आरोपी सहायक उपनिरीक्षक को दो सरकारी गवाहों की उपस्थिति में शिकायतकर्ता से 14 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया।

इस संबंध में आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत विजिलेंस ब्यूरो के लुधियाना पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है तथा आगे की जांच जारी है।

# शिरोमणि कमेटी के प्रेसिडेंट धामी ने कैप्टन अमरिंदर सिंह के भाई राजा रणधीर सिंह के निधन पर दुख जताया

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो, 27 मई : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के भाई राजा रणधीर सिंह के निधन पर दुख जताया है। एडवोकेट धामी ने कहा कि राजा रणधीर सिंह का निधन परिवार और प्रियजनों के लिए बहुत बड़ा नुकसान है।राजा रणधीर सिंह के परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं जताते हुए, शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष ने भगवान से दिवंगत आत्मा को शांति और परिवार को यह दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

इस बीच पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष पवन गोयल जैतो ने भी राजा रणधीर सिंह के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए दुखी परिवार के साथ सहानूभूति व्यक्त की है।

# नौतपा व हीट वेव के बीच पक्षियों के लिए 101 स्थानों के लिए शुरू हुआ दाना-पानी अभियान

: बेजुबानों को बचाने के इंसान आगे आएं: अशोक भारद्वाज

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



भिवानी। उत्तर भारत में पड़ रही भीषण गर्मी, नौतपा और हीट वेव के चलते सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृति सेवा समिति एवं श्री बालाजी कोचिंग सेंटर द्वारा भिवानी शहर में बेजुबान पशु-पक्षियों की सुरक्षा को लेकर विशेष दाना-पानी एवं जीव-जंतु संरक्षण अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत हनुमान ढाणी स्थित प्राचीन बावड़ी में परिंदों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर शिक्षाविद मास्टर कपिल वर्मा एवं भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि नौतपा और हीट वेव के कारण लगातार तापमान बढ़ रहा है, जिससे इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों का जीवन भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे समय में समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व बनता है कि वह बेजुबान जीवों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करे।

उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा शहर में 101 स्थानों पर मिट्टी के स्कोरे रखकर परिंदों के लिए पानी और दाना उपलब्ध करवाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के अंतर्गत अब तक 31 स्थानों पर यह व्यवस्था की जा चुकी है तथा नौतपा अवधि के दौरान 101 स्थानों पर यह कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने घरों, दुकानों और मोहल्लों में मिट्टी के बर्तन अथवा स्कोरे रखकर पक्षियों के लिए स्वच्छ पानी और दाना अवश्य रखें, ताकि भीषण गर्मी में उन्हें राहत मिल सके।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जीव-जंतुओं की रक्षा करना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर हर घर हरियाली थीम-2026 की ब्रांड एंबेसडर आरोही भारद्वाज एवं नव्या भारद्वाज ने भी अभियान में भाग लेते हुए स्कोरे रखे और लोगों को पशु-पक्षियों की सेवा के लिए प्रेरित किया। पंकज कुमार ने भी अभियान में सहयोग करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस मुहिम से जुड़ने का आह्वान किया। संस्था के इस सामाजिक अभियान की स्थानीय नागरिकों द्वारा सराहना की जा रही है तथा लोग भी इसमें बढ़-चढ़कर सहयोग देने के लिए आगे आ रहे हैं।

# बहल क्षेत्र के गांव गोकलपुरा में राष्ट्रीय पक्षी मोर को ग्रामीणों ने दी राष्ट्रीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

अंधाधुंध हो रही प्राकृतिक जंगलों की कटाई बड़ा चिंतन का विषय है : पर्यावरण एवं वन्य जीव प्रेमी महावीर सिंह चहल

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल, 27 मई। बहल क्षेत्र के गांव गोकलपुरा में राष्ट्रीय पक्षी मोर को ग्रामीणों ने राष्ट्रीय सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई। यह जानकारी देते हुए प्रमुख समाजसेवी पर्यावरण एवं वन्य जीव प्रेमी महावीर सिंह चहल गोकलपुरा ने बताया कि मोर की मौत अत्यधिक गर्मी के कारण हुई है । मौसम में अधिक गर्मी होने के कारण मोर प्यासा ही लू के थपेडों से बचने के लिए छूप कर बैठा रहा और शरीर में पानी की कमी हो गई। मोर को आंखों से दिखाई देना भी बंद हो गया था । महावीर सिंह चहल ने आगे बताया कि इसकी सूचना वन्य जीव विभाग भिवानी के निरीक्षक को दे दी गई थी । पशु अस्पताल गोकलपुरा के चिकित्सकों ने मोर को प्राथमिक उपचार दे दिया था । निरक्षक के आदेश पर चिंकारा प्रजनन केंद्र कैरु की टीम गांव में पहुंची लेकिन मोर मौके पर नहीं मिला। मोर को रमेश पूनिया के घर के बाहर बने पशु बाड़े में रखा गया था वहां से मोर जंगल की ओर निकल गया फिर एक ग्रामीण ने सूचना दी कि एक मरत मोर जंगल में झाड़ियों में पड़ा है। पर्यावरण प्रेमी एवं चिंतक महावीर सिंह चहल ने कहा कि इस तरह पानी नहीं मिलने के कारण पशु पक्षियों की मौत हो जाने के पिछे इंसानों द्वारा अपनी स्वार्थपूर्ति के लिए प्राकृतिक जंगलों और जलाशयों को खत्म कर देना भी माना है इस तरह से अंधाधुंध हो रही प्राकृतिक जंगलों की कटाई बड़ा चिंतन का विषय है जिसके बड़े दुरगामी परिणाम होंगे । इस मौका पर रमेश पूनिया मुंशी राम सांगवान धर्मवीर पूनिया सोमवीर उर्फ बाली मंढोली खुर्द बिल्लू सांगवान उपस्थित थे

# अवैध सट्टा खाईवालों पर डबवाली पुलिस का सख्त एक्शन

अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 10,390 रुपये की सट्टा राशि सहित दो आरोपी किए काबू

**समाज जागरण**

कालांवाली 27 मई(सुरेश जोरासिया) पुलिस अधीक्षक जसलीन कौर आईपीएस के कुशल मार्गदर्शन में डबवाली पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों व उनमें संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है । इसी क्रम में थाना कालांवाली व थाना सदर डबवाली पुलिस टीम ने सट्टा खाईवाली के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसते हुए दो आरोपियों को सट्टा खाईवाली करते हुए 10,390 रुपये की सट्टा राशि सहित काबू किया है ।

मामले की जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 26 मई 2026 थाना कालांवाली पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए वाटर वर्क्स मंडी कालांवाली के पास स्थित एक दुकान पर दबिश दी तो एक व्यक्ति दुकान के सामने सट्टा खाईवाली करता हुआ पाया । जो उनकी टीम ने तत्परता दिखाते हुए उक्त शख्स को 7,290 रुपये की सट्टा राशि सहित काबू कर लिया । जिस संबंध में उक्त आरोपी विशाल के खिलाफ थाना कालांवाली में अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है । आरोपी के आपराधिक रिकार्ड के अनुसार उसके खिलाफ थाना कालांवाली में एक अभियोग जुआ अधिनियम के तहत पहले भी दर्ज है । एक अन्य मामले के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि दिनांक 26 मई 2026 को थाना सदर डबवाली टीम ने गांव मौजगढ़ में गुप्त सूचना के आधार पर दबिश देकर एक व्यक्ति को सार्वजनिक जगह पर सट्टा खाईवाली करते हुए काबू किया । जिसके कब्जे से 3,100 रुपये की सट्टा राशि बरामद हुई । जिसके संबंध में उक्त आरोपी भीमसेन के खिलाफ थाना सदर डबवाली में अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई है । आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड खंगालने पर ज्ञात हुआ कि आरोपी पर 2018 में नशा तस्करी, 2023 में जुआ अधिनियम के तहत थाना सदर डबवाली में अभियोग दर्ज है । इसके अलावा आरोपी को 02.03.2026 को भी सट्टा खाईवाली करते हुए काबू किया गया था । जिसके संबंध में थाना सदर डबवाली में अभियोग दर्ज है ।

डबवाली पुलिस की आमजन से अपील है कि किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत अपने नजदीकी थाना, चौकी व डायल 112 पर दें ।

# बहल में जनसेवा की मिसाल, श्रीराम मंदिर के पीछे लगाया गया वाटर कूलर

भीषण गर्मी में राहगीरों व मोहल्लावासियों को मिलेगा ठंडा पेयजल, लोगों ने ठेकेदार संजय सांगवान का जताया आभार

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 26 मई। भीषण गर्मी के बीच बहल कस्बे के श्रीराम मंदिर के पीछे क्षेत्र में आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ठेकेदार संजय सांगवान



ढाणी रामू द्वारा एक वाटर कूलर भेंट किया गया। मोहल्ले में लंबे समय से ठंडे पेयजल की समस्या महसूस की जा रही थी, जिसके समाधान के लिए यह सराहनीय पहल की गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि गर्मी के मौसम में राहगीरों, श्रद्धालुओं एवं आसपास के निवासियों को अब ठंडा पानी आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। इस जनहित कार्य से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर अशोक मोड़ासिया, तरुण गिल, कृष्ण चौकीदार, मोहित बेडवाल हसाण, रोबिन, रवि, अमित सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज में इस प्रकार के सेवा कार्य समय-समय पर होते रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में प्याऊ एवं ठंडे पानी की व्यवस्था करना सबसे बड़ी मानव सेवा है।

# निर्जला एकादशी पर बहल में सेवा और श्रद्धा का संगम

मानव सेवा और जरूरतमंदों की सहायता ही सबसे बड़ा पुण्य है : अजिता महाराज

जगह-जगह लगी मीठे पानी की छबील, मानव सेवा घर में जरूरतमंदों की सेवा कर दिया मानवता का संदेश

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल, 27 मई। निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर बहल क्षेत्र में सेवा, श्रद्धा और मानवता का सुंदर संगम देखने को मिला। कस्बे में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा जगह-जगह मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा जल पिलाया गया। भीषण गर्मी के बीच लोगों ने सेवा भाव से आमजन को राहत पहुंचाने का कार्य किया।

इसी क्रम में सुरपुरा स्थित मानव सेवा घर में भी कई समाजसेवियों एवं श्रद्धालुओं ने पहुंचकर जरूरतमंद एवं अनाथ लोगों की सेवा की। इस दौरान उन्हें पेय पदार्थ, फल एवं अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की गई। अजिता महाराज ने भी श्री कृष्णा प्रणामी मंदिर बहल की ओर से मानव सेवा घर पहुंचकर सेवा कार्य में भाग लिया। उन्होंने कहा कि मानव सेवा और जरूरतमंदों की सहायता ही सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने कहा कि लोगों को धार्मिक पर्वों पर ऐसे स्थानों पर पहुंचकर दान-पुण्य और सेवा कार्य अवश्य करने चाहिए। इस अवसर पर डॉक्टर दिलबाग डॉ विजेंद्र कस्बा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

वहीं बहल के झुम्पा रोड स्थित वाइन शॉप की ओर से भी राहगीरों के लिए ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई, जहां लोगों ने गर्मी से राहत पाते हुए सेवा कार्य की सराहना की। स्थानीय लोगों ने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक और धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारे एवं सेवा भावना को मजबूत करते हैं।

# सिलेंडर चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

घर से चोरी किया गया गैस सिलेंडर और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**




भिवानी। थाना सिविल लाइन पुलिस भिवानी ने घर से गैस सिलेंडर चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी किया गया सिलेंडर तथा वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार के निदेर्शानुसार जिले में चोरी की वारदातों में शामिल आरोपियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना सिविल लाइन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया।

जानकारी के अनुसार सेक्टर-13 निवासी मोहित ने पुलिस को शिकायत दी थी कि 25 मई 2026 को उसकी मां सामान लेने दुकान पर गई हुई थी। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति उनके घर से गैस सिलेंडर चोरी कर ले गया। शिकायत पर थाना सिविल लाइन भिवानी में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान पुलिस चौकी सेक्टर-13 के मुख्य सिपाही अशोक कुमार ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रॉबिन पुत्र राजेराम निवासी पालुवास, हाल निवासी कमला कॉलोनी भिवानी के रूप में हुई है।

पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया गैस सिलेंडर तथा वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नशा करने का आदी है और नशे की पूर्ति के लिए चोरी की वारदात को अंजाम देता था। आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि इससे पहले उसने गांव जाटू लोहरी में भी एक घर से सिलेंडर चोरी किया था।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ पहले से चोरी के दो मामले दर्ज हैं। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जिला कारागार भेजने के आदेश दिए गए।

# राहगीरों के लिए लगाई ठंडे मीठे पानी की छबील

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच कालांवाली शहर में राहगीरों व आमजन के लिए ठंडे मीठे जल की छबील लगाकर प्यास बुझाई गई। इस तपति गर्मी में ठंड़ा मीठा जल पीकर राहत मिली। इस पुण्य कार्य में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और राहगीरों को ठंडा मीठा जल पिलाकर मानवता का संदेश दिया गया। सूरजभान कॉटन ब्रोकर ने बताया कि लगातार बढ़ती गर्मी और चिल चिलाती धूप को देखते हुए लोगों की सेवा के उद्देश्य से यह छबील लगाई गई। उन्होंने कहा कि गर्मी में राहगीरों को ठंडा मीठा पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। छबील स्थल पर सुबह से ही राहगीरों की भीड़ देखने को मिली। सड़क से गुजरने वाले वाहन चालक, मजदूर, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे रुककर ठंडा



मीठा जल पीते नजर आए। जल पीने वाले राहगीरों ने इस नेक कार्य की जमकर सराहना की और कहा कि भीषण गर्मी में इस प्रकार की सेवा लोगों को बड़ी राहत पहुंचाती है। कई राहगीरों ने सेवादारों को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य समाज में भाईचारे और मानवता को मजबूत करते हैं। सेवादारों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ लोगों को जल वितरित किया। सेवा कार्य में भीमाशंकर, मोहित, गुरदीप, सागर कुमार, समर, काला मेडिकल, दारा सिंह एमसी वार्ड नंबर 12, हिमांशु बंसल, पंकज, अंकुश और नवराज सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर राहगीरों की सेवा की और लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली।

# मानवता ने अपनी सबसे पवित्र आत्माओं में से एक को खो दिया... शिमलापुरी में भावुक दृश्य - सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

लुधियाना (शिमलापुरी), 27 मई वरिष्ठ भाजपा नेता, एडवोकेट सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल ने प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं सिग्मा ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. चंदर भनोट जी के अचानक और हृदय विदारक निधन पर गहरा दुख और भावनात्मक पीड़ा व्यक्त की। उन्हें केवल एक मित्र नहीं बल्कि दिल से भाई समान साथी के रूप में याद करते हुए ग्रेवाल ने कहा कि डॉ. चंदर भनोट जी के निधन से केवल शिक्षा जगत ही नहीं बल्कि उन अनगिनत लोगों के जीवन में भी कभी न भरने वाला खालीपन पैदा हो गया है जिनके दिलों और भाग्य को उनकी दयालुता, बुद्धिमत्ता, मानवता, सादगी और निस्वार्थ प्रेम ने छुआ था।आज लुधियाना दक्षिण विधान सभा क्षेत्र (लुधियाना साउथ विधानसभा हलका) के मोहल्ला शिमलापुरी स्थित डॉ. चंदर भनोट जी के निवास स्थान पर मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए ग्रेवाल ने कहा कि कुछ लोग अपनी दौलत के कारण याद किए जाते हैं, कुछ अपनी ताकत के कारण और कुछ अपनी उपलब्धियों के कारण, लेकिन डॉ. चंदर भनोट जी को हमेशा इसलिए याद किया जाएगा क्योंकि वे वास्तव में एक खूबसूरत आत्मा थे जिनका दिल हमेशा दूसरों के लिए धड़कता था। उन्होंने कहा कि डॉ. चंदर भनोट जी केवल एक शिक्षाविद या संस्था चलाने वाले प्रशासक नहीं थे बल्कि वे स्वयं एक भावना, एक एहसास और हजारों परिवारों एवं विद्यार्थियों के लिए उम्मीद की किरण थे।

उन्होंने कहा कि डॉ. चंदर भनोट जी के असमय निधन से ऐसा महसूस हो रहा है मानो निस्वार्थ सेवा, विनम्रता, करुणा और उच्च सोच का पूरा एक युग अचानक समाप्त हो गया हो। ग्रेवाल ने कहा कि चंदर भनोट जी का व्यक्तित्व अत्यंत आकर्षक था और जो भी उनसे एक बार मिलता था वह हमेशा के लिए उनका अपना बन जाता था। उनकी सादगी, अपनापन, स्नेह और दिलों को जोड़ने की क्षमता ने उन्हें समाज के हर वर्ग का प्रिय बना दिया था। चाहे बच्चे हों, युवा हों, बुजुर्ग हों, विद्यार्थी हों या संघर्ष कर रहे परिवार, हर व्यक्ति को उनकी मौजूदगी में सुकून, मार्गदर्शन और प्यार मिलता था।ग्रेवाल ने बताया कि डॉ. चंदर भनोट जी हमेशा मानते थे कि शिक्षा कोई व्यवसाय नहीं बल्कि समाज निर्माण और युवा पीढ़ी को अनुशासन, नैतिकता, संस्कार और मानवता की ओर मार्गदर्शन देने का एक पवित्र मिशन है। सिग्मा ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के माध्यम से उन्होंने अनगिनत विद्यार्थियों के सपनों को साकार किया और असंख्य परिवारों के लिए आशा का स्तंभ बने। हजारों विद्यार्थी उन्हें केवल प्रशासक नहीं बल्कि मार्गदर्शक, प्रेरणास्रोत और पिता समान व्यक्तित्व मानते थे जिन्होंने कठिन समय में उनका हौसला बढ़ाया।ग्रेवाल ने कहा कि अपार सम्मान, सफलता और पहचान प्राप्त करने के बावजूद डॉ. चंदर भनोट जी हमेशा विनम्र, सम्मान जनक और जमीन से जुड़े रहे। बुजुर्ग उनका गहरा सम्मान करते थे क्योंकि ऊंचाइयों पर पहुंचने के बाद भी वे हमेशा बड़ों के सामने विनम्रता से सिर झुकाते थे और हर व्यक्ति के साथ प्रेम एवं सम्मान से पेश आते थे। उम्र में युवा होने के बावजूद उनमें असाधारण समझ, परिपक्वता, दूरदर्शिता और विवेक था। ईमानदारी, सच्चाई, शालीनता और निष्ठा उनके हर शब्द और हर जिम्मेदारी में झलकती थी।

उन्होंने आगे कहा कि चंदर भनोट जी किसी भी इंसान का दर्द सहन नहीं कर सकते थे। जरूरतमंदों की मदद करना, संघर्ष कर रहे परिवारों का सहारा बनना, निराश युवाओं को प्रोत्साहित करना और कठिन समय में लोगों के साथ खड़े रहना उनके लिए कोई अवसर विशेष का कार्य नहीं बल्कि जीवन जीने का स्वाभाविक तरीका था। उन्होंने कभी अपने अच्छे कार्यों का प्रचार नहीं किया क्योंकि उनकी सेवा दिल से होती थी, प्रसिद्धि या दिखावे के लिए नहीं। आज के स्वार्थी दौर में वे निस्वार्थ प्रेम, मानवता, सम्मान और करुणा का जीवंत उदाहरण थे।अपने प्रिय मित्र को नम आंखों और भारी दिल से याद करते हुए एडवोकेट सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल भुखड़ी कलां ने भावुक होकर कहा, ‌‌डॉ. चंदर भनोट जी केवल मेरे मित्र नहीं थे, वे मेरे भाई, मेरी ताकत और मेरी आत्मा का हिस्सा थे। लगभग तीन दशकों तक हम जीवन की हर खुशी, हर संघर्ष, हर सफलता और हर दर्दनाक पल में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे। हमारे परिवार केवल मित्रता से नहीं बल्कि गहरे प्रेम, विश्वास, स्नेह और भावनात्मक रिश्तों से जुड़े हुए थे। आज ऐसा लग रहा है मानो हमारे परिवार का सबसे अनमोल हीरा टूटकर बिछड़ गया हो और हम सभी को अंदर से तोड़कर रुला गया हो। ग्रेवाल ने आगे भावुक स्वर में कहा, मेरे प्रिय मित्र अब हम आपको कहां ढूंढें किस दरवाजे पर जाएं ताकि आपकी आवाज फिर सुन सकेंड्ढ किस रास्ते पर खड़े होकर आपकी मुस्कान और मौजूदगी का इंतजार करें। आपकी कमी ने हमारे दिलों को इतनी गहरी चोट पहुंचाई है कि यह दर्द कभी भर नहीं सकता। आप हम सबको जिंदा छोड़कर भी अंदर से तोड़ गए हैं।‌उन्होंने कहा कि डॉ. चंदर भनोट जी का जाना केवल उनके परिवार, रिश्तेदारों और करीबी मित्रों के लिए ही नहीं बल्कि पंजाब के पूरे शैक्षणिक और सामाजिक जगत के लिए गहरा आघात है। आज लुधियाना और आसपास के क्षेत्र केवल एक शिक्षाविद के निधन का नहीं बल्कि एक ऐसी महान आत्मा के बिछड़ने का शोक मना रहे हैं जिसने जहां भी कदम रखा वहां प्रेम, मानवता, सकारात्मकता और अच्छाई बांटी।ग्रेवाल ने कहा कि डॉ. चंदर भनोट जी अपने सम्मानित माता-पिता श्री सतपाल भनोट जी और श्रीमती कांता भनोट जी का गौरव थे, श्रीमती मंजू भनोट जी के लिए एक स्नेहमयी जीवनसाथी थे

# बैंक खातों से साइबर ठगी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी की साइबर क्राइम टीम ने आमजन के बैंक खातों से धोखाधड़ी कर अवैध निकासी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन, फर्जी कूटरचित आधार कार्ड और नकदी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार 24 मई 2026 को शिवदत्त हरिजन निवासी बलिया, वर्तमान पता इंजीनियर हाल पुलिस लाइन वाराणसी ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके बैंक खाते से अवैध रूप से 12 लाख रुपये की साइबर ठगी कर ली गई। मामले में थाना साइबर क्राइम में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल के निर्देश पर डीसीपी अपराध के नेतृत्व में एसीपी साइबर अपराध विदुष सक्सेना की निगरानी में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 27 मई को वाराणसी से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सुरेंद्र कुमार निवासी मोहम्मदाबाद गाजीपुर और विनय कुमार निवासी बलिया के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह पहले लोगों के बैंक खातों से जुड़े मोबाइल नंबरों की सिम को चोरी, छल अथवा ह्लसिम अपडेटह्व के नाम पर स्वैप करा लेता था। इसके बाद आरोपी जैसे यूपीआई एप सक्रिय कर लेते थे। फिर फर्जी आधार कार्ड और गलत पहचान पत्रों के जरिए विभिन्न सीएसपी सेंटरों से नकदी निकालकर रकम आपस में बांट लेते थे।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ साइबर अपराध समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में निरीक्षक योगेंद्र प्रसाद, निरीक्षक विजय नारायण मिश्र, उपनिरीक्षक संजीव कन्नौजिया, उपनिरीक्षक आलोक रंजन सिंह सहित साइबर क्राइम थाना की टीम शामिल रही।

# खेत में मिला मृत राष्ट्रीय पक्षी मोर, ग्रामीणों ने वन विभाग को सौंपा

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। नौतपा में पड़ रही भीषण गर्मी,उमस और लू से मानव के साथ पशु पक्षी भी बेहाल हैं।



बुधवार को बरेमा गांव के एक खेत में प्यास से बेचैन राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई।जानकारी मिलते ही मृत मोर को गाँव के दाऊ तिवारी घर ले आए और इसकी जानकारी वन विभाग को दी। जानकारी मिलने पर वन रक्षक रण विजय मौर्य ने हाथी वन केंद्र में तैनात कर्मचारी लुट्टर राम को मौके पर भेजा।वनकर्मी लुट्टर राम ने प्रथम दृष्टया तेज धूप ,प्यास व लू से मृत बताया। ग्रामीणों ने मृत राष्ट्रीय पक्षी मोर को वनकर्मी को जांच हेतु सौंप दिया।

# हाईवे पर अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई, दो युवक गंभीर घायल

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हाईवे पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में बाइक सड़क किनारे खड़ी दूसरी बाइक से भी टकरा गई।

विकास तिवारी पुत्र सुनील तिवारी (25) और जयप्रकाश शर्मा पुत्र संतोष शर्मा (22) निवासी गड़लाल गांव, थाना गढ़ , रीवा, मध्य प्रदेश, पल्सर बाइक से रीवा से अपनी बहन के यहां सोनभद्र जा रहे थे। बबुरा भैरव दयाल के पास हाईवे पर पहुंचते ही बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। दोनों युवक उछलकर दूर जा गिरे। टक्कर के बाद पल्सर बाइक सड़क किनारे खड़ी प्लैटिना बाइक से जा टकराई, जिससे वह भी क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी।ईएमटी संतोष भारतीय और पायलट विनोद यादव मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

घायलों ने आरोप लगाया कि पीछे से पुलिस वाले उनका पीछा कर रहे थे, इसलिए वे बाइक तेज गति से भगा रहे थे। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने हेलमेट नहीं पहना था, इसी वजह से भाग रहे थे।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के स्थापना दिवस पर लखनऊ में भव्य समारोह आयोजित

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

लखनऊ। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर राजधानी लखनऊ स्थित विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सहित देश के सत्रह राज्यों से आए संगठन पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, तहसील स्तरीय पत्रकारों और मीडिया प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। समारोह में पत्रकार हितों, सुरक्षा कानून और मीडिया कर्मियों की समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री मा० ब्रजेश पाठक रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य मंत्री मा० सुरेश राही जी, लखनऊ महापौर, एमएलसी मा० रामचन्द्र प्रधान जी तथा सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एपी सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री देवेन्द्र मिश्रा जी ने की।समारोह में प्रदेश सरकार के आधा दर्जन मंत्रियों के साथ विभिन्न जनप्रतिनिधियों और




सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों की सुरक्षा, फर्जी मुकदमों से संरक्षण, ग्रामीण और तहसील स्तर पर कार्यरत पत्रकारों की समस्याओं तथा पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई।राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री देवेन्द्र मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत बनाने के लिए पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छोटे कस्बों और तहसीलों में कार्य कर रहे पत्रकार अनेक चुनौतियों के बीच निष्पक्ष पत्रकारिता कर रहे हैं, ऐसे में सरकार को उनके हितों के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पत्रकारों की भूमिका को लोकतंत्र की आवाज बताते हुए कहा कि पत्रकार समाज और सरकार के बीच सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने पत्रकारों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने और समाधान के लिए सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में लखनऊ जिला संरक्षक मुकेश द्विवेदी, मुख्य प्रभारी रघुनाथ जी, जिला अध्यक्ष दिलीप मिश्रा सहित संगठन के कई पदाधिकारी सक्रिय रूप से मौजूद रहे। वहीं शिवा मिश्रा, दिव्यांशु, विनीत मिश्रा, हरीओम दीक्षित, गौरव शुक्ला, प्रशांत भूषण, राजू पांडे एडवोकेट, विनोद मिश्रा समेत हजारों पत्रकारों ने कार्यक्रम में भागीदारी कर संगठन को मजबूती देने का संकल्प लिया।समारोह के दौरान विभिन्न जिलों से आए पत्रकारों का सम्मान भी किया गया। मंच से पत्रकार एकता, निष्पक्ष पत्रकारिता और पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा को लेकर सामूहिक आवाज बुलंद की गई। पूरे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना रहा और पत्रकार हितों को लेकर एकजुटता साफ दिखाई दी।

# खड़ी ट्रक में पीछे से टकराई ऑटो पांच घायल

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ चौकी अंतर्गत बाबतपुर-वाराणसी मार्ग पर मंगलवार की देर रात एक सड़क हादसे में ऑटो चालक सहित एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए। हादसा काजीसराय भट्ठा के समीप सड़क किनारे खड़ी ट्रक में पीछे से ऑटो के टकराने से हुआ। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया तथा सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए हरहुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद अधिकांश घायलों को छुट्टी दे दी गई वही एक घायल को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल रेफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोईराजपुर निवासी दिनेश कुमार (45 वर्ष) मंगलवार को अपनी पुत्री का इलाज कराने के लिए अनेई गए हुए थे। इलाज कराने के बाद वह परिवार के साथ ऑटो से वापस घर लौट रहे थे। देर रात जैसे ही ऑटो काजीसराय भट्ठा के समीप पहुंचा, तभी सड़क किनारे खड़ी ट्रक में पीछे से ऑटो जा टकराया।

हादसे में ऑटो चालक शिवकुमार (42 वर्ष), दिनेश कुमार (45 वर्ष), शांति देवी (42 वर्ष), हर्ष (9 वर्ष) तथा विपिन (6 वर्ष) घायल हो गए।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को हरहुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चार लोगों को घर भेज दिया, जबकि दिनेश कुमार को पं0 दीनदयाल अस्पताल रेफर कर दिया गया।

दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई।

भाजपा हरहुआ मण्डल अध्यक्ष अजय मिश्रा के अनुसार दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण पीएचसी हरहुआ को ट्रामा सेंटर बनाने की चर्चा थी यदि इसे मूर्तरूप दे दिया जाय तो हाइवे व रिंगरोड पर होने वाली घटनाओं को त्वरित सेवा से जान बचाई जा सकती है।

# हरहुआ पुलिस चौराहे पर दुपहिया वाहनों की जांचकर 15 वाहनों चालान 2 को किया सीज

## - सड़क किनारे अतिक्रमण को लेकर दुकानदारों को दिया कड़ा निर्देश।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर अभियान के तहत वाहनों की सघन जांच व अतिक्रमण को लेकर हरहुआ पुलिस ने शाम तक 15 वाहनों का चालान और दो वाहन को सीज किया। दुकानदारों को सड़क पर अतिक्रमण के कड़े निर्देश पर अफरा तफरी के बीच यातायात सुगम बनाने की अपील की।



चौकी प्रभारी हरहुआ विवेकानन्द द्विवेदी के अनुसार हरहुआ चौराहे पर नियमित सघन जांच किया गया। हेलमेट न लगाने,तेज हॉर्न बजाने, शराब पीकर गाड़ी चलाने व गाड़ी के कागज अधूरे होने पर साथ लेकर चलने का कडा निर्देश दिया । वहीँ तीन सवारी और उल्टी दिशा चलने पर15 वाहनों का चालान किया गया और दो जिसमे अपाचे बाइक बिना नम्बर प्लेट व कागज विहीन और ऑटो रिक्सा कागज न होने पर सीज किया गया।दुकानदारों को सड़क पर अतिक्रमण न करने का सख्त निर्देश दिया।यह सघन अभियान आगे तक चलता रहेगा।

जांच अभियान में चौकी प्रभारी हरहुआ ,कांस्टेबल , विवेक कुमार , अभिषेक ,रवि कुमार ,कमलेश कुमार सहित अन्य पुलिस बल शामिल रहे।

# जिलाधिकारी ने पेयजल योजनाओ की नियमित जलापूर्ति में कतिपय कारणो से आ रही बाधाओ के निराकण के सम्बन्ध में बैठक कर की समीक्षा

**समाज जागरण**

मीरजापुर / जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पेयजल योजनाओ की नियमित जलापूर्ति में कतिपय कारणो से आ रही बाधाओ के निराकण के सम्बन्ध में बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने हर घर जल योजनान्तर्गत कार्य कर रहे एजेंसियो को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षतिग्रस्त पाइपलाइनो को ठीक कराते हुए जलापूर्ति सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि सौ प्रतिशत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने ब्लाको में सत्यापन कराएं। उन्होंने कहा कि सोमवार तक प्रत्येक दशा में सत्यापन कराकर रिर्पोट उपब्लध ताकि अधिशासी अभियंता जल निगम सम्बन्धित कार्यदायी संस्था से उसकी मरम्मत करा सकें। उन्होंने कहा कि यदि इस योजनान्तर्गत कोई घर छूटा हो और वह कनेक्शन लेना चाहता हो तो उसका कनेक्शन करा दिया जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि डीपीआर में कुछ जगह/गांव छूट गए हो तो वहां पर जिस योजनान्तर्गत पाइपलाइन बिछाई गई हो तो उसकी भी जांच करा ले। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि जहां पर टैकर के माध्यम से जलापूर्ति करा जा रही हो वहां गर्मी को देखते हुए नियमित जलापूर्ति कराई जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विजेता, अधिशासी अभियंता जल निगम सहित अन्य सम्बन्धित विभाग व कार्यदायी संस्थाओ के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# बकरीद से एक दिन पहले दिनदहाड़े प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या, क्षेत्र में दहशत

**समाज जागरण संवाददाता**



लखनऊ राजधानी के पीजीआई थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई जब बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े एक प्रॉपर्टी डीलर की ताबड़तोड़ गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात कल्ली पश्चिम बाजार स्थित यादव मार्केट में हुई, जहां बदमाशों ने बेहद पेशेवर अंदाज में घटना को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

मृतक की पहचान संदीप सिंह के रूप में हुई है, जो मूल रूप से जौनपुर जिले के निवासी थे और परिवार के साथ कालिंदी पार्क के पास रहते थे। बताया जा रहा है कि संदीप सिंह करीब डेढ़ साल से यादव कॉम्प्लेक्स में ह्लपीएसएस बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेडह्व नाम से प्रॉपर्टी का कारोबार संचालित कर रहे थे।

जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर करीब 12 से 12:30 बजे के बीच संदीप सिंह अपने ड्राइवर प्रदीप सिंह के साथ ऑफिस पहुंचे थे। वह कार से उतरकर मोबाइल पर बात करते हुए ऑफिस की ओर बढ़ रहे थे, तभी अपाचे बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाश वहां पहुंचे और उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगते ही संदीप सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद भी हमलावर लगातार गोलियां बरसाता रहा और सिर के पास अंतिम गोली मारने के बाद साथी के साथ बाइक से फरार हो गया।

स्थानीय दुकानदारों के मुताबिक हमला पूरी प्लानिंग के तहत किया गया। बाइक चला रहा युवक हेलमेट पहने था, जबकि पीछे बैठे हमलावर ने सफेद गमछे से चेहरा ढक रखा था। एक आरोपी पहले से बाइक स्टार्ट कर मौके पर खड़ा था, जबकि दूसरा वारदात को अंजाम देकर दौड़ते हुए बाइक पर बैठा और दोनों फरार हो गए।

घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने गंभीर रूप से घायल संदीप सिंह को तुरंत अपेक्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। संदीप सिंह अपने पीछे पत्नी प्रीति सिंह, बेटा सार्थक सिंह और बेटी सीवी सिंह को छोड़ गए हैं।

पुलिस को वारदात की करीब 50 सेकंड की सीसीटीवी फुटेज मिली है, जिसमें पूरा घटनाक्रम कैद है। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि सफेद शर्ट और नीली जींस पहने बदमाश संदीप के पास पहुंचता है और बेहद करीब से फायरिंग शुरू कर देता है। पुलिस शुरूआती जांच में इसे पेशेवर हत्या मानकर चल रही है।

सूचना मिलते ही एडीसीपी साउथ और एसीपी गोसाईंगंज भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने ऑफिस कर्मचारियों और आसपास के लोगों से पूछताछ की है। शुरूआती जांच में आपसी रंजिश समेत कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

डीसीपी साउथ अमित कुमार आनंद ने बताया कि दोपहर करीब एक बजे गोली मारने की सूचना मिली थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

बताया जा रहा है कि संदीप सिंह की कंपनी की तीन साइटें मोहनलालगंज और कानपुर रोड क्षेत्र में संचालित थीं। कर्मचारियों के अनुसार वह मिलनसार और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। दिनदहाड़े हुई इस हत्या से व्यापारियों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश और भय का माहौल बना हुआ है।

# एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाला गया फ्लैग मार्च.....

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से मोहनलालगंज पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आई। त्योहार के मद्देनजर बुधवार को कस्बा क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसीपी मोहनलालगंज ज्ञानेंद्र सिंह ने किया। उनके साथ इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी, कस्बा चौकी इंचार्ज अतुल सिंह वरिष्ठ उप निरीक्षक यशवंत सिंह, सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।पुलिस टीम ने कस्बे के मुख्य मार्गों, बाजारों और संवेदनशील इलाकों में पैदल भ्रमण कर आमजन से शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए कहा कि त्योहार को मिलजुल कर शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बकरीद के दौरान माहौल बिगाड़ने, हुड़दंग करने अथवा सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।फ्लैग मार्च के दौरान बाजारों में पुलिस की मौजूदगी से लोगों में सुरक्षा का एहसास दिखाई दिया। वहीं व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी। मोहनलालगंज एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह का कहना है कि बकरीद पर्व को लेकर क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

# विद्युत विभाग ने निकाली हरहुआ में जन जागरुकता रैली

## उपभोक्ताओं से किया संवाद, दिए बिजली बचाव के टिप्स।

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी।बिजली की लगातार बढ़ती मांग को देखते हुए विद्युत विभाग द्वारा लोगों को बिजली बचत और बिजली चोरी रोकने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार की शाम को एक जागरूकता रैली निकाली गई।

एसडीओ श्रीपति तिवारी के नेतृत्व में हरहुआ कस्बे में निकाली गई रैली के दौरान बाजार के व्यापारियों एवं ग्रामीणों को बिजली के सही उपयोग, अपव्यय रोकने तथा बिजली चोरी के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करने के साथ ही टीम ने कटिया डालकर हो रही बिजली चोरी की जांच भी की।

रैली में कर्मचारियों ने बिजली चोरी एक बड़ा पाप, आओ करें इसका खात्मा, बिजली बचाओ, देश बनाओ, सही उपयोग, भविष्य का निर्माण,बिजली बचाना सबकी जिम्मेदारी जैसे आकर्षक स्लोगनों के माध्यम से लोगों को ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया।उपभोक्ताओं को बिजली बचाने के टिप्स संवाद के जरिए दिया।

जागरूकता रैली में जे ई दीपू कुमार ,टीजी द्वितीय जयप्रकाश सहित संविदा लाइनमैन अमित सिंह ,विनोद यादव, अनिल विश्वकर्मा, पंकज श्रीवास्तव, ओमप्रकाश, आदर्श, आशीष,अरबिंद,सहित अनेको विद्युत कर्मचारी मौजूद रहे।

# वाराणसी में बड़ा साइबर फ्रॉड: युवक के खाते और क्रेडिट कार्ड से 1.23 लाख की ठगी

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ, वाराणसी। वाराणसी में साइबर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है। हरहुआ क्षेत्र के एक युवक के बैंक खाते एवं क्रेडिट कार्ड से कुल 1 लाख 23 हजार की अवैध निकासी कर ली गई। पीड़ित ने मामले की शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हरहुआ बाजार निवासी हरिमोहन लाल मोदनवाल ने बताया कि उनके यूनियन बैंक के खाते से ऑनलाइन भुगतान माध्यम के जरिए 48 हजार की धोखाधड़ीपूर्ण निकासी की गई। इसके अतिरिक्त उनके भारतीय स्टेट बैंक के क्रेडिट कार्ड से 37,500-37,500 के दो अनधिकृत लेन-देन भी किए गए।

पीड़ित का कहना है कि ये सभी लेन-देन उनकी जानकारी एवं अनुमति के बिना किए गए हैं। उन्होंने आशंका जताई कि उनका मोबाइल फोन साइबर हमले का शिकार हुआ है, क्योंकि घटना के तुरंत बाद उनका मोबाइल स्वतः रीसेट हो गया।

पीड़ित ने साइबर सेल से मामले की शीघ्र जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने, आगे होने वाले अवैध लेन-देन पर रोक लगाने तथा पूरी धनराशि वापस दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वह जांच में हर संभव सहयोग देने को तैयार हैं।

इस घटना के बाद क्षेत्र में ऑनलाइन भुगतान और डिजिटल बैंकिंग सुरक्षा को लेकर लोगों में चिंता बढ़ गई है। साइबर विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध लिंक, एप अथवा फोन कॉल पर अपनी व्यक्तिगत एवं बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें तथा मोबाइल और बैंकिंग सेवाओं में मजबूत सुरक्षा व्यवस्था का उपयोग करें।

# बाइक सवार को बचाने में यूकेलिप्टस के पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हुई बोलेरो, चालक को आई सामान्य चोटें

**समाज जागरण**

मीरजापुर /ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ड्रमंडगंज हलिया मार्ग स्थित रतेह गांव में बुधवार सुबह नौ बजे के करीब तेज गति से आ रहे बाइक सवार को बचाने में बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे यूकेलिप्टस के पेड़ से टकराते हुए क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में बोलेरो चालक को सामान्य चोटें आई हैं। वहीं बाइक चालक घटना के बाद मौके से बाइक लेकर भाग निकला। हलिया क्षेत्र के छतरिहा गांव निवासी 40 वर्षीय हारून अली अपनी बोलेरो गाड़ी लेकर ड्रमंडगंज से हलिया की ओर जा रहे थे। जैसे ही रतेह गांव में पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रहे बाइक सवार को बचाने में बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे यूकेलिप्टस के पेड़ से टकराते हुए क्षतिग्रस्त हो गई। संयोग था कि घटना में बोलेरो चालक को हल्की फुल्की चोटेंआई। वहीं बोलेरो से टकराकर गिरा बाइक सवार कुछ देर बाद अपनी बाइक लेकर भाग निकला। घटना की सूचना मिलने पर अगल बगल के लोगों की भीड़ जुट गई। बोलेरो चालक ने स्थानीय स्तर पर अपना उपचार करवाया।

# रोहनिया विधायक ने नगर पंचायत गंगापुर में दो करोड़ के लागत की 28 विकास कार्यो का किया लोकार्पण

**समाज जागरण**



वाराणसी। आदर्श नगर पंचायत गंगापुर स्थित कार्यालय पर बुधवार को चेयरमैन स्नेह लता सेठ की अध्यक्षता तथा विकास कार्यों का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि रोहनिया विधायक डॉक्टर सुनील पटेल तथा अध्यक्ष स्नेह लता सेठ ने संयुक्त रूप से फीता काटकर 2 करोड़ की लागत से नवनिर्मित कुल 28 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। जिसमें इंटरलॉकिंग, सड़क निर्माण कार्य ,सीसी रोड , अंडरग्राउंड जल निकासी कार्य , सभागार का नवीनीकरण एवं स्टोर रूम का निर्माण कार्य, अलग-अलग तीन स्थानों पर वाटर कूलर की स्थापना का कार्य, ओपन जिम आदि विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं । मुख्य अतिथि डॉक्टर सुनील पटेल ने नगर पंचायत के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं को धरातल पर उतार कर जनता को सीधा लाभ पहुंचना ही हमारा मुख्य लक्ष्य है।कार्यक्रम के अंत में चेयरमैन स्नेह लता सेठ ने अपने कार्यकाल के तीन वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर लोकार्पण समारोह में आए हुए सभी लोगों का हार्दिक स्वागत व अभिनंदन करते हुए कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के समग्र विकास हेतु हम प्रतिबद्ध है।कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत प्रतिनिधि संतोष सेठ तथा सत्यम सेठ ने पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र के साथ स्मृति चिन्ह देकर किया। कार्यक्रम का संचालन विजय राजभर पूर्व प्रधान ने किया । कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉक्टर नरेंद्र पटेल ,विजय राज यादव , सुरेश सिंह जिला उपाध्यक्ष, प्रवीण सिंह गौतम, राजेश जैन, कमलेश गुप्ता, रजत सिंह, सिद्धार्थ सिंह, कन्हैयालाल जैन,रोहित कुमार मोदनवाल, संतोष केसरी, लालमन यादव ,सुमित कुमार सिंह, मिंटू सिंह, अनीश यादव उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था, निवेश, आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व कार्य : डॉ0 दिनेश शर्मा

**समाज जागरण**



मीरजापुर /उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने नटवां तिराहे पर स्थित विक्रम कॉरपेट के सभागार में भाजपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर सरोज जी की अध्यक्षता में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रदेश एवं देश के समसामयिक राजनीतिक, सामाजिक एवं विकास संबंधी मुद्दों पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए । डॉ. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था, निवेश, आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश आज देश की विकास यात्रा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गरीब, किसान, महिला, युवा एवं व्यापारियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अनेक जनहितकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि, महिला सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रहा है। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक दल जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं, किन्तु प्रदेश की जनता विकास, सुशासन एवं राष्ट्रहित की राजनीति के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जो सेवा, सुशासन एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य कर रहा है। डॉ. शर्मा ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं चुनावी तैयारियों को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में सुधार, डिजिटल शिक्षा, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, निवेश नीति तथा प्रदेश में बढ़ती औद्योगिक संभावनाओं पर भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज निवेशकों की पहली पसंद बनता जा रहा है और आने वाले समय में प्रदेश देश की आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित होगा। इस अवसर पर पार्टी के जनप्रतिनिधि मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, मझवां की विधायक शुचिस्मिता मौर्या, पूर्व जिलाध्यक्ष बालेंदुमणि त्रिपाठी, मनोज जायसवाल, जिला महामंत्री रविशंकर पाण्डेय, हेमंत त्रिपाठी, गौरव उमर, रोहित त्रिपाठी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पं0 भावेश शर्मा ने दिया।

# पेंड्रा जिले के कोटमी में ज्वेलरी व्यापारी प्रदीप सोनी की बाजार में गोली मारकर हत्या।

**समाज जागरण**

पेंड्रा-गौरेला-मरवाही जिले के कोटमी साप्ताहिक बाजार में बदमाशों ने सराफा व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी है। दुकान बंद करते समय बदमाश प्रदीप सोनी से सोना-चांदी लूटने लगे, उन्होंने विरोध किया तो सीने पर गोली मार दी। मार्केट में अफरा-तफरी मच गई। घटना पेंड्रा थाना क्षेत्र की है।

बताया जा रहा है कि, व्यापारी का सोना-चांदी लूटकर बदमाश फरार हो गए हैं। हालांकि, कितने की लूट हुई है इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

हत्या के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी है। परिजन और स्थानीय व्यापारियों ने अस्पताल में पुलिस से शव छीन लिया और सड़क जाम कर दिया। सराफा व्यापारी संगठन और अन्य व्यापारी संगठनों ने पेंड्रा बंद का ऐलान किया

**जानिए क्या है पूरा मामला**

चश्मदीदों के अनुसार, मंगलवार रात करीब 7 बजे 3 आरोपी एक पल्सर पर सवार होकर आए थे। बदमाशों ने प्रदीप सोनी को बेहद करीब से गोली मारी है। सूचना मिलते ही कोटमी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल प्रदीप सोनी को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना स्थल को सील कर दिया है। मौके से खून के धब्बे और खाली कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने इलाके की नाकाबंदी कर दी है और फरार पल्सर सवारों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

**बदमाशों ने सीने पर मारी गोली**

जिला अस्पताल के डॉक्टर प्रशांत रात्रे ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही व्यापारी की मौत हो गई थी। दाहिने तरफ सीने में गोली लगी है। अभी बॉडी से एक ही गोली मिली है। पीएम के बाद पता चलेगा की कितनी गोली मारी गई है।

**कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल**

स्थानीय पंकज तिवारी ने बताया कि, लूट की नीयत से सरेआम व्यापारी प्रदीप सोनी को गोली मारी गई है। यह सीधे तौर पर कानून व्यवस्था की लापरवाही है। जब नागरिक और व्यापारी सुरक्षित नहीं है तो इस प्रदेश का हाल कैसा चल रहा होगा आप समझ सकते हैं।

# क्रेडिट सोसाइटी सम्मेलन 30 को

**समाज जागरण**

अनूपपुर। सहकार भारती, मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश स्तरीय क्रेडिट सोसायटी सम्मेलन का आयोजन दिनांक 30 मई 2026, शनिवार को प्रातः 10:30 बजे किया जा रहा है। यह गरिमामयी आयोजन अनूपपुर में संपन्न होगा। सम्मेलन का उद्देश्य सहकारिता आंदोलन को सशक्त बनाना, क्रेडिट सोसायटियों के समक्ष वर्तमान चुनौतियों एवं संभावनाओं पर चर्चा करना तथा सहकारिता के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के सहकारिता क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग होंगे। मुख्य वक्ता के रूप में सहकार भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री संजय पाचपोर उपस्थित रहेंगे।

विशिष्ट अतिथियों में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री श्री दिलीप जायसवाल, सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, अनुसूचित जनजाति आयोग म.प्र. के अध्यक्ष श्री रामलाल रौतेल, सहकार भारती के राष्ट्रीय मंत्री श्री दिलीप दादा पाटिल एवं श्री गजेन्द्र गौतम सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सहकारिता क्षेत्र के प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे। सहकार भारती अनूपपुर के जिलाध्यक्ष अरविंद मिश्रा के द्वारा प्रदेश भर के सहकारिता कार्यकताओं, क्रेडिट सोसायटी प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की गयी है।

सहकार भारती का मूल मंत्र बिना संस्कार नहीं सहकार, बिना सहकार नहीं उद्धारह्न समाज में सहयोग, आत्मनिर्भरता एवं समृद्धि के विचार को आगे बढ़ाने का संदेश देता है।

# कटनीः लाडली बहना को ₹1500 देकर सरकार ने लिए वोट, आज उसी दाम पर मिल रहा सिलेंडरः जीतू पटवारी

## बहोरीबंद के देवगांव पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत, स्थानीय मुद्दों पर सरकार को घेरा

**समाज जागरण**

कटनी। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी बुधवार को अपने अल्पप्रवास के दौरान कटनी जिले के बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम देवगांव पहुंचे। यहां पूर्व युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मुकेश यादव की अगुवाई में बड़ी संख्या में एकत्रित हुए कांग्रेस कार्यकताओं और स्थानीय ग्रामीणों ने प्रदेश अध्यक्ष का ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जीतू पटवारी ने एक मौजूद लोगों संबोधित करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा और महंगाई के मुद्दे पर घेरा।



बुंदेलखंड की धरती से बदलाव की जरूरत सैकड़ों की संख्या में मौजूद आमजन और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि बुंदेलखंड की भूमि क्रांतिकारियों और वीरों की जगह है। इस धरती ने हमेशा अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई है और आज फिर वक्त आ गया है कि यहां से एक बड़े राजनीतिक और सामाजिक बदलाव की शुरूआत की जाए। उन्होंने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि वे जनता के बीच जाएं और सरकार की नाकामियों को उजागर करें। लाडली बहना योजना के नाम पर महिलाओं को ₹1500 देकर मौजूदा सरकार ने उनके वोट तो ले लिए, लेकिन आज जनता खुद को ठगा सा महसूस कर रही है। जिस सरकार ने ₹1500 देने का वादा किया था, आज उसी सरकार के राज में लोगों को ₹1500 में रसोई गैस का सिलेंडर खरीदने पर मजबूर होना पड़ रहा है। यह सीधे तौर पर जनता की जेब पर डाका है।

**किसानों और ग्रामीणों ने सुनाई अपनी समस्याएं**

इस दौरे के दौरान केवल राजनीतिक बयानबाजी ही नहीं हुई, बल्कि स्थानीय मुद्दों को भी प्रमुखता मिली। क्षेत्रीय ग्रामीणों और क्षेत्र के किसानों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को अपनी स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया। किसानों ने मुख्य रूप से खेती के समय पर्याप्त बिजली न मिलना, ऐन वक्त पर सोसायटियों में खाद की अनुपलब्धता न होना, देवगांव और आसपास के क्षेत्रों में सड़कों की जर्जर स्थिति और पेयजल का संकट बानी हुई है

जीतू पटवारी ने ग्रामीणों और किसानों की इन समस्याओं को बेहद ध्यान से सुना और आश्वस्त किया कि कांग्रेस पार्टी इन स्थानीय मुद्दों को विधानसभा से लेकर सड़क तक पुरजोर तरीके से उठाएगी और सरकार को घेरने का काम करेगी।

**कार्यकताओं में दिखा भारी उत्साह**

कार्यक्रम के आयोजक और पूर्व युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मुकेश यादव के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में बहोरीबंद क्षेत्र के बड़ी संख्या से कार्यकर्ता पहुंचे थे। स्वागत सत्कार के बाद पटवारी ने रीवा के लिए रवाना हो गए इस दौरान वरिष्ठ नेता महेंद्र जैन जी,संतोष यादव ,राम सुजान, युवा बहोरीबंद विधानसभा अध्यक्ष दीपक यादव, शब्बीर खान, शैलेंद्र जैन राजू शर्मा भवानी राय शिवकुमार ,वीरेंद्र ,राजेश रोहिणी, प्रेमलाल आदिवासी साहिल बर्मन आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे

# श्री एकादश मुखी हनुमान मंदिर की पहली वर्षगांठ पर विविध आयोजन 5 जून को

**समाज जागरण**

अमलाई। श्री एकादश मुखी हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर विविध धार्मिक आयोजन आगामी 5 जून को सिद्ध बाबा पहाड़ी स्थित एकादश मुखी हनुमान मंदिर में किया जाएगा। प्रातः 8:00 बजे पूजन ,11:00 बजे हनुमान



चालीसा ,12:00 बजे सुंदरकांड पाठ , 4:00 से प्रसाद भंडारा वितरण एवं 8:00 बजे महा आरती का आयोजन किया जाएगा। मारुति नंदन सेवा समिति एवं सनातन धर्म सत्संग समाज अमलाई में क्षेत्र के सभी धर्मावलंबियों से आवाहन किया है कि इस पुनीत धार्मिक अवसर पर अपनी सहभागिता प्रदान करें।

# अमरकंटक के समग्र विकास पर संतों संग मंथन

## राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रसाद जी ने श्री कल्याण सेवा आश्रम में की विशेष चर्चा

**समाज जागरण**

अमरकंटक – मां नर्मदा की उद्गम स्थली / पवित्र धार्मिक नगरी अमर कंटक स्थित श्री कल्याण सेवा आश्रम में एक महत्वपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण बैठक आयोजित की गई ।इस दौरान राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रसाद जी ने आश्रम के प्रबंध न्यासी स्वामी हिमाद्री मुनि जी महाराज से भेंट कर अमरकंटक के समग्र विकास , धार्मिक पर्यटन , पर्यावरण संरक्षण तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की । बैठक में अमरकंटक की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने पर विशेष मंथन हुआ ।संतों एवं उपस्थित गणमान्यजनों ने कहा कि अमरकंटक केवल एक तीर्थस्थल नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति , सनातन परंपरा , पर्यावरण





चेतना और आध्यात्मिक साधना का जीवंत केंद्र है , जिसकी गरिमा और महत्व को बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं ।

चर्चा के दौरान धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को प्रोत्साहन देने , तीर्थ यात्रियों के लिए सुविधाओं के विस्तार , स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के साथ क्षेत्र के संतुलित विकास की दिशा में ठोस पहल करने पर भी विचार-विमर्श किया गया ।

इस अवसर पर स्वामी हरस्वरूप जी महाराज एवं स्वामी धमानंद जी महाराज भी विशेष रूप से उपस्थित रहे ।संतजनों ने सामाजिक समरसता , सेवा कार्यों और धार्मिक मूल्यों के संरक्षण को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए सकारात्मक संवाद और सहयोगात्मक प्रयासों को समाजहित में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया । बैठक का वातावरण आध्यात्मिक गरिमा , सौहार्द एवं जनकल्याण के संकल्प से ओतप्रोत दिखाई दिया । संतों और अतिथियों ने अमरकंटक के उज्ज्वल भविष्य एवं सांस्कृतिक वैभव को संरक्षित रखते हुए विकास की नई दिशा देने का संकल्प भी व्यक्त किया ।

# अनूपपुर में शराब माफियाओं के हौसले बुलंद

## ओवररेटिंग, अवैध बिक्री और बढ़ते विवादों पर आबकारी विभाग मौन, जनता बोली – कार्रवाई नहीं, सिर्फ खानापूर्ति

**समाज जागरण**

अनूपपुर। जिले में नई शराब टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद से अवैध शराब कारोबार और ओवररेटिंग का खेल बेलगाम होता नजर आ रहा है। शराब दुकानों पर निर्धारित कीमत से अधिक दाम वसूले जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, जिससे आम लोगों में भारी नाराजगी व्याप्त है। हालत यह है कि कई स्थानों पर शराब के अधिक दाम को लेकर ग्राहकों और कर्मचारियों के बीच विवाद की स्थिति तक निर्मित हो रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठा है।

जिलेभर में शराब दुकानों के बाहर खुलेआम मनमानी दरों पर शराब बेचे जाने की चर्चा आम हो चुकी है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि दुकानों पर प्रिंट रेट से अधिक रकम वसूली जा रही है और विरोध करने पर अभद्रता तक की जाती है। कई जगहों पर शराब दुकानों के आसपास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी बढ़ता जा रहा है, जिससे आम नागरिक, महिलाएं और राहगीर परेशान हैं। सबसे बड़ा सवाल आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर उठ रहा है। लोगों का कहना है कि विभागीय अधिकारी केवल कागजों में कार्रवाई दिखाने तक सीमित हैं, जबकि जमीनी हकीकत पूरी तरह अलग है। आरोप यह भी है कि



आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी वातानुकूलित बंद कमरों में बैठकर आराम फरमा रहे हैं और उन्हें आम जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं रह गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि विभाग समय-समय पर शराब दुकानों की जांच करे, रेट सूची का सत्यापन कराए और अवैध बिक्री पर सख्ती दिखाए, तो हालात सुधर सकते हैं। लेकिन मौजूदा स्थिति में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि शराब माफियाओं को खुली छूट दे दी गई है। यही कारण है कि जिले में अवैध शराब बिक्री, ओवररेटिंग और विवादों की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। कई सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि शराब दुकानों की नियमित जांच कराई जाए और ओवररेटिंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो। लोगों का यह भी कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने सख्त कदम नहीं उठाए, तो हालात और बिगड़ सकते हैं तथा कानून व्यवस्था पर भी इसका असर पड़ सकता है। आम जनता का आरोप है कि शराब ठेकेदारों और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत के कारण पूरा खेल बेखौफ चल रहा है। यही वजह है कि शिकायतों के बावजूद धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं देती। अनूपपुर में बढ़ता यह अवैध कारोबार अब केवल राजस्व का मामला नहीं रह गया है, बल्कि सामाजिक व्यवस्था और आम लोगों की सुरक्षा से भी जुड़ा बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। जनता अब यह सवाल पूछ रही है कि आखिर आबकारी विभाग की जिम्मेदारी सिर्फ कागजी कार्रवाई तक सीमित है या फिर जनता को राहत दिलाना भी उसकी प्राथमिकता में शामिल है।

# खनिजों के अवैध उत्खनन-परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम में लगातार कार्यवाही जारी :-

**समाज जागरण**

01 पोकलेंन मशीन और 01 हाइवा जप्त उमरिया।जिले में कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय के निर्देशन में खनि अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी, सहायक खनि अधिकारी दिवाकर चतुवेर्दी, खनि निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनि निरीक्षक एन.एस. आर्मो, सैनिक सरमन लाल केवट, श्रीराम शर्मा एवं राजेश शुक्ला की टीम द्वारा दिनाकं 27.05.2026 को ग्राम लोढ़ा तहसील चंदिया अंतर्गत रेलवे लाइन के निर्माण कार्य में डाली जा रही खनिज मुरुम के अवैध उत्खनन कर निमार्णाधीन रेलवे लाइन में डालने पर 01 पोकलेंन मशीन टाटा हिटाची हाइड्रोलिक एक्सकेवेटर मशीन माडल टाईप ए200LC SUPER+ सीरियल नंबर SP20-58709 एवं हाइवा क्रमांक CG10BU2634 को जप्त किया गया है वाहनों पर म.प्र. खनिज अवैध (खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है । खनिज अमले द्वारा माननीय कलेक्टर महोदया एवं खनि अधिकारी महोदय के निर्देशन में लगातार सघन जॉच की जा रही है और अवैध उत्खनन झ परिवहन झ भंडारण का पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही जारी रहेगी

# पहाड़ की चोटी पर बसा दाल गांव आज भी विकास से कोसों दूर

## न सड़क, न बिजली, न पानी... 2 किलोमीटर दूर खाई से पानी ढोने को मजबूर ग्रामीण

**समाज जागरण**

शहडोल। आजादी के 75 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी जिले के ब्यौहारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत धांधोकुई का दाल गांव बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। पहाड़ की ऊंची चोटी पर बसे इस गांव तक आज भी सड़क, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं पहुंच सकी हैं। गांव के करीब 250 ग्रामीण रोजमर्रा की जरूरतों के लिए कठिन संघर्ष करने को मजबूर हैं। हालात इतने बदतर हैं कि ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए प्रतिदिन लगभग दो किलोमीटर दूर पहाड़ के नीचे स्थित झिरिया तक जाना पड़ता है।

**तपती धूप में पानी के लिए जोखिम भरा सफर**


भीषण गर्मी और नौतपा की तपिश के बीच जहां लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं, वहीं दाल गांव के महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे पथरीले व खतरनाक रास्तों से होकर पहाड़ के नीचे स्थित सिद्ध बाबा के पास की झिरिया तक पहुंचते हैं। यहां से पानी भरकर सिर पर ढोते हुए वापस पहाड़ी चढ़ना उनकी मजबूरी बन गई है। ग्रामीणों के अनुसार वर्षों से यही उनकी जीवनरेखा बनी हुई है।

**हैंडपंप बना शोपीस, नहीं निकलती पानी की एक बूंद**

ग्रामीणों की समस्या दूर करने के लिए गांव में एक हैंडपंप लगाया गया था, लेकिन वह भी बेकार साबित हो रहा है। हैंडपंप से पानी नहीं निकलता, जिसके कारण ग्रामीण प्राकृतिक जल स्रोतों पर निर्भर हैं। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण जल संकट लगातार गहराता जा रहा है।

**सड़क न होने से मरीजों की जान पर बन आती है**

दाल गांव की सबसे बड़ी समस्याओं में सड़क का अभाव भी शामिल है। गांव तक पहुंचने के लिए कोई पक्की सड़क नहीं है। निकटतम सड़क लगभग पांच किलोमीटर दूर है। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति अचानक बीमार हो जाए या किसी गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाना हो तो ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गांव तक एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती, जिससे कई बार मरीजों की जान जोखिम में पड़ जाती है।



बिजली के बिना अंधेरे में गुजर रही जिंदगी गांव में आज तक बिजली नहीं पहुंची है। शाम ढलते ही पूरा गांव अंधेरे में डूब जाता है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है और ग्रामीण आधुनिक सुविधाओं से वंचित हैं। मोबाइल चार्ज करने जैसी सामान्य जरूरत भी ग्रामीणों के लिए चुनौती बनी हुई है।

**पूर्वजों से मिली समस्याओं की विरासत**

गांव निवासी बंशीलाल गोंड बताते हैं कि उनके पूर्वजों के समय से ही यह गांव बसा हुआ है, लेकिन आज तक यहां सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो सकीं। ग्रामीण दशकों से विकास की बाट जोह रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया। वहीं ग्रामीण मथुरा सिंह का कहना है कि बिना बिजली के जीवन बेहद कठिन हो गया है। कई बार अधिकारियों को समस्या बताई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। ग्रामीण शुभकरण बताते हैं कि सड़क न होने के कारण बीमार व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाना सबसे बड़ी चुनौती बन जाता है। कई बार मरीजों को चारपाई पर लादकर कई किलोमीटर तक पैदल ले जाना पड़ता है।

**सरपंच ने भी स्वीकारा गांव की बदहाली**

ग्राम पंचायत धांधोकुई के सरपंच राकेश प्रजापति ने भी गांव की समस्याओं को स्वीकार किया है। उन्होंने बताया कि दाल गांव ऊंची पहाड़ी पर स्थित है, जहां लगभग 40 परिवारों के करीब 250 लोग निवास करते हैं। गांव में एक हैंडपंप लगा है, लेकिन उससे पानी नहीं निकलता। सड़क, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है।

**जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर उठे सवाल**

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के समक्ष समस्याएं रखी गईं, लेकिन समाधान नहीं हुआ। मामले में स्थानीय विधायक शरद जुगलाल कोल से संपर्क करने का प्रयास किया गया, किंतु उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।

**विकास के दावों के बीच सवालों में दाल गांव**

सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन दाल गांव की तस्वीर इन दावों की हकीकत बयां कर रही है। सवाल यह है कि आखिर कब तक इस गांव के लोग पानी, सड़क और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करते रहेंगे और कब उनकी जिंदगी में विकास की रोशनी पहुंचेगी।

# बघेली कलाकार मनीष पटेल को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

## सोशल मीडिया में अभद्र टिप्पणी करने वाला आरोपी यूट्यूबर गिरफ्तार

**समाज जागरण**

रीवा।जिले के बघेली यूट्यूबर और कलाकार मनीष पटेल को सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने के मामले में सिविल लाइंस थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 196(1)(ए) और 353(2) के तहत गिरफ्तार किया है।इस मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका भी खारिज कर दी है। ये है मामला उल्लेखनीय है कि मनीष पटेल ने वेलेंटाइन वीक के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (यूट्यूब, फेसबुक और इंस्टाग्राम) पर एक वीडियो पोस्ट किया था। इस वीडियो और उसके शीर्षक (कैप्शन) में ब्राह्मण समाज की युवतियों को लेकर आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणियां की गई थीं।वीडियो वायरल होने के बाद ब्राह्मण समाज के लोगों और विभिन्न संगठनों में भारी आक्रोश फैल गया था।

# शहडोल के किसी भी नेता को नहीं मिला राज्यसभा सदस्य बनने का मौका

## स्थानीय लोगों की हो रही अरसे से उपेक्षा

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल ।चुनाव आयोग ने 10 राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों पर चुनाव की तिथि निर्धारित कर दी है इन सीटों के लिए मतदान 18 जून 2026 को कराया जाएगा चुनाव आयोग की घोषणा के बाद संबंधित राज्यों में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई है दूसरी ओर भाजपा से किसी भी नेता को राज्यसभा में ना भेजने की चर्चा भी शुरू हो चुकी है। अभी तक शहडोल संभाग के किसी भी नेता को राज्यसभा सदस्य बनने का मौका नहीं मिला है जबकि पूर्व में राज्यसभा सदस्यों के चुनाव में नरसिंहपुर, मंडला, सीधी एवं अन्य जिलों को मौका दिया गया है। राजनीतिक खेमे में इस बात की चर्चा है कि जिस प्रकार अन्य जिलों को मौका दिया गया है इस प्रकार भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के संगठन को शहडोल संभाग के किसी भी योग्य नेता को राज्यसभा सांसद बनने की पहल करनी चाहिए। शहडोल संभाग से अभी तक कांग्रेस एवं भाजपा से एक भी नेता राज्यसभा सदस्य नहीं बन सका क्योंकि किसी को मौका ही नहीं दिया गया। स्थानीय नेताओं को हमेशा हशिए पर रखा गया। इसके बाद अब राज्यसभा सदस्य चुने जाने को लेकर पार्टी के अंदर यह बात जोर पकड़ रही है कि शहडोल संभाग के किसी योग्य नेता को राज्यसभा भेजना चाहिए ताकि वह यहां की आवश्यकताओं एवं विकास की योजनाओं के लिए अपनी बात रख सके विदित हो कि राज्यसभा सदस्य के लिए निर्वाचन कार्यक्रम के तहत 1 जून को अधिसूचना जारी होगी उम्मीदवार 8 जून तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे 9 जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी जबकि 11 जून तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

# फर्जी एफआईआर के विरोध में एसपी दमोह को सौंपा ज्ञापन , निष्पक्ष जांच की मांग

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता एवं फल व्यापारी पन्नालाल राय ने अपने खिलाफ दर्ज कथित फर्जी एफआईआर को लेकर पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि शराब ठेकेदार और कोतवाली टीआई की मिलीभगत से उन्हें झूठे मामले में फंसाया गया है, जबकि घटना के समय वे अपनी दुकान पर मौजूद थे। ज्ञापन में पन्नालाल राय ने बताया कि 9 अप्रैल 2026 को भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकताओं ने पुलिस के सहयोग से शराब परिवहन कर रहे कथित शराब माफियाओं को पकड़वाया था। इस दौरान संगठन के लोगों और शराब माफियाओं के बीच विवाद



एवं मारपीट की घटना हुई थी। आरोप है कि उसी मामले में शराब ठेकेदार द्वारा कोतवाली थाना प्रभारी से मिलीभगत कर उनके खिलाफ फर्जी एफआईआर दर्ज कराई गई। आवेदक का कहना है कि घटना के समय वे अपनी फल दुकान पर मौजूद थे, जिसके समर्थन में उनके पास सीसीटीवी फुटेज, आसपास के व्यापारियों और स्थानीय लोगों की गवाही सहित अन्य साक्ष्य मौजूद हैं। उन्होंने दावा किया कि पुलिस द्वारा दर्ज मामले में रॉड से हमला करने का उल्लेख किया गया है, जबकि उपलब्ध वीडियो फुटेज में कहीं भी रॉड दिखाई नहीं दे रही। इसके विपरीत वीडियो में कुछ लोग चाकू लिए नजर आ रहे हैं। पन्नालाल राय ने एसपी से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सीसीटीवी फुटेज एवं प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर सत्यता सामने लाई जाए। उन्होंने कहा कि यदि निष्पक्ष जांच की जाती है तो उनका नाम स्वतः मामले से अलग हो जाएगा। साथ ही उन्होंने दोषी अधिकारियों और संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की भी मांग की।

ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के कई कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। मामले को लेकर शहर में चचाओं का माहौल बना हुआ है तथा लोग निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

# त्यौहारों को लेकर दमोह पुलिस अलर्ट, शहर में निकाला फ्लैग मार्च

## ईद पर ड्रोन और सीसीटीवी से होगी निगरानी, एसपी आनंद कलादगी ने संवेदनशील क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। आगामी त्यौहारों एवं ईद पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से दमोह पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आया। इसी क्रम में 26 मई 2026 की रात शहर के विभिन्न मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने किया। उनके साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया एवं सीएसपी एच.आर. पांडे सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधीक्षक ने शहर के फुटेरा तालाब, सिटी नल, पुराना थाना, गढ़ी मोहल्ला, चमन चौक, कसाई मंडी, मनु मिश्रा तिराहा एवं पुरैना तालाब



जैसे संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा व्यवस्था, कानून व्यवस्था और यातायात नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी आनंद कलादगी ने कहा कि ईद पर्व के दौरान शहर के प्रमुख चौराहों और संवेदनशील इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जाएगी। इसके अलावा ड्रोन कैमरों का भी उपयोग किया जाएगा, ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। उन्होंने फुटेरा फाटक क्षेत्र में विशेष सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन को और बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान शांति, सौहार्द और भाईचारे का माहौल बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। इस अवसर पर टीआई कोतवाली मनीष कुमार, यातायात प्रभारी दलबीर सिंह मार्को, अजाक टीआई रचना मिश्रा, सूबेदार अभिनव साहू, सागर नाका चौकी प्रभारी विक्रम दांगी तथा जबलपुर नाका चौकी से अभय सिंह सहित बज्र वाहन और पुलिस बल मौजूद रहा।

# अपशिष्ट से समृद्धि : कला और शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। एनटीपीसी रिहंद में चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत टाउनशिप परिसर स्थित सब्जी मंडी में अपशिष्ट से समृद्धि थीम पर कला एवं शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य अनुपयोगी वस्तुओं के पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण को बढ़ावा देना तथा लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। प्रदर्शनी का उद्घाटन एनटीपीसी रिहंद के मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख संजय असाटी तथा वर्तिका महिला मंडल समिति की अध्यक्षा नीलू



असाटी ने किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विभिन्न स्टॉलों पर प्रदर्शित रचनात्मक उत्पादों की सराहना की। प्रदर्शनी में अनुपयोगी और बेकार समझी जाने वाली वस्तुओं से तैयार किए गए आकर्षक क्राफ्ट, सजावटी सामान, फर्नीचर तथा अन्य उपयोगी उत्पाद प्रदर्शित किए गए। इन कलाकृतियों ने यह संदेश दिया कि यदि रचनात्मक सोच और नवाचार का प्रयोग किया जाए तो अपशिष्ट सामग्री को भी उपयोगी एवं सुंदर उत्पादों में परिवर्तित किया जा सकता है। प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उत्पादों का अवलोकन किया और कलाकारों की सृजनात्मकता की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख संजय असाटी ने चक्रीय अर्थ व्यवस्था (सर्कुलर इकोनॉमी) की अवधारणा के अनुरूप अपशिष्ट सामग्री के पुनः उपयोग एवं पुनर्चक्रण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें जनसहभागिता भी बेहद महत्वपूर्ण है।

उन्होंने इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए उपस्थित लोगों से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने तथा ऐसे प्रयासों में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित यह प्रदर्शनी पर्यावरण संरक्षण, संसाधनों के बेहतर उपयोग और सतत विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुई।

# कनहर सिंचाई परियोजना से बदलेगी सोनभद्र की तस्वीर, हजारों किसानों को मिलेगा सिंचाई व पेयजल का बड़ा लाभ

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। जिले की बहुप्रतीक्षित कनहर सिंचाई परियोजना अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। दुद्धी तहसील क्षेत्र में निमार्णाधीन इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पूरा होने के बाद दुद्धी और ओबरा क्षेत्र के 108 गांवों के हजारों किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। साथ ही करीब दो लाख लोगों की पेयजल समस्या का भी स्थायी समाधान हो सकेगा। प्रशासन का दावा है कि जनवरी 2027 से किसानों को परियोजना का प्रत्यक्ष लाभ मिलने लगेगा। किसानों की सिंचाई और पेयजल आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से शुरू की



गई इस परियोजना को गति उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के कार्यकाल में मिली। जिला प्रशासन ने भूमि अधिग्रहण से जुड़ी आपत्तियों का त्वरित निस्तारण कर बांध और नहर निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया। वर्तमान में 3.24 किलोमीटर लंबे एवं 39.9 मीटर ऊंचे बांध का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि नहर प्रणाली का निर्माण अंतिम चरण में है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि परियोजना को दिसंबर 2026 तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जनवरी 2027 से किसानों को सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराया जा सके। परियोजना की द्वितीय पुनरीक्षित लागत 3394.65 करोड़ रुपये स्वीकृत की गई है। इसके माध्यम से दुद्धी और चोपन विकास खंड के लगभग 35,467 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र की सिंचाई संभव होगी।

परियोजना के अंतर्गत कनहर, पांगन, सुखरी पांगन, लउवा, ठेमा, पाण्डु, गोइठा और धोरपा जैसी नदियों के जल का संचयन किया जा रहा है। पहले वर्षा का अधिकांश जल बिना उपयोग के बह जाता था, लेकिन अब बांध निर्माण से उसका संरक्षण संभव हो सकेगा। इससे भूजल स्तर में सुधार होने के साथ क्षेत्र में जल संकट की समस्या भी काफी हद तक कम होगी।

कनहर निर्माण खंड-3 के अधिशासी अभियंता विनोद कुमार ने बताया कि बांध को आधुनिक तकनीक से तैयार किया गया है। इसमें 16 रेडियल गेट लगाए गए हैं, जो जलस्तर बढ़ने पर अलार्म सिस्टम के माध्यम से स्वतः खुल जाएंगे और जलस्तर सामान्य होने पर स्वतः बंद भी हो जाएंगे। परियोजना के तहत 1775 मीटर लंबे एक्वाडक्ट और 2660 मीटर लंबी सुरंग का निर्माण कार्य भी अंतिम चरण में है। कनहर सिंचाई परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध होगा, कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। साथ ही पेयजल संकट से जूझ रहे लाखों लोगों को भी बड़ी राहत मिलने की उम्मीद।

# नमो घाट हत्याकांड: चोपन में जायसवाल समाज ने दी श्रद्धांजलि, निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। वाराणसी के नमो घाट पर खलियारी निवासी राजेश जायसवाल उर्फ चिंटू की हुई हत्या से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। इस दुखद घटना के बाद मंगलवार को चोपन मुख्य बाजार में जायसवाल समाज के लोगों ने एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर दिवंगत राजेश जायसवाल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान समाज के लोगों ने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने दिवंगत की तस्वीर पर माल्यार्पण कर



उन्हें याद किया तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की। सभा में वक्ताओं ने कहा कि राजेश जायसवाल उर्फ चिंटू की हत्या अत्यंत दुखद और निंदनीय घटना है, जिसने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए समाज पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ा रहेगा। मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र जायसवाल ने कहा कि यह घटना बेहद पीड़ादायक है और ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होना आवश्यक है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि गिरफ्तार दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त सजा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि न्याय मिलने तक समाज पीड़ित परिवार के साथ खड़ा रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान जायसवाल समाज के चोपन अध्यक्ष सुनील जायसवाल ने दिवंगत राजेश जायसवाल उर्फ चिंटू को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि समाज इस कठिन समय में शोक संतप्त परिवार के दुख में बराबर का सहभागी है।

नीरज जायसवाल ने सभी लोगों से एकजुट होकर पीड़ित परिवार का मनोबल बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा इस तरह घटना की पुनावृति न हो इसके लिए दोषिये पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

श्रद्धांजलि सभा में राजन जायसवाल, नीरज जायसवाल, चंदन जायसवाल, संदीप जायसवाल, सोनू, सुनील, प्रकाश, आशीष, पवित्र, अभिषेक सहित जायसवाल समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की तथा दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

बता दे कि वाराणसी के प्रमुख पर्यटन स्थल नमो घाट पर दोस्तों संग घूमने आए राजेश जायसवाल उर्फ चिंटू की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद घाट की सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। पुलिस ने हत्या, हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सिक्योरिटी एजेंसी संचालक सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# मारकुंडी में लूट -खसोट एवं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा लघु सिचांई विभाग का कूप निर्माण योजना

## • ~ गरीब किसानों ने मानक के विपरीत कूप निर्माण का किया विरोध, निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच की मांग

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। रावर्ट्सगंज विकास खंड के मारकुंडी ग्राम पंचायत के टोला सात नंबर में लघु सिंचाई विभाग द्वारा सिंचाई कूप पक्का निर्माण कार्य में मानक के विपरीत, आधा अधूरा निर्माण कार्य कर व्यापक पैमाने पर सरकारी धन का लूट-खसोट एवं भ्रष्टाचार मचाए जाने का आरोप क्षेत्रीय ग्रामीण ने लगाया है तथा इस संबंध में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को लिखित जन शिकायत पोर्टल के माध्यम से शिकायती प्रार्थना पत्र सौंप उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है ताकि सरकारी धन में लूट-खसोट किए जाने का पदार्फाश हो सके और कूप निर्माण का कार्य समय से पूर्ण हो सके।

इस संबंध में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ,जिला अधिकारी सोनभद्र,जिला मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र को भेजें गये शिकायती पत्र मे लघु कृषक अशोक कुमार पुत्र स्व० रूपलाल निवासी मारकुण्डी,टोला-7 नंबर ,विकास खण्ड-राबर्ट्सगंज जनपद-सोनभद्र ने भेजे गए अपने शिकायत पत्र में कहा है कि लघु सिंचाई विभाग द्वारा सिंचाई कूप (पक्का कुआं) का निर्माण कराया गया है जो कूप को अर्द्धनिर्मित कर ठेकेदार द्वारा छोड़ दिया गया है।कूप निर्माण के ही समय ठेकेदार द्वारा कुएं का निर्माण नाले में किया गया है जो नाला जमीन के सतह से करीब 15 फीट नींचे है।शुरूआत में ही खोदाई के समय ही विरोध किया तो विभागीय जे०ई० व ठेकेदार द्वारा कहा गया कि इस कुएं को 40-45 फीट खुदाई करानी है,परेशान मत होइएं।कूएं में कम से कम 10 फीट पानी करके ही छोड़ा जायेगा। जे०ई० व ठेकेदार के बातों से आश्वस्त हो कूप निर्माण कार्य निर्विरोध होने दिया गया। परिणाम स्वरूप दो-तीन फीट नीचे पत्थर पड़ जाने के कारण ठेकेदार द्वारा मजदूरो



से पत्थर को आधा अधूरा करीब 17-18 फीट खोदवाकर कूप को पत्थर के उपर बोल्डर से दिवाल बनाया जाने लगा।जब इसका विरोध किया गया और कहां गया कि कम से कम कूप मानक के अनुरूप खुदाई तो कराकर दीवाल निर्माण करवाया जाय, लेकिन मनमानी

पूर्ण उपेक्षात्मक रवैया अपनाते हुए संबंधित ठेकेदार व जे०ई० द्वारा कहा गया कि दीवाल बन जाने के पश्चात मशीन से कुए को वृहद रूप बना दिया जायेगा,गइराई से लेकर चौड़ाई आदि सब फिट हो जायेगा।करीब तीन माह से ही निर्माण कार्य बन्द हुए हो गया। जिसको लेकर जे०ई० के साथ-साथ विभागीय अधिशासी अभियंता को भी उक्त कूप को लेकर लिखित एवं मौखिक समेत दूरभाष से भी अवगत कराया गया किन्तु आज तक केवल झूठा आश्वासन ही दिया जा रहा है जिसको लेकर मानसिक रूप से बहुत ही परेशान है।उपर से ठेकेदार द्वारा धमकियां भी दी जा रही है कि जाओं जहां शिकायत करनी हो,कर लो कुछ भी नहीं उखाड़ सकते।वर्तमान में बरसात का मौसम भी आने वाला है।यदि बरसात से पहले कुएं का निर्माण आदि कार्य पूर्ण नही किया गया तो फिर सम्भव नही है।विश्वस्त सूत्रों से यह पता चला है कि उक्त कूएं निर्माण का संपूर्ण भुगतान भी कर लिया जा चुका है बावजूद इसके कार्य आज भी आधा अधूरा अर्ध निर्मित है और मानक के विपरीत कार्य किया गया है। इलाके के तमाम किसान बंधुओ नेउक्त अर्द्धनिर्मित कुएं निर्माण का उच्च स्तरीय जांच कराकर कूए के कार्य को पूर्ण करवाते हुए दोषियों के विरूद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करवाये जाने की मांगकी है ताकि कूप निर्माण कार्य में हुए सरकारी धन की लूट-खसोट का पदार्फाश तथा संबंधितों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण समेत अन्य धाराओं में कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। देखना अब यह है कि इस संबंध में अर्ध निर्मित कूप का निर्माण पूर्ण हो पाता है अथवा नहीं तथा कहां तक संबंधितों के खिलाफ उच्च स्तरीय जांचकर कार्रवाई सुनिश्चित हो पाती है? लोगों की निगाहें अब विभागीय कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# बीपैक्स मे किसान क्रेडिट मेगा कार्ड कैम्प आयोजित

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। सहकारी बैंक और सहकारी समितियाँ किसानो के सुख- दुख के सच्चे साथी हैं।सहकारीबैंक किसानो का जीवन सरल, सुन्दर और समृद्ध बनाते हैं। यह पंक्तियाँ बीपैक्स गयारतवल मे आयोजित किसान क्रेडिट कार्ड मेगा कैम्प में संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक योगेन्द्र पाल सिंह ने अपने संबोधन मे कहीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद से संयुक्त आयुक्त ने सहकारी बैंकों और समितियो की हर छोटे-बड़े किसान तक पहुंचने की क्षमता, इच्छा और जिज्ञासा को सराहा। उन्होने कहा कि सहकारिता किसान और कृषि की प्राणवायु है।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टरअवधेश सिंह पटेल ने बीपैक्स की सदस्यता बढ़ाने, उर्वरक वितरण,ऋण वितरण और धान खरीद के लक्ष्यो की पूर्ति के लिये सहकारी कर्मचारियों तथा किसानो का आभार व्यक्त किया।उन्होने कहा कि आदरणीय जेपीएस राठौर जी के यूपी मे और आदरणीय अमित शाह के केंद्र मे सहकारिता मंत्रालय की जिम्मेदारी संभालने के बाद स्थितियाँ बेहतर हुई हैं।सहायक आयुक्त सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि ऐसी भीषण गर्मी मे भी किसानो की इतनी उपस्थिति बड़े हर्ष और गर्व का विषय है।तमाम समस्याओ के बाद भी किसानो को समय से खाद, बीज तथा ऋण वितरण उपलब्ध कराने के लिए सहकारिता विभाग और जिला सहकारी बैंक हर पल मुस्तैद है।



सहायक आयुक्त ने कहा कि विपरीत परिस्थितियो के बाद भी मूल्य समर्थन योजना अंतर्गत हमारी कोशिश अधिक से अधिक केन्द्रो के चयन की रही है।सचिवो को भी उर्वरक के ससमय भुगतान का ध्यान रखना चाहिए अन्यथा थोड़ी सी शिथिलता उर्वरक संकट का कारण बन सकती है।जिला सहकारी बैंक के सचिव/ महाप्रबंधक राजकुमार यादव ने बैंक की विभिन्न प्रकार की ऋण योजनाओ के बारे मे विस्तार से चर्चा की।उन्होने समय से ऋण भुगतान की भी अपील की ताकि भविष्य मे बैंक दुगने जोश से किसानो को ऋण मुहैया करा सके। कार्यक्रम मे शाखा प्रबंधक राबर्टसगंज प्रमोद राय तथा इफको एसएफए अवनीश पांडेय द्वारा अपने विभाग की योजनाओ के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि व उपस्थित अधिकारियो द्वारा पाँच किसानो को तेरह लाख रुपए केसीसी ऋण का वितरण किया गया।इसके पूर्व बीपैक्स केकराही विकास खंड करमा मे आयोजित कैम्प मे सहायक आयुक्त देवेंद्र कुमार सिंह ने चार किसानो को बारह लाख रुपए केसीसी ऋण का वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन बीपैक्स शिवपुर के सचिव सौरभ सिंह ने किया। इस अवसर पर एडीसीओ राबर्टसगंज अवधेश सिंह,एडीसीओ घोरावल डाक्टर सुरेश, एडीसीओ दुद्धी अजय कुमार,

एडीओ राबर्टसगंज अखिलेश कुमार, शाखा प्रबंधक राबर्टसगंज प्रमोद राय, गयारतवल बीपैक्स के अध्यक्ष बैजनाथ सिंह, बीपैक्स मारकुंडी अध्यक्ष सत्यदेव पांडेय, अध्यक्ष अरौली बीपैक्स राजकुमार सिंह, सचिव महेंद्र कुमार सिंह, सौरभ सिंह,अमित कुमार गौतम,राहुल सिंह,अवनीश पांडेय एसएफए तथा बडी संख्या मे क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

# मकान बनाते समय कटे तार की चपेट में आई महिला, दुद्धी सीएचसी में भर्ती

**समाज जागरण**

दुद्धी/ सोनभद्र। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के निमियाडीह गांव में बुधवार अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे घर के निर्माण कार्य के दौरान 35 वर्षीय वसीमा खातून विद्युत तार की चपेट में आ गई। परिजनों के मुताबिक, घटना के समय वसीमा अपने निमार्णाधीन मकान की तराई कर रही थीं कि ऊपर से लटके कटे हुए बिजली के तार के संपर्क में आ गई । तारों पर जगह-जगह टेपिंग लगी थी और तार कटे हुए बताए गए। तेज झटके से वसीमा जमीन पर गिरकर



अचेत हो गई, जिससे घर में अफरा-तफरी मच गई। बताया गया है कि मौके पर उनकी बड़ी जेठानी मौजूद थीं जिन्होंने तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने 108 एम्बुलेंस को बुलाया। एम्बुलेंस टीम के ईएमटी पंकज कुमार व चालक गौतम ने वसीमा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी पहुंचाया, जहाँ चिकित्सक डॉ. सुनील के देख रेख में महिला का उपचार जारी है। डॉ. सुनील के अनुसार वसीमा की हालत स्थिर बताई जा रही है और उनको आवश्यक उपचार जारी है।

# बघुआरी में सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश, कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज तहसील के ग्राम पंचायत बघुआरी में मुख्य मार्ग से ब्रह्मडीहा टोला स्थित श्मशान घाट तक जाने वाली सड़क के निर्माण को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी व्याप्त है। लंबे समय से सड़क की खराब स्थिति और निर्माण कार्य शुरू न होने से ग्रामीणों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायत करने और आईजीआरएस पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीण अभिषेक द्विवेदी ने बताया कि बरसात के मौसम में सड़क पूरी तरह कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो जाती है, जिससे लोगों का आवागमन बेहद कठिन हो जाता है। सबसे अधिक



परेशानी मरीजों, बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूल जाने वाले बच्चों को उठानी पड़ती है। कई बार ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है कि दोपहिया वाहन तक सड़क पर नहीं चल पाते। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस मामले में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा जारी पत्र में सड़क को विभाग के अधिकार क्षेत्र से बाहर बताते हुए निर्माण कार्य कराने में असमर्थता जताई गई है। विभाग के इस जवाब के बाद ग्रामीणों में और अधिक रोष देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब सड़क की समस्या जनता से जुड़ी है तो जिम्मेदार विभाग तय कर समस्या का समाधान किया जाना चाहिए। ग्रामवासियों ने प्रशासन से जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र ही इस दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई तो ग्रामीण आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। अब सभी की निगाहें प्रशासन और संबंधित विभागों पर टिकी हैं कि वे इस गंभीर समस्या का समाधान कब तक सुनिश्चित करते हैं।

# रोमांचक मुकाबले में टीचर टीम ने नगर पंचायत चोपन को हराकर दर्ज की शानदार जीत, प्रिंस बने मैन ऑफ द मैच

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। चोपन में हो रहे ऐतिहासिक नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट के अंतर्गत 25 मई 2026 को टीचर टीम और नगर पंचायत चोपन टीम के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। मैच के मुख्य अतिथि रेलवे ओबरा के पीडब्ल्यूआई अंजनी कुमार रहे। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ हुई, जिसके बाद अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और टॉस की प्रक्रिया संपन्न कराई।



टॉस जीतकर टीचर टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। निर्धारित 10 ओवरों में टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 95 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नगर पंचायत टीम ने भरसक प्रयास किया, लेकिन निर्धारित ओवरों में लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी और मुकाबला टीचर टीम के नाम रहा। मैच के बाद नगर पंचायत टीम ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि टीचर हमारे गुरु हैं और गुरु के सामने शिष्य सदैव हारता है। गुरुओं के आशीर्वाद से ही हम आगे बढ़ते हैं। टूनामेंट के मीडिया प्रभारी एवं कमेंटेटर शाकिब खान ने पूरे मैच की रोमांचक लाइव कमेंट्री कर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए टीचर टीम के खिलाड़ी प्रिंस को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के साथ नगर पंचायत टीम के कप्तान अनीश राजा, उपकप्तान अंकित पांडेय, ईसीआरकेयू अध्यक्ष वी.के. डी. द्विवेदी, सीआईटी चोपन जितेंद्र यादव, एससी/एसटी सचिव मनीष कुमार, डी.एन. महतो, महेंद्र कुमार, रेलवे बोर्ड परामर्शदात्री विकास चौबे, समाजसेवी संजय जैन सहित टूनामेंट कमेटी के सदस्य एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी को देखते हुए 15 वरिष्ठ अधिवक्ताओं को किया गया गमछा वितरण, अधिवक्ता वेलफेयर ट्रस्ट को मजबूत बनाने पर जोर

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। भीषण गर्मी और लू के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन (डीबीए) सोनभद्र की आवश्यक बैठक बुधवार को डीबीए सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य और सुविधा को ध्यान में रखते हुए 15 वरिष्ठ अधिवक्ताओं को गमछा वितरित किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं के कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।





बैठक को संबोधित करते हुए डीबीए के पूर्व अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट ने कहा कि वर्तमान समय में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में वरिष्ठ अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है। उन्होंने बताया कि डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के आर्थिक सहयोग तथा पूर्व महामंत्री विमल प्रसाद सिंह के विशेष योगदान से यह पुनीत कार्य संपन्न कराया गया। उन्होंने कहा कि समाज और संगठन के प्रति संवेदनशीलता ही किसी संस्था की वास्तविक पहचान होती है। बैठक में डीबीए के उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा एडवोकेट ने अधिवक्ता वेलफेयर ट्रस्ट की गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि अधिवक्ताओं के आर्थिक एवं सामाजिक हितों की सुरक्षा के लिए ट्रस्ट का गठन किया गया है। ट्रस्ट के माध्यम से ऐसी योजनाएं संचालित की जाएंगी, जिनसे नियमित आय का स्रोत विकसित हो सके और जरूरतमंद अधिवक्ताओं की सहायता की जा सके।

उन्होंने बताया कि किसी अधिवक्ता अथवा उनके परिवार पर आकस्मिक संकट, गंभीर बीमारी, दुर्घटना या आर्थिक कठिनाई आने की स्थिति में ट्रस्ट द्वारा तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जो सहायता संबंधी मामलों पर निर्णय लेगी। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से वकालतनामा एवं रजिस्ट्री कूपन का नियमित उपयोग करने की अपील भी की। बैठक की अध्यक्षता डीबीए अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह एडवोकेट ने तथा संचालन पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर भोला सिंह पटेल, हीरालाल पटेल, प्रेम प्रताप विश्वकर्मा, राजेंद्र कुमार यादव, राजेश यादव, रियाज खान, विनीत श्रीवास्तव, टीटू गुप्ता, आदर्श देव पांडेय, रविंद्र पटेल, शाहनवाज आलम खान, रामगुल्ली यादव, राकेश सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# पत्रकार टीम ने चोपन पुलिस टीम को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह, दूसरे मैच में रेलवे सुपरवाइजर भी विजयी

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। चोपन में आयोजित ऐतिहासिक क्रिकेट टूनार्मेंट का अंतिम क्वार्टर फाइनल मुकाबला यूपी पुलिस और पत्रकार टीम के बीच खेला गया। मैच के मुख्य अतिथि ओबरा विधानसभा के पूर्व सपा प्रत्याशी सुनील सिंह गोंड तथा विशिष्ट अतिथि नवागत चोपन थाना प्रभारी रहे। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई, जिसके बाद अतिथियों का परिचय कराया गया।



टॉस जीतकर यूपी पुलिस टीम ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पत्रकार टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 10 ओवर में टूनार्मेंट का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर 112 रन बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूपी पुलिस टीम निर्धारित ओवरों में लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी और पत्रकार टीम ने मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जॉनी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूनार्मेंट के मीडिया प्रभारी एवं कमेंटेटर शाकिब खान ने पहले मुकाबले के समापन के तुरंत बाद दूसरा मैच शुरू कराया, जो डीटीएम-11 और रेलवे सुपरवाइजर टीम के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में रेलवे सुपरवाइजर टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। रेलवे सुपरवाइजर टीम के खिलाड़ी जितेंद्र को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। पत्रकार टीम के कोच संजय चेतन ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को बेहतर खेल के लिए बधाई दी। वहीं कप्तान प्रमोद और उपकप्तान अनुज जायसवाल ने आयोजन समिति को इस तरह के ऐतिहासिक टूनार्मेंट का आयोजन प्रत्येक वर्ष कराने का आग्रह किया। नवागत थाना प्रभारी ने भी बेहतर आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की। कार्यक्रम में एम.पी. सिंह, आर.बी. पॉल, डी.एन. महतो, धीरेन्द्र कुमार सिंह, ए.के. भारती, अखिलेश सिंह यादव, महेंद्र प्रसाद, मनीष कुमार, नजमुद्दीन इदरीशी, रमेश सोनी, सत्यदेव पांडेय, बृजभान, गोविंद, सनोज चौधरी, अंपायर वाहिद एवं रूपेश, स्कोरर सुजीत यादव व सोनू सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# 30 मई होगा उत्तरी छोटा नागपुर प्रमण्डल स्तरीय जदयू का कार्यकर्ता सम्मेलन

- प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद खीरू महतो और जमशेदपुर पश्चिम से विधायक सरयू राय होंगे मुख्य वक्ता।
- जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने दिया कार्यक्रम सफल बनाने की जिम्मेवारी।



**मिंटू कुमार समाज जागरण**

हजारीबाग 27.05.2026 दिन बुधवार को सर्किट हाउस में जदयू के प्रमुख नेताओं की बैठक हजारीबाग जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। रामगढ़ में उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाना इस बैठक का प्रमुख मुद्दा रहा । प्रमण्डल स्तरीय कार्यक्रम जो दिनांक 30.05.2026 को रामगढ़ के सनशाइन बैंक्विट हॉल में होना निश्चित है । उक्त बैठक में हजारीबाग जिलाध्यक्ष के अगुवाई में भारी संख्या में नेता कार्यकर्ता शिरकत करेंगे।

प्रभु दयाल कुशवाहा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में रामगढ़ के कार्यक्रम को सफल बनाना है। खुशबू कुमारी के नेतृत्व में महिलाओं की उपस्थिति सुनिश्चित रहेगी। अविरल बिहारी जी मंडई सहित नगर का नेतृत्व करेंगे। सदर से रामधनी प्रसाद कुशवाहा, बड़कागांव से रघुनंदन प्रसाद एवं सुरेश वर्मा , कटकमसांडी प्रखंड से महेंद्र पाण्डेय , इचाक प्रखंड से अयोध्या प्रसाद मेहता , बरही से सत्येंद्र सिंह दायित्व निर्वहन करेंगे। राज्यसभा सांसद और प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो एवं जदयू विधायक सरयू राय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि होंगे । बैठक में चंद्र मोहन पटेल, खुशबू कुमारी, मिथिलेश सिंह, राकेश ठाकुर, अविरल बिहारी लाल सहित अन्य की गरिमा में उपस्थिति रही।

# विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय सह प्रभारी संपूर्ण भारत बने भरत सिंह

**अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ**




सरायकेला खरसावां (झारखंड) 27 मई 2026: विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय की ओर से भरत सिंह को संगठन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष से पदोन्नति देते हुए राष्ट्रीय सह प्रभारी संपूर्ण भरत बनाया गया है. इसे लेकर आयोजित एक समारोह में भरत सिंह के राष्ट्रीय हित एवं सनातन समाज के प्रति सराहनीय गतिविधियों की सराहना की गई।

उसे देखते हुए ही विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय द्वारा सनातन समाज के स्वर्णिम विकास व अखंड भारत एवं हिंदू राष्ट्र निर्माण के लिए भारत सिंह को यह पदभार दिया गया है. साथ ही, उम्मीद जताई गई कि विश्व हिंदू रक्षा परिषद भरत सिंह की अपेक्षा करता है कि राष्ट्र निर्माण के सनातन शिक्षा के अनुरूप सनातन शक्ति को लामबंद करते हुए भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान करते रहेंगे.

# ग्रापए के संस्थापक स्व. बाबू बालेश्वर लाल के पुण्यतिथि मनाई गई

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर /वाराणसी। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्व. बाबू बालेश्वर लाल जी की 39वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार को हरहुआ कोइराजपुर में संस्कार ढाबा पर श्रद्धांजलि एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं पत्रकार बंधुओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके संघर्षमयी जीवन तथा पत्रकारिता जगत में दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि स्व. बालेश्वर लाल जी ने ग्रामीण पत्रकारिता को नई पहचान देने का कार्य किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में, गरीब और आम जनता की आवाज को मजबूती से उठाया तथा पत्रकारों के अधिकार, सम्मान और संगठन की मजबूती के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उनके सिद्धांत और विचार आज भी पत्रकारों को निष्पक्ष, निर्भीक और जनहित की पत्रकारिता के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने और पत्रकारिता के मूल्यों को मजबूत बनाए रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सी बी तिवारी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विकास दत्त मिश्रा,रिंकू पाठक, जिला संगठन मंत्री प्रवीण यादव 'यश', संतोष गुप्ता, आशीष सिंह, जितेंद्र पाण्डेय, विवेकानंद पटेल सहित पिंडरा तहसील इकाई के अन्य पत्रकार साथी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में आये सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों का तहसील अध्यक्ष संजय गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।

# पालीगंज में मनाया गया सैनिक का शहादत दिवस

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बुधवार को जिले के पालीगंज थाना अंतर्गत परियों गांव में शहीद सैनिक रामानुज यादव की चौथी शहादत दिवस मनाया गया।

जानकारी के अनुसार पटना जिले के पालीगंज थाना अंतर्गत परियों गांव निवासी ललन यादव के पुत्र रामानुज यादव भारतीय सेना में 23 सितंबर 2016 को नियुक्त हुए थे। वे नायक के रूप में कार्यरत थे। जिनकी पोस्टिंग वर्ष 2022 में कश्मीर में हुई थी। जहां ड्यूटी पर तैनाती के दौरान उन्होंने 27 मई 2022 को बिरगति को प्राप्त हो गए थे। उस समय रामानुज यादव मात्र 24 वर्ष के थे जिनकी शादी भी नही हुई थी। वही शहीद रामानुज यादव की याद में परियों गांव में उनकी आदमकद प्रतिमा का निर्माण कराई गई है। वही बुधवार को शहादत दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मौके पर लोगो ने उन्हें याद करते हुए आदमकद प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित किया तथा मौन धारण कर श्रद्धांजलि दिया। इस दौरान लोजपा नेता सह एनडीए के पूर्व विधानसभा प्रत्यासी सुनील यादव ने कहा कि ये महान थे जिन्होंने देश के लिए शहीद होकर पालीगंज व पूरे देश के धरती पर स्वर्णिम अक्षरों में अपना नाम आंकित कर अमर हो गए। इसी क्रम में उनकी याद में शहीद रामानुज यादव क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन भी किया गया। जिसका फाइनल मैच पालीगंज व अछुआ टीम के बीच खेला गया। जिसमें अछुआ की टीम जीत हाशिल किया। मौके पर विजेता तथा उप विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सुनील यादव ने सम्मानित किया। मौके पर सुनील यादव, रामजी यादव व हेमंत पटेल सहित भारी संख्या में दर्शक व श्रोता मौजूद रहे।

# आईआईएम शिलांग में चिंतन शिविर-पूर्वोत्तर एवं विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा सम्मेलन का आयोजन

युवा मामलों के विभाग, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, माय भारत के सहयोग से, 29-30 मई, 2026 को दो-दिवसीय "चिंतन शिविर - पूर्वोत्तर" और 28 मई, 2026 को एक दिवसीय "विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा" सम्मेलन का आयोजन भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), शिलांग, मेघालय में करेगा। ये पहल सरकार के व्यापक दृष्टिकोण के अंतर्गत आयोजित की जा रही हैं, जिसका उद्देश्य विकसित, सशक्त और सामाजिक रूप से जिम्मेदार युवा इकोसिस्टम का निर्माण करना है, जो 2047 में विकसित भारत की परिकल्पना के अनुरूप है। इन कार्यक्रमों में युवा मामलों के विभाग, माय भारत, माय भारत-एनएसएस के वरिष्ठ अधिकारी, जिला युवा अधिकारी, क्षेत्रीय निदेशक, शिक्षाविद, विशेषज्ञ, नागरिक समाज संगठन और पूर्वोत्तर क्षेत्र के युवा हितधारक एक साथ आएंगे। विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य युवाओं, विशेष रूप से पूर्वोत्तर भारत में, मादक द्रव्यों के सेवन की बढ़ती समस्या का समाधान करना है। इसके लिए जागरूकता सृजन, सहयोगात्मक कार्रवाई और युवा नेतृत्व वाली सामुदायिक भागीदारी पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। अवधारणा में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भौगोलिक रणनीतिक कमजोरियों और तस्करी मार्गों के कारण पूर्वोत्तर राज्यों में मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकारों का बोझ असमान रूप से अधिक है। इस सम्मेलन का उद्देश्य मादक द्रव्यों के सेवन के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में हितधारकों को जागरूक करना, साक्ष्य-आधारित सर्वोत्तम प्रथाओं और समुदाय-संचालित हस्तक्षेप मॉडलों को प्रदर्शित करना, अंतर-एजेंसी सहयोग को मजबूत करना और युवाओं को नशामुक्त भारत के राजदूत के रूप में संगठित करना है। इस कार्यक्रम में माय भारत पोर्टल और विकसित भारत अभियान के लिए नशा मुक्त युवा पर प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिसके बाद मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम और पुनर्वास मॉडल पर विषयगत सत्र आयोजित किए जाएंगे। युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा निखिल खडसे सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित करेंगी।

# हरिणा मेला को राजकीय दर्जा दिलाने की मांग तेज, पोटका के विकास मुद्दों पर मंत्री से मिले विधायक संजीव सरदार

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**



रांची/जमशेदपुर : पोटका विधानसभा क्षेत्र के विकास और पर्यटन, खेल एवं तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में बुधवार को महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली। संजीव सरदार ने रांची स्थित मंत्री आवास में झारखंड सरकार के पर्यटन, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से मुलाकात कर क्षेत्र से जुड़े कई अहम मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान विधायक ने मुक्तेश्वर धाम हरिणा में आयोजित होने वाले प्रसिद्ध हरिणा मेले को राजकीय मेला घोषित करने की मांग दोहराई और कहा कि इस संबंध में प्रस्ताव पहले ही सरकार को भेजा जा चुका है, जिस पर शीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए।

मुलाकात के दौरान विधायक ने मंत्री को बताया कि मुक्तेश्वर धाम हरिणा में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला हरिणा मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा की सांस्कृतिक आस्था का बड़ा केंद्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष लाखों श्रद्धालु चार दिनों तक चलने वाले इस मेले में शामिल होने पहुंचते हैं। श्रद्धालु मंदिर में पूजा-अर्चना करने के साथ-साथ मेले की सांस्कृतिक और पारंपरिक गतिविधियों का आनंद लेते हैं। ऐसे में इस मेले को राजकीय दर्जा मिलने से क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विकास होगा और पर्यटन को भी नई पहचान मिलेगी।

विधायक संजीव सरदार ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार राज्य की संस्कृति, परंपरा और धार्मिक स्थलों के संरक्षण की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार हरिणा मेले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को देखते हुए इसे जल्द राजकीय मेला घोषित करेगी।

मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने भी इस मांग को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पहल का आश्वासन दिया। बताया गया कि मंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए हैं ताकि प्रस्ताव पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई हो सके।

बैठक में पोटका क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विस्तार का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। विधायक ने कहा कि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है, लेकिन संसाधनों और बेहतर खेल मैदानों के अभाव में उन्हें आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिल पाता। उन्होंने पोटका विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्टेडियमों के निर्माण की मांग करते हुए कहा कि यदि युवाओं को बेहतर खेल संरचना उपलब्ध कराई जाए तो क्षेत्र के खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

संजीव सरदार ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं को अनुशासन, स्वास्थ्य और सकारात्मक दिशा देने का महत्वपूर्ण जरिया भी है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए आधुनिक सुविधाओं वाले स्टेडियम और प्रशिक्षण केंद्र विकसित किए जाएं। मंत्री ने इस मांग पर भी सकारात्मक रुख दिखाते हुए कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

इसके अलावा विधायक ने पोटका क्षेत्र में प्रस्तावित राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान की स्थापना का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा आज समय की सबसे बड़ी जरूरत बन चुकी है और ग्रामीण तथा सीमावर्ती क्षेत्रों के युवाओं को रोजगारोन्मुख शिक्षा से जोड़ना बेहद आवश्यक है। यदि पोटका में पॉलीटेक्निक संस्थान स्थापित होता है तो स्थानीय युवाओं को तकनीकी शिक्षा के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा और उन्हें अपने क्षेत्र में ही बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे।

विधायक ने कहा कि सरकार की सोच केवल सड़क और भवन निर्माण तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि युवाओं को शिक्षा, रोजगार, खेल और पर्यटन से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना भी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि मंत्री स्तर पर हुई इस सकारात्मक चर्चा के बाद पोटका क्षेत्र को जल्द विकास की नई सौगात मिलेगी।

मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने विधायक को आश्वस्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए गंभीरता से काम कर रही है। विशेष रूप से खेल, पर्यटन और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में कई योजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पोटका क्षेत्र से जुड़े सभी प्रस्तावों पर जल्द सकारात्मक निर्णय लेने का प्रयास किया जाएगा।

# घाटशिला स्टेशन के विकास कार्यो का महाप्रबंधक ने लिया जायजा, सांसद विद्युत वरण महतो संग हुई अहम बैठक

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**



जमशेदपुर/घाटशिला : दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन ने मंगलवार को खड़गपुर स्टेशन से घाटशिला स्टेशन तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण कर रेलवे संरचना, परिचालन व्यवस्था और क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेल पथ, सिग्नल प्रणाली, यात्री सुविधाओं तथा विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस निरीक्षण यात्रा में खड़गपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ललित मोहन पांडेय समेत दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय और मंडल के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने महाप्रबंधक को विभिन्न विकास परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, कार्य प्रगति और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान रेलवे ट्रैक की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और परिचालन व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया।

घाटशिला पहुंचने के बाद महाप्रबंधक ने अमृत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन परिसर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्लेटफॉर्म उन्नयन, स्टेशन सौंदर्यीकरण, यात्री प्रतीक्षालय, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल सुविधा, प्रकाश व्यवस्था तथा आधुनिक यात्री सुविधाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं ताकि यात्रियों को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

महाप्रबंधक ने कहा कि अमृत स्टेशन योजना के माध्यम से रेलवे स्टेशनों को आधुनिक स्वरूप देने का कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि रेलवे यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा दक्षिण पूर्व रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके तहत स्टेशन परिसरों में आधारभूत संरचना को मजबूत करने और तकनीकी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

इसके बाद घाटशिला में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में दक्षिण पूर्व रेलवे के अपर महाप्रबंधक सौमित्र मजूमदार, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक नवीन कुमार चंद्र, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ओम प्रकाश चरण, डीआरएम खड़गपुर ललित मोहन पांडेय तथा डीआरएम चक्रधरपुर तरुण हुरिया सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में क्षेत्र की विभिन्न रेल परियोजनाओं, यात्री सुविधाओं, ट्रेनों के परिचालन, स्टेशन विकास और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सांसद विद्युत वरण महतो ने यात्रियों की सुविधा बढ़ाने, ट्रेनों की समयबद्धता में सुधार, स्टेशन परिसरों में बेहतर व्यवस्था और क्षेत्रीय जरूरतों के अनुरूप नई सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

सांसद ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम और आसपास के क्षेत्रों में रेल यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में रेलवे को यात्री सुविधाओं के विस्तार और अधोसंरचना विकास पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने, ट्रेनों की संख्या बढ़ाने और यात्रियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रभावी पहल करने का आग्रह किया।

महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन ने बैठक में कहा कि दक्षिण पूर्व रेलवे यात्रियों को सुरक्षित, आधुनिक और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि अमृत स्टेशन योजना के तहत कई महत्वपूर्ण स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है और भविष्य में भी यात्री सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी जाएगी।

बैठक के बाद महाप्रबंधक और सांसद ने संयुक्त रूप से प्रेस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा क्षेत्र में चलाए जा रहे विकास कार्यों, आधारभूत संरचना के आधुनिकीकरण और यात्री सेवाओं में सुधार को लेकर जानकारी साझा की। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि रेलवे विकास योजनाओं को तेजी से पूरा कर क्षेत्र के यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# पटना के नाला रोड में संदिग्ध हालत में युवक की मौत, दो मंजिला मकान से गिरकर गई जान

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ राजधानी पटना के व्यस्त नाला रोड स्थित कदमकुआं थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। संदिग्ध परिस्थितियों में एक दो मंजिला मकान के अंदर घुसे युवक के अचानक नीचे गिरने से मौके पर ही उसकी जान चली गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक सुबह के समय भागते हुए गली से नाला रोड पहुंचा था। इस दौरान एक मकान का दरवाजा खुला था, जिसमें वह अचानक घुस गया और तेजी से दूसरी मंजिल पर पहुंच गया। वहां रेलिंग के पास पहुंचते ही उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर पड़ा। गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग बाहर निकले, तो युवक को खून से लथपथ अचेत अवस्था में पाया। सूचना मिलते ही कदमकुआं थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक युवक ने शर्ट नहीं पहनी थी और उसकी पहचान अब तक नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों में चर्चा है कि युवक चोरी की नीयत से घर में घुसा था, लेकिन पुलिस अभी किसी भी संभावना से इनकार नहीं कर रही है। पुलिस का कहना है कि यह हादसा है या इसके पीछे कोई और कारण, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया, जिसने रेलिंग और सीढ़ियों की बारीकी से जांच की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है ताकि युवक के वहां पहुंचने की दिशा और पूरी घटना की कड़ी को जोड़ा जा सके। मकान मालिक और स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है और निवासियों ने गश्त बढ़ाने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और सीसीटीवी फुटेज से मामले का खुलासा जल्द कर दिया जाएगा।

# फांसी लगा कर अधेड ने की आत्महत्या

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। कपसेठी थाना क्षेत्र के गजापुर बनकट गांव में एक अधेड़ व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जानकारी के अनुसार, गजापुर बनकट निवासी सुनील कुमार सिंह (48) मंगलवार रात भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने गए थे। बुधवार सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों को संदेह हुआ। उन्होंने अंदर झांककर देखा तो सुनील फांसी के फंदे से लटके हुए मिले।इसके बाद परिजनों ने बुधवार को दरवाजा तोड़कर उन्हें नीचे उतारा और तुरंत एक निजी अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना पर थाना प्रभारी विकास कुमार मौर्य पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार, इस मामले में किसी प्रकार का आरोप-प्रत्यारोप नहीं है। फिलहाल, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# पटना के गौरीचक पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## विशेष छापेमारी में तीन वारंटी गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गौरीचक थाना पुलिस ने अपराध नियंत्रण और फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता



हासिल की है। पुलिस ने छापेमारी कर तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है।थाना अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि लंबे समय से फरार वारंटी अपने गांव में मौजूद हैं। इसी आधार पर गठित पुलिस टीम ने तारणपुर गांव में विशेष छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों की पहचान मनोज सिंह पिता हीरा सिंह, आशीष सिंह पिता हीरा सिंह व भुटाली कुमार पिता शांतिभूषण सिंह के रूप में हुई है। सभी ग्राम तारणपुर, थाना गौरीचक, जिला पटना के निवासी है। पुलिस के अनुसार, इन तीनों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय द्वारा पूर्व से वारंट निर्गत था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस सभी को थाना लेकर आई, जहाँ उनसे आवश्यक पूछताछ की गई। थाना अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि फरार अभियुक्तों और वारंटियों के खिलाफ पुलिस का यह विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। क्षेत्र में पुलिस की इस कार्रवाई से वारंटियों में हड़कंप मचा है।

# पटना पुलिस ने 24 घंटे में 5 अपहृत बच्चे को किया सकुशल बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ पटना पुलिस ने मानव तस्करी और अपहरण के मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए पिछले 24 घंटों के भीतर 5 अपहृत एवं गुमशुदा बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से अपहृत बच्चों के परिजनों ने राहत की सांस ली है। नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) कार्यालय द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार, यह सफलता पश्चिमी क्षेत्र के विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत मिली है। पुलिस के अनुसार, बरामद किए गए बच्चों के मामले अलग-अलग थानों में दर्ज थे। फुलवारी शरीफ थाना कांड संख्या 876/26 (दिनांक 21 मई 2026) के तहत अपहृता को बरामद किया गया। वही बिहटा थाना कांड संख्या 232/26 (दिनांक 9 मार्च 2026) के तहत अपहृता को बरामद कर न्यायालय भेजा गया। जबकि दानापुर थाना कांड संख्या 554/26 (दिनांक 21 मई 2026) की अपहृता को सुरक्षित बरामद किया गया। वही बेउर थाने से दो मामलों में बरामदगी हुई है। जिसमे कांड संख्या 171/26 (दिनांक 27 मार्च 2026) और कांड संख्या 306/26 (दिनांक 23 मई 2026) के तहत अपहृताओं को सकुशल खोज निकाला गया। इन सभी मामलों में भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज थी। बरामदगी के उपरांत पुलिस ने सभी बच्चों को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए अग्रिम कानूनी कार्रवाई हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) ने बताया कि जिले में अपहरण एवं गुमशुदगी के मामलों को पुलिस प्रशासन अत्यंत गंभीरता से ले रहा है। इन मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस का मुख्य उद्देश्य न केवल बच्चों को सकुशल बरामद करना है, बल्कि अपहरण में शामिल अपराधियों की पहचान कर उन्हें कड़ी सजा दिलाना भी है। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस की टीमें लगातार निगरानी रख रही हैं और सूचना मिलते ही बिना किसी देरी के कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इस सफल ऑपरेशन के बाद पुलिस ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना को दें।

# ट्रेन में भारी मात्रा में कफ सिरप बरामद, एक गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

27 मई। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) एवं सीआईबी की संयुक्त टीम ने मंगलवार देर रात ट्रेन संख्या 14620 अप में अभियान चलाकर भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया। यह कार्रवाई कटिहार (KIR) से किशनगंज (KNE) रेलखंड के बीच की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर सीआईबी/कटिहार टीम ने डॉग स्क्वॉड के सहयोग से ट्रेन के कोच संख्या ठफ-191093/C (ए-1) में सघन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान कोच अटेंडेंट के लॉकर बॉक्स से सात बैग में रखी 652 बोतल एस्कफ कफ सिरप (प्रत्येक 100 एमएल) बरामद की गई।



मामले में कोच अटेंडेंट मेहर सिंह (22 वर्ष), पिता स्वर्गीय बलवीर सिंह, निवासी शाहदीनवाला, थाना सदर, जिला फिरोजपुर (पंजाब) को गिरफ्तार किया गया। वह लखनऊ स्थित प्राइमरी क्लीनिंग सर्विस फर्म के अधीन कार्यरत बताया गया है।

बरामद कफ सिरप एवं आरोपी को किशनगंज स्टेशन पर उतारकर आगे की कार्रवाई की गई। इस दौरान आरपीएफ डॉग स्क्वॉड के कांस्टेबल रोहित एवं सीआईबी/कटिहार के कांस्टेबल संदीप मलिक गवाह के रूप में मौजूद रहे। इसके बाद जब्त कफ सिरप को उत्पाद विभाग, किशनगंज के इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी संगन कुमार विद्यार्थी ने विधिसम्मत तरीके से अपने कब्जे में लिया। बरामद कफ सिरप की अनुमानित कीमत 1 लाख 29 हजार 96 रुपये आंकी गई है। इस संबंध में उत्पाद थाना किशनगंज में कांड संख्या 589/2026, दिनांक 27 मई 2026 के तहत बिहार उत्पाद एवं मद्य निषेध अधिनियम, 2016 की धारा 30(ए), 30(एफ) एवं 34(बी) के अंतर्गत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बिजली विभाग की लापरवाही से त्रस्त गोविंदपुर के ग्रामीण, घंटों अंधेरे में रहने को मजबूर

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



ठाकुरगंज प्रखंड के रसिया पंचायत अंतर्गत गोविंदपुर गांव वार्ड संख्या-11 में बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। गांव में बार-बार बिजली खराब होने के बावजूद विभागीय कर्मी समय पर नहीं पहुंचते, जिससे सैकड़ों परिवार घंटों अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत करने के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारी एवं कर्मी मामले को गंभीरता से नहीं लेते। कई बार फोन करने के बावजूद जब कोई कर्मचारी नहीं पहुंचता, तब मजबूर होकर गांव के लोग निजी मिस्त्री बुलाकर बिजली ठीक कराते हैं। इसके लिए ग्रामीणों को आपस में चंदा जुटाकर भुगतान करना पड़ता है।

ग्रामीणों ने कहा कि वे नियमित रूप से बिजली बिल जमा करते हैं, इसके बावजूद उन्हें बुनियादी सुविधा के लिए परेशान होना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि एक-दो घंटे की देरी समझी जा सकती है, लेकिन तीन से छह घंटे तक बिजली बाधित रहने के बाद भी विभाग की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की जाती, जो विभागीय लापरवाही को उजागर करता है।

गोविंदपुर गांव में आदिवासी, सहनी समेत अन्य गरीब परिवार बड़ी संख्या में निवास करते हैं। लगातार बिजली संकट के कारण बच्चों की पढ़ाई, घरेलू कार्य एवं दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

वहीं, बिजली समस्या को लेकर गोपाल उरांव, नेपाल उरांव, हानू उरांव, बांका उरांव, दयालाल सहनी, दिनेश लाल सहनी, तनय कुमार दास, संता साहनी सहित समस्त गोविंदपुर वासियों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है।

# पटना के मसौढ़ी में पुलिस-एसटीएफ और अपराधियों के बीच मुठभेड़, दो कुख्यात गिरफ्तार, एक घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार में अपराध और अपराधियों के खिलाफ जारी 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के तहत पटना पुलिस और एसटीएफ (रळऋ) को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। बुधवार अलसुबह मसौढ़ी के चर्मा ग्रामीण सड़क पर पुलिस और कुख्यात अपराधियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस दौरान जवाबी कार्रवाई में एक अपराधी के पैर में गोली लगी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एसटीएफ और मसौढ़ी थाना पुलिस की संयुक्त टीम को किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे अपराधियों की गुप्त सूचना मिली थी। भोर में करीब 4:20 बजे जब पुलिस टीम छापेमारी के लिए निकल रही थी, तभी चर्मा ग्रामीण सड़क पर अपराधियों से उनका आमना-सामना हो गया। पुलिस को देखते ही अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। अपराधियों द्वारा चलाई गई एक गोली पुलिस की गाड़ी को छूकर निकल गई, जिससे पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए।आत्मरक्षार्थ और अपराधियों को रोकने के लिए पुलिस ने मोर्चा संभाला और दो राउंड जवाबी फायरिंग की। पुलिस की सटीक कार्रवाई में बाइक पर पीछे बैठे कुख्यात अशोक पासवान उर्फ बादल पासवान (45 वर्ष), निवासी मनेर, के पैर में गोली लगी और वह मौके पर ही गिर पड़ा। वहीं, बाइक चला रहे दूसरे कुख्यात अजय यादव (47 वर्ष) को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। घायल अशोक पासवान को पुलिस ने तत्काल इलाज के लिए स्थानीय अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया है, जहाँ उसका उपचार चल रहा है। तलाशी के दौरान पुलिस ने अपराधियों के पास से एक अवैध रिवॉल्वर, दो जिंदा कारतूस और दो खोखे बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, ये अपराधी किसी बड़ी आपराधिक वारदात की तैयारी में थे। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि राज्य में अपराध पर नकेल कसने के लिए सरकार के निर्देशों के अनुरूप अभियान जारी रहेगा। फिलहाल, पुलिस अब गिरफ्तार अपराधियों के आपराधिक इतिहास और उनके नेटवर्क को खंगालने में जुटी है ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुँचा जा सके। इस कार्रवाई से इलाके में अपराधियों के बीच हड़कंप मच गया है।

# पटना के खिरिमोड व पियरपुरा में शांतिपूर्ण बकरीद के लिए प्रशासन अलर्ट शांति समिति की बैठक में बनी रणनीति

**समाज जागरण**



पटना/ आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) के त्यौहार को क्षेत्र में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से खिरिमोड थाने व पियरपुरा थाने में बुधवार को एक महत्वपूर्ण शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार व रंजन कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जन प्रतिनिधियों और स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों ने हिस्सा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने कहा कि प्रशासन त्यौहार के दौरान विधि-व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं फैलाने वालों के प्रति सावधान रहें। वही थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने स्पष्ट किया कि शांति भंग करने वाले तत्वों पर प्रशासन पैनी नजर रखेगा और उनसे सख्ती से निपटा जाएगा।बैठक के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ अन्य आवश्यक सेवाओं पर भी चर्चा की गई। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने पुलिस अधिकारियों को संवेदनशील इलाकों में पुलिस बलों की तैनाती बढ़ाने और नियमित गश्त सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। शांति समिति के सदस्यों ने प्रशासन को पर्व के दौरान पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। स्थानीय नागरिकों ने भी आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने का संकल्प लिया। प्रशासन ने विश्वास जताया है कि सभी के सहयोग से खिरिमोड व पियरपुरा थाना क्षेत्र में बकरीद का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होगा। बैठक में पत्रकार वेद प्रकाश, कृपा सिंह, कृष्णा नन्द प्रसाद, राजकुमार कुशवाहा, मो. सलाउद्दीन, बुंदेला यादव, मो. परवेज, नागेंद्र कुमार, रामकिशुन दास, मो. मंसूर अंसारी, ओमप्रकाश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बिहार में भ्रष्टाचार पर बड़ा प्रहार, ठेकेदार रिशु श्री और बीडीओ के ठिकानों पर छापेमारी, हड़कंप

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार में सरकारी निविदाओं में हेराफेरी और आय से अधिक संपत्ति के मामले में राज्य की जांच एजेंसियों ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। विशेष निगरानी इकाई (SVU) और आर्थिक अपराध इकाई (EOU) ने एक साथ कई जिलों में छापेमारी कर प्रशासनिक और ठेकेदारी गलियारों में खलबली मचा दी है। विशेष निगरानी इकाई ने चर्चित ठेकेदार रिशु श्री से जुड़े पटना के मीठापुर स्थित आवास समेत कई ठिकानों पर सुबह से देर शाम तक दबिश दी। रिशु श्री पर आरोप है कि उन्होंने सरकारी टेंडर हासिल करने के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) के अधिकारियों को अनुचित लाभ पहुँचाया। प्रवर्तन निदेशालय (ED) की रिपोर्ट के अनुसार, रिशु श्री ने दो वरिष्ठ कअर अधिकारियों और उनके परिवारों की यूरोप व ऑस्ट्रेलिया की विदेश यात्राओं का पूरा खर्च उठाया था। इतना ही नहीं, एक वरिष्ठ महिला अधिकारी के घर की छत पर महंगी बागवानी (नौ लाख रुपये) का खर्च भी उनके द्वारा वहन करने का खुलासा हुआ है। रिशु श्री पहले से ही मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एऊ की जांच का सामना कर रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर आर्थिक अपराध इकाई (EOU) ने दरभंगा के केवटी प्रखंड विकास पदाधिकारी (BDO) चंद्र मोहन पासवान के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। एडव की टीमों ने एक साथ दरभंगा, मधुबनी और सीतामढ़ी स्थित उनके छह ठिकानों पर छापेमारी की। टीम ने उनके कार्यालय, सरकारी आवास और पैतृक घरों की सघन तलाशी ली, जिसमें जमीन के दस्तावेजों और बैंक खातों से जुड़े कई अहम सबूत हाथ लगे हैं। राज्य में एक साथ दो बड़े मामलों में हुई इस कार्रवाई को सरकार के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान से जोड़कर देखा जा रहा है। जांच एजेंसियों का मानना है कि इन छापेमारी से प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में कई बड़े नाम सामने आ सकते हैं। अधिकारियों का कहना है कि भ्रष्टाचार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल, जब्त दस्तावेजों और डिजिटल उपकरणों की फॉरेंसिक जांच की जा रही है, जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज करने और गिरफ्तारियों का दौर शुरू हो सकता है। इस कार्रवाई से पूरे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

# बिहार में एक जून से ऑटो और बस का सफर होगा महंगा, 20% तक बढ़ सकता है किराया

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ आम लोगों की जेब पर महंगाई का एक और बड़ा बोझ पड़ने वाला है। राज्य में पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों का हवाला देते हुए ऑटो और निजी बस संचालकों ने एक जून से किराया बढ़ाने की तैयारी कर ली है। परिवहन संगठनों का कहना है कि बढ़ते परिचालन खर्च के कारण पुराने किराए पर वाहन चलाना अब संभव नहीं रह गया है।

राजधानी पटना के प्रमुख मार्गों—गांधी मैदान से जंक्शन, शेखपुरा मोड़, सगुना मोड़ और आशियाना-दीघा रूट पर ऑटो चालकों ने पहले ही यात्रियों से अपनी मर्जी से पांच रुपये तक अधिक किराया वसूलना शुरू कर दिया है। विरोध करने पर यात्रियों को अक्सर ऑटो से उतार देने या बैठाने से मना करने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन ने बिना अनुमति किराया वृद्धि को गैरकानूनी बताया है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका असर न के बराबर है। ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्क्स फेडरेशन के महासचिव राजकुमार झा ने बताया कि ऑटो यूनियनों की बैठक में नई दरों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं, निजी बस संचालक भी 31 मई को रामाचक बैरिया बस स्टैंड में बैठक करेंगे। बस संचालकों का कहना है कि पटना से किशनगंज, सुपौल और अररिया जैसे लंबी दूरी के रूटों पर पहले ही किराया बढ़ाया जा चुका है। अनुमान है कि एक जून से राज्यभर में सार्वजनिक परिवहन के किराए में 15 से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है। इस प्रस्तावित बढ़ोतरी का सीधा असर रोजाना सफर करने वाले नौकरीपेशा लोगों, छात्रों और छोटे कारोबारियों पर पड़ेगा। महंगाई के दौर में यात्रा खर्च बढ़ने से आम जनता के मासिक बजट पर गहरा असर पड़ेगा। एक तरफ परिवहन संगठन घाटे का हवाला देकर किराया बढ़ाने पर अड़े हैं, वहीं प्रशासन ने नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। फिलहाल, यात्रियों की नजरें 31 मई और एक जून को होने वाली बैठकों के नतीजों पर टिकी हैं।

# पटना के होटल में छात्रा के साथ छेड़खानी मामले में होटल सील, तीन गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना के रूपसपुर थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में पॉलिटेक्निक की छात्रा के साथ हुई छेड़खानी की घटना ने शहर में हड़कंप मचा दिया है। छात्रा अपने पिता के साथ होटल में रुकी थी, तभी होटल के एक कर्मचारी ने कमरे में घुसकर उसके साथ अभद्रता और छेड़खानी की कोशिश की। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता के पिता की शिकायत पर रूपसपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी सत्येंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही, होटल 'हिडेन विला' में भारी लापरवाही और संदिग्ध गतिविधियों के आरोप में होटल प्रबंधक रोहित कुमार और रिसेप्शनिस्ट काजू कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रशासन ने पूरे होटल को सील कर दिया है। इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह सख्त हो गया है। गया और पटना पुलिस ने संयुक्त रूप से शहर के कई होटलों में विशेष छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान होटल परिसर से पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और हरियाणा की युवतियां भी बरामद की गई हैं, जिससे इस पूरे मामले के पीछे एक बड़े अनैतिक देह व्यापार नेटवर्क के संचालन की आशंका गहरा गई है। पुलिस अब होटल के दस्तावेजों, आगंतुक रजिस्टर और सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच कर रही है।राजधानी के बीचोंबीच हुई इस घटना ने महिला सुरक्षा और होटल संचालन के नियमों पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। छात्र और सामाजिक संगठनों ने कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच हर पहलू पर की जा रही है और यदि इसमें किसी बड़े गिरोह की संलिप्तता पाई जाती है, तो उनके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने अब राज्यभर के होटलों में सघन सत्यापन अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

# नेहरू पुण्यतिथि श्रद्धांजलि समारोह में दिग्गजों की गैरमौजूदगी ने बढ़ाई सियासी सरगर्मी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर राजधानी में आयोजित राजकीय श्रद्धांजलि समारोह इस बार श्रद्धा के भाव से अधिक राजनीतिक चचाओं और कयासों के केंद्र में रहा। आयोजन में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और राज्यपाल की अनुपस्थिति ने बिहार की राजनीति में नई बहस को जन्म दे दिया है। राजनीतिक गलियारों में इसे महज प्रशासनिक व्यस्तता न मानकर बड़े राजनीतिक संकेतों के रूप में देखा जा रहा है। समारोह में औपचारिक पुष्पांजलि का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, कैबिनेट मंत्री श्रवण कुमार, शीला मंडल, संजय पासवान और विधायक शायक रजक मौजूद रहे। इन नेताओं ने आधुनिक भारत के निर्माण में पंडित नेहरू के योगदान को नमन किया। हालांकि, आयोजन का मुख्य आकर्षण मंच पर मौजूद नेताओं से कहीं अधिक उन चेहरों की 'अनुपस्थिति' रही, जो अमूमन ऐसे कार्यक्रमों की शोभा बढ़ाते हैं।मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का इस महत्वपूर्ण राजकीय कार्यक्रम से दूर रहना राजनीतिक विश्लेषकों के लिए चर्चा का मुख्य विषय बना हुआ है। जानकारों के अनुसार, मुख्यमंत्री की लगातार अन्य आयोजनों में सक्रिय उपस्थिति को देखते हुए इस बार की दूरी को सामान्य नहीं माना जा रहा है। वहीं, राज्यपाल की अनुपस्थिति ने भी अटकलों को और तेज कर दिया है। हालांकि, आधिकारिक स्तर पर अभी तक इस विषय में कोई स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है।बिहार की सियासत में प्रतीकों और संकेतों का अपना विशेष महत्व है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि ऐसे कार्यक्रमों में शीर्ष नेतृत्व की गैरमौजूदगी अक्सर बदले हुए राजनीतिक समीकरणों और रणनीतिक दूरी का इशारा करती है। विपक्षी दल भी इस पूरे घटनाक्रम पर पैनी नजर रखे हुए हैं। फिलहाल, यह कार्यक्रम अपनी गरिमा से ज्यादा 'अनुपस्थिति की राजनीति' के कारण सुर्खियों में है। आने वाले दिनों में शीर्ष नेताओं की चुप्पी टूटने या इस घटना के बाद की प्रतिक्रियाओं से ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी, लेकिन फिलहाल यह मुद्दा बिहार के राजनीतिक हलकों में चचाओं के केंद्र में बना हुआ है।

# औरंगाबाद: 6 थानों में नए थानाध्यक्ष, नबीनगर के संजय कुमार को पौथू थाने की कमान


**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) जिले में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बड़े पैमाने पर फेरबदल किया है। एसपी ने जिले के 6 थानों में नए थानाध्यक्षों की तैनाती की है। इस संबंध में बुधवार को आदेश जारी कर दिया गया।जारी आदेश के अनुसार नबीनगर थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार को पौथू थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। संजय कुमार तेज-तर्रार और अनुभवी पदाधिकारी माने जाते हैं। नबीनगर में कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई अहम मामलों का खुलासा किया था।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह फेरबदल प्रशासनिक दृष्टिकोण से किया गया है। जिले में अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था संधारण और आम लोगों को बेहतर पुलिसिंग सुविधा देने के लिए समय-समय पर ऐसे बदलाव किए जाते हैं। सभी नए थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्र में लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन और अपराधियों पर नकेल कसने का निर्देश दिया गया है।नए थानाध्यक्षों के पदभार ग्रहण करने के बाद संबंधित थानों में कार्यशैली में बदलाव देखने को मिल सकता है। एसपी ने उम्मीद जताई कि नए पदाधिकारी जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।



# गजेन्द्रेश्वरी देवी मंदिर: आस्था और लोकमान्यताओं का 300 साल पुराना केंद्र

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार)नबीनगर प्रखंड के कांडी गांव में रामरेखा नदी के तट पर स्थित प्राचीन मां गजेन्द्रेश्वरी देवी मंदिर क्षेत्र के लोगों की आस्था का बड़ा केंद्र है। नवीनगर शहर से करीब 6 किमी दूर स्थित इस मंदिर से जुड़ी कई लोकमान्यताएं और ऐतिहासिक किस्से प्रचलित हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि सैकड़ों वर्ष पूर्व ग्रामीणों के सहयोग से इस मंदिर की स्थापना हुई थी।स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि वर्तमान नवीनगर क्षेत्र का प्राचीन नाम ह्लचनकप गढ़ह्व था, जहां पहले महास्थान समाज के लोग रहते थे। मान्यता है कि वर्षों पूर्व एक परिवार जंगल में सुरक्षित और ऊंचे स्थान की तलाश में कांडी गांव के टीला नुमा स्थल पर पहुंचा। वहां भगवान गणेश का स्मरण कर कंडी गाड़कर बस गया। धीरे-धीरे यह जगह गणेश कंडी कहलाई, जो बाद में कांडी गांव बना।गांव बसने के बाद लोगों को कुल देवता की पूजा के लिए बार-बार चनकप गढ़ जाना पड़ता था। इस परेशानी को दूर करने के लिए वहां स्थित प्राचीन सोखा बाबा मंदिर परिसर की मिट्टी लाकर कांडी में प्रतिमा स्थापित की गई। उसी दौरान कुछ दूरी पर देवी पिंडी की स्थापना हुई, जो आगे चलकर मां गजेन्द्रेश्वरी देवी मंदिर के रूप में प्रसिद्ध हुई।ग्रामीणों में मान्यता है कि एक बार रामरेखा नदी में भीषण बाढ़ आई और पूरा गांव डूबने की कगार पर पहुंच गया था। संकट में लोगों ने देवी मां से रक्षा की गुहार लगाई, जिसके बाद बाढ़ का पानी थम गया। तभी से माता को ग्राम देवी के रूप में पूजा जाने लगा। मंदिर परिसर में स्थित विशाल पीपल वृक्ष को लोग लगभग 300 वर्ष पुराना मानते हैं। कहा जाता है कि सोखा बाबा की स्थापना के कई दशक बाद यह वृक्ष लगाया गया था। आज भी यह वृक्ष मंदिर की प्राचीनता का प्रतीक बना हुआ है।पुराना मंदिर जर्जर हो जाने के बाद विक्रम संवत 2060 एवं शक संवत 1945, आषाढ़ कृष्ण नवमी, सोमवार 12 जून 2023 को इसका पुनर्स्थापन कराया गया।वर्तमान में यह मंदिर मां गजेन्द्रेश्वरी देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। यहां हर साल स्थापना दिवस पर भव्य श्रृंगार और पूजा का आयोजन होता है।

# बिहार मतदाता सूची विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने एसएआर को दी हरी झंडी, आयोग को बड़ी राहत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार विधानसभा चुनाव से पूर्व राज्य में मतदाता सूची के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (SIR) को लेकर चल रहे कानूनी विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग की इस प्रक्रिया को पूर्णतः संवैधानिक, वैध और निष्पक्ष चुनाव के लिए आवश्यक करार दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने उन सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें इस प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाए गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग एक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था है और मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाए रखना उसकी वैधानिक जिम्मेदारी है। अदालत ने टिप्पणी की कि एसआईआर प्रक्रिया का उद्देश्य लोकतंत्र की मूल भावना को मजबूत करना है, न कि किसी के लोकतांत्रिक अधिकार को बाधित करना। कोर्ट ने इसे जनप्रतिनिधित्व कानून के अनुरूप बताते हुए कहा कि फर्जी, दोहरी प्रविष्टि और स्थानांतरित मतदाताओं को हटाना चुनाव की विश्वसनीयता के लिए अनिवार्य है। दस्तावेजों के सत्यापन पर अदालत ने महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि आधार कार्ड नागरिकता का नहीं, बल्कि केवल पहचान का प्रमाण है, जिसे मतदाता सत्यापन में स्वीकार किया जा सकता है। जिन लोगों के नाम सूची से हटाए गए हैं, उनके लिए कोर्ट ने राहत देते हुए निर्देश दिए कि ऐसे मामलों को चार सप्ताह के भीतर सक्षम प्राधिकारी के पास भेजा जाए। प्रभावित व्यक्तियों को सुनवाई का पूरा अवसर मिलना चाहिए और यदि वे नागरिकता साबित करते हैं, तो उनके नाम पुनः सूची में जोड़े जाएं। निर्वाचन आयोग द्वारा 1 अक्टूबर 2025 को जारी अंतिम सूची के अनुसार, राज्य में मतदाताओं की संख्या घटकर 7.42 करोड़ रह गई है। इस प्रक्रिया में 69.29 लाख नाम हटाए गए, जबकि 21.53 लाख नए मतदाता जुड़े। आयोग के अनुसार, हटाए गए नामों में मुख्य रूप से मृत, स्थानांतरित और दोहरे नाम शामिल थे। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से निर्वाचन आयोग को बड़ी राहत मिली है, लेकिन बिहार की राजनीति में इस पर बहस और तेज होने के आसार हैं। विपक्षी दल पहले से ही इसे वोटिंग अधिकारों से वंचित करने की साजिश करार देते रहे हैं। अब देखना यह है कि चुनाव से ठीक पहले जारी इस नई मतदाता सूची का आगामी विधानसभा चुनाव पर क्या प्रभाव पड़ता है। राजनीतिक दलों की नजरें अब इस सूची के चुनावी गणित पर टिकी हैं।

# पटना की मारूफगंज मंडी में भीषण आग

## लाखों का सामान राख, दहशत का माहौल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना के सबसे व्यस्त और घनी आबादी वाले व्यापारिक केंद्र, मारूफगंज मंडी में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पूजा सामग्री और कपूर की एक दुकान में भीषण आग लग गई। दुकान में ज्वलनशील पदार्थ अधिक होने के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई। प्राथमिक जांच के अनुसार, आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दुकान के भीतर पहले हल्की चिंगारी देखी गई, लेकिन देखते ही देखते आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। दुकान में कपूर, धूपबत्ती, तेल और रुई जैसे अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ भरे थे, जिसके कारण आग तेजी से फैल गई और आसमान में काले धुएं का गुबार छा गया। भीषण आग की सूचना मिलते ही मालसलामी थाना पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। आग इतनी भयावह थी कि दमकल की चार गाड़ियों को घंटों मशक्कत करनी पड़ी।

# नबीनगर: हीट वेव से निपटने को तैयार रेफरल अस्पताल,दवा पर्याप्त पर डॉक्टरों का टोटा

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**




नबीनगर (बिहार)भीषण गर्मी और हीट वेव के खतरे को देखते हुए नबीनगर रेफरल अस्पताल को अलर्ट मोड पर रखा गया है। अस्पताल प्रबंधन ने हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए वातानुकूलित कक्ष में 10 बेड सुरक्षित कर दिए हैं। साथ ही पर्याप्त मात्रा में जीवनरक्षक दवाओं का भंडार भी उपलब्ध है।अस्पताल प्रबंधक संतोष कुमार ने बताया कि सरकार के निर्देश पर हीट वेव से निपटने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए अलग से 10 बेड का वातानुकूलित वार्ड बनाया गया है। ओआरएस, आईवी फ्लूड, जरूरी इंजेक्शन और अन्य दवाएं पर्याप्त मात्रा में स्टॉक में हैं। 24 घंटे इमरजेंसी सेवा चालू रखने का निर्देश कर्मियों को दिया गया है। इस बीच रेफरल अस्पताल में चिकित्सकों की भारी कमी चिंता का विषय है। पूरे रेफरल अस्पताल में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सहित मात्र दो एमबीबीएस डॉक्टर पदस्थापित हैं। अस्पताल में एक भी महिला चिकित्सक नहीं है। ऐसे में महिला मरीजों को इलाज में परेशानी हो सकती है। डॉक्टरों की कमी के कारण फिलहाल अस्पताल की ओपीडी और इमरजेंसी सेवा आयुष चिकित्सकों के भरोसे चल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी में डायरिया, उल्टी-दस्त और हीट स्ट्रोक के मरीज बढ़ते हैं। ऐसे में विशेषज्ञ डॉक्टरों की जरूरत है। अस्पताल प्रभारी ने बताया कि डॉक्टरों की कमी को लेकर वरीय पदाधिकारियों को पत्र भेजा गया है। फिलहाल उपलब्ध संसाधनों से ही हीट वेव सहित अन्य बीमारियों से निपटने की पूरी कोशिश की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि दोपहर में घर से बाहर न निकलें, ज्यादा पानी पिएं और लू से बचाव करें।